संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शनिवार, 11 मार्च 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 68 पृष्ठ: 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com **हरियाणा संस्करण** दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



हरियाणा के सीएम मनोहर लाल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में करनाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में महिलाओं को सम्मानित किया।

GOVT. OF PUNJAB

Punjab Land of Unlimited Opportunities

# आम लोगों का बजट

## कोई नए टैक्स नहीं

- **26%** बजट वृद्धि
- **20% वृद्धि** कृषि बजट में
- **12% वृद्धि** शिक्षा बजट में
- **42% वृद्धि** ट्रांसपोर्ट बजट में
- **36% वृद्धि** रोज़गार सृजन व कौशल विकास बजट में
- **11% वृद्धि** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण बजट में

- 26797 नई नौकरियां
- ₹26295 करोड़ बुनियादी ढांचा विकास के लिए
- ₹13888 करोड़ कृषि क्षेत्र के लिए
- ₹1000 करोड़ फ़सल विविधता के लिए
- ₹17072 करोड़ स्कूल एवं उच्च शिक्षा के लिए
- ₹9064 करोड़ किसानों को मुफ़्त बिजली सब्सिडी के लिए
- ₹7780 करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं को मुफ़्त बिजली सब्सिडी के लिए
- ₹4781 करोड़ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के लिए
- ₹1900 करोड़ जल आपूर्ति एवं स्वच्छता के लिए
- ₹1015 करोड़ मेडिकल शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए
- ₹990 करोड़ राज्य के विश्वविद्यालयों के लिए
- ₹567 करोड़ ट्रांसपोर्ट क्षेत्र के लिए
- 117 नई सार्वजनिक रेत खदानें
- ₹231 करोड़ रोज़गार सृजन एवं कौशल विकास के लिए
- ₹200 करोड़ 117 'स्कूल ऑफ़ ऐमिनैंस' के लिए
- ₹78 करोड़ अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना हेतु
- ₹20 करोड़ प्रिंसिपल्स अकेडमी सिंगापुर में लीडरशिप डिवेलपमेंट प्रोग्राम के लिए
- 'पंजाब शिक्षा-व-सेहत फंड' अधीन सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र की कायाकल्प
- 'शहीद-ए-आज़म सरदार भगत सिंह हरियावल लहर' के तहत एक करोड़ पौधे लगाए जाएंगे
- लुधियाना, गुरदासपुर, पटियाला, बठिंडा और फ़रीदकोट में पांच नए बाग़वानी एस्टेट



**भगवंत मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# मेरी सफलता के पीछे मेरी माँ का हाथ : मनोहर लाल

## विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली लगभग 500 महिलाओं को दिए पुरस्कार और नगद ईनाम, स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद अब देश-दुनिया में बिकेंगे

**करनाल/राजकुमार प्रिंस।**
**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने नागरिकों से आह्वान किया कि हम सभी मिलकर यह संकल्प लें कि देश व प्रदेश में महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों को रोकेंगे और नारी का सम्मान बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारे देश में महिलाओं को पूजनीय माना जाता है। मातृ देवो भव, जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता वास करते हैं। इसलिए नारी की रक्षा व सुरक्षा सुनिश्चित करना हम सभी का दायित्व है।

मुख्यमंत्री आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में करनाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। समारोह में अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली कई महिलाओं को 154 पुरस्कार व नगद ईनाम दिए गए। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने सफलता का सफरनामा नामक पुस्तक का भी विमोचन किया। उन्होंने कहा कि ऐसा कहा जाता है कि हर सफल पुरूष के पीछे एक महिला का हाथ होता है। उन्होंने अपने जीवन का एक प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब उन्होंने 10वीं पास कर आगे की पढ़ाई करने की इच्छा व्यक्त की तो उनके पिताजी ने इनकार दिया। तो उन्होंने अपनी माँ से कहा कि वे आगे पढना चाहते हैं और उस दौर में माँ ने उन्हें 300 रुपये दिए, जिससे उन्होंने कॉलेज में दाखिला लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सफलता के पीछे उनकी माँ का ही हाथ है। यदि माँ ने वह पैसे न दिए होते तो शायद आज इस प्रकार यहां इस भूमिका में शायद न खड़ा होता। स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद अब देश-दुनिया में बिकेंगे मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पाद अब डिजिटल माध्यम से पूरे देश व दुनिया में बिकेंगे। इसके लिए राज्य सरकार ने फ्लिपकार्ट कंपनी के साथ समझौता किया है। इससे महिलाओं की आमदनी में वृद्धि होगी, वहीं उनके उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों को ट्रेनिंग देने के लिए घरौंडा में 3.5 करोड़ रुपये की लागत से ट्रेनिंग सेंटर खोला गया है। ऐसे सेंटर राज्य के अन्य हिस्सों में भी खोले जाएंगे। सीएम ने कहा कि आज प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों की संख्या 56,434 है। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों से आग्रह किया कि परिवार पहचान पत्र के सत्यापित डाटा के अनुसार जिन परिवारों की आय एक लाख रुपये से कम है, ऐसे परिवारों की महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जोड़ा जाए, ताकि उन महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके और वे स्वाभिमान से अपना जीवनयापन कर सकें।



### महिला सशक्तिकरण पर दिया विशेष ध्यान

**मनोहर** लाल ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, चाहे शिक्षा हो, खेल हो, समाज सेवा हो, राजनीति हो या ज्ञान विज्ञान हो, महिलाएं आज पीछे नहीं है। हरियाणा के विकास में भी महिलाओं की अहम भागीदारी है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की जगह इस दिवस को महिला सम्मान दिवस के रूप में मनाना चाहिए। वैसे तो हर दिन ही महिला सम्मान दिवस है। राज्य सरकार ने पंचायतों व नगर निकायों में महिलाओं का 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया है। ऐसा शायद ही किसी प्रदेश में हो। इसके अलावा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी सरकार विशेष कदम उठा रही है। पुलिस में महिलाओं की संख्या जो वर्ष 2014 में 6 प्रतिशत थी, वह आज 10 प्रतिशत हो गई है और आगामी समय में इस संख्या को 15 प्रतिशत ले जाने का लक्ष्य है। इतना ही नहीं, राशन डिपो आवंटन में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत का आरक्षण दिया है। महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम के लिए दुर्गा शक्ति ऐप, दुर्गा शक्ति वाहिनी व दुर्गा शक्ति रैपिड एक्शन फोर्स का गठन किया है। इसके अलावा प्रदेश में 29 महिला थाने स्थापित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा को पहले कन्या भ्रूण हत्या के रूप में जाना जाता था। हरियाणा पर लगे इस कलंक को मिटाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी 2015 को पानीपत में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की।

# बजट योजनाएं लागू नहीं करने पर होगी अधिकारियों की जवाबदेही

**चण्डीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आगामी बजट योजनाएं लागू करने को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विधानसभा में बजट पास होते ही उसे एक अप्रैल से पूरी तरह लागू किया जाए और संबंधित लाभार्थियों तक योजनाएं पहुंचाई जाएं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल बजट में की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए रूपरेखा तय करने के लिए गुरुवार की रात प्रशासनिक सचिवों के साथ बैठक की। इस काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को सीएम ने कार्रवाई के लिए तैयार रहने की चेतावनी जारी की है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल विधानसभा में बीती 23 फरवरी को बजट पेश कर चुके हैं। इन दिनों विधानसभा में अवकाश चल रहा है और आठ कमेटियों द्वारा बजट पर अध्ययन किया जा रहा है।

# 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सुधार करने की जरूरत'

**चण्डीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दतात्रेय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शिक्षा में सुधार करने से सम्बन्धित 15 विषयों पर कार्य करने की गति को और अधिक बढ़ाने की जरूरत है ताकि एक निर्धारित समयावधि में हम नौजवानों को विश्व स्तरीय गुणवत्तापूर्वक और रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध करवा सकें।

राज्यपाल आज राजभवन में सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपति व कुलसचिवों की एक दिवसीय बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा, उच्चतर शिक्षा के सलाहाकार बृजकिशोर व चेयरमैन उच्चतर शिक्षा परिषद बी के कुठियाला, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव डी एस ढेसी, मुख्य सचिव संजीव कौशल, राज्यपाल के सचिव अतुल द्विवेदी सहित राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपति व कुलसचिव भी मौजूद रहे।



**विश्वविद्यालय संयुक्त रूप से तय करें लक्ष्य:** राज्यपाल ने कहा कि दो तीन विश्वविद्यालय मिलकर आपसी बैठकों में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढें ताकि युवाओं के लिए स्वर्णिम युग की शुरूआत हो सके। इसके अलावा विश्वविद्यालय को इन 15 बिन्दुओं पर इस वर्ष अपना विशेष ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इनमें विश्वविद्यालयों को बहु-विषयक प्रकृति के तौर पर विकसित करना, कौशल विकास और मूल्यों को तय करना तथा व्यावहारिक, व्यावसायिक और रोजगारोन्मुखी शिक्षा के लिए बच्चों को भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा देने का कार्य करना है।

**मातृभाषा में शिक्षा देना भी सराहनीय कार्य:** राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर के अग्रणी विश्वविद्यालयों के साथ अनुबंध करें और विद्यार्थियों को दूसरे देशों में भी जाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित करें। दूसरों देशों के बच्चों को भी अपने देश में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आकर्षित करना चाहिए। इसके साथ ही प्रत्येक विश्वविद्यालय में मातृभाषा में शिक्षा देने को भी प्रोत्साहित करना भी कारगर कदम होगा।

> **8 निर्धारित समयावधि में हम नौजवानों को विश्व स्तरीय गुणवत्तापूर्वक और रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध करवा सकें**

बंडारू दतात्रेय ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी की परिवार पहचान पत्र की योजना लोगों के जीवन स्तर में नई जागरूकता लाएगी। उन्होंनें कहा कि जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रूपए यानि 15000 रूपए प्रति माह से कम है, उनकी शिक्षा का खर्चा सरकार उठाएगी। इसके साथ ही सरकारी विश्वविद्यालयों पर यह जिम्मेवारी है कि वे हर वर्ग के बच्चों को शिक्षा व रोजगार के अवसर देने में अहम भूमिका निभाएं।

# ग्रुप-डी कर्मियों के लिए नया फरमान: डेटा एचआरएमएस पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए

**चण्डीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** सरकार ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 2018 में नियुक्त हुए ग्रुप-डी (कॉमन कैडर) के कर्मचारियों के लिए फरमान जारी किया है। इन कर्मचारियों को अपना पूर्ण डेटा एचआरएमएस पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए कर्मियों को एक हफ्ते का टाइम दिया गया है। मानव संसाधन विभाग के ने इस बारे में जानकारी सार्वजनिक की है। इसमें बताया गया है कि 2018 की विज्ञप्ति संख्या के तहत नियुक्त सभी कर्मचारी नोटिस जारी होने के एक सप्ताह के अंदर-अंदर एचआरएमएस पोर्टल पर पूर्ण डेटा अपलोड करेंगे। ऐसा नहीं करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**कर्मचारी को ये देनी होगी जानकारी:** पोर्टल पर कर्मचारियों को अपना नाम, आईडी-यूनिक कोड, माता-पिता का नाम, जन्म तिथि, लिंग, दिव्यांग (हां/ना), दिव्यांगता प्रकार, वैवाहिक स्थिति, मोबाइल नंबर, ईमेल, स्थायी पता, पत्र-व्यवहार पता, वर्तमान पद/पोस्ट, वर्तमान विभाग, जॉइनिंग डेट की जानकारी अपलोड करनी होगी।

कर्मचारियों को अपने बच्चों के साथ ही जीवनसाथी के बारे में भी पूरी डिटेल देनी होगी। उन्हें बताना होगा कि क्या उनका जीवनसाथी मिलिटरी-पैरा-मिलिटरी में है? इसके साथ ही क्या जीवनसाथी किसी विभाग, बोर्ड, भारत सरकार या राज्य सरकार के अधीन निगम में काम करता है। ये सारी डिटेल एचआरएमएस पोर्टल पर अपलोड करवाना है।

**चेकर-मेकर को मिली जिम्मेदारी:** विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि सरकार ने निर्देश दिए हैं कि यह सारा विवरण सभी कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यालय के एचआरएमएस से संबंधित अधिकारी या कर्मचारी द्वारा अपलोड करवाना सुनिश्चित करना होगा। सभी विभागों के कार्यालयों में कार्यरत चेकर-मेकर को यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी ग्रुप-ऊके कर्मचारियों का पूर्ण विवरण एचआरएमएस पोर्टल पर दर्ज हो गया है।

# एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने संभाला हिसार रेंज का कार्यभार

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
**वरिष्ठ** आईपीएस अधिकारी एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव ने शुक्रवार को हिसार रेंज का कार्यभार संभाल लिया। रेंज के पुलिस अधिकारियों के अलावा अनेक सामाजिक संगठनों ने उनका स्वागत किया। श्रीकांत जाधव का हिसार से पुराना नाता रहा है। वह हिसार, फतेहाबाद व सिरसा में पुलिस अधीक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके है। हिसार मे अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने मिशन स्ट्रे कैटल अभियान की शुरूआत की थी, जो काफी लोकप्रिय रहा। लोग आज भी उनकी पहल का अनुसरण कर रहे हैं। श्रीकांत जाधव के पास हाल ही में अंबाला मंडल के साथ-साथ हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो मधुबन का कार्यभार रहा है। हरियाणा में बढ़ते ड्रग के प्रचलन पर अंकुश लगाने व राज्य को ड्रग मुक्त करने के लिए हरियाणा सरकार ने उन्हें स्टेट एक्शन प्लान तैयार करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी थी, जिसका उन्होंने सफलतापूर्वक निर्वहन किया व स्टेट एक्शन प्लान का आगाज भी करवाया है। कार्यभार संभालने के बाद एडीजीपी श्रीकांत जांधव ने कहा कि रेंज में कानून व्यवस्था बनाये रखने व अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर कार्य किया जायेगा।

> **8 रेंज में कानून व्यवस्था बनाये रखने व अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर कार्य किया जायेगा**

# रोडवेजकर्मियों के गतिरोध पर आज कर्मचारी नेताओं से वार्ता

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा सरकार (शुक्रवार) रोडवेज कर्मचारियों के गतिरोध को खत्म करने के लिए कर्मचारी नेताओं से बैठक में वार्ता करेगी। बैठक में लंबित मांगों पर चर्चा होगी। बैठक की अध्यक्षता परिवहन मंत्री मूल चंद शर्मा करेंगे। बैठक शाम को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में होगी। हरियाणा सरकार ने रोडवेज कर्मचारियों के दस संगठनों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है। रोडवेज कर्मचारी लंबे समय से संघर्षरत हैं। कई बार हड़ताल कर चुके हैं। परिवहन मंत्री शर्मा ने बताया कि बैठक में हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के प्रधान वीरेंद्र सिंगरोहा, कर्मचारी नेता इंद्र सिंह बधाना, विनोद शर्मा, कृष्ण कादयान, ओम प्रकाश ग्रेवाल, जयभगवान कादयान, आजाद सिंह गिल, रमेश श्योकंद, अशोक खोखर, हरिकृष्ण आदि को बुलाया गया है।

> **8 हरियाणा सरकार ने रोडवेज कर्मचारियों के दस संगठनों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है**

# समुद्र की गहराइयों को मापने के बाद नौसेना के सेलर्स अब लाहौल घाटी में अपना जलवा दिखाने को तैयार

## स्नो मैराथन में भाग लेने 24 सेलर्स सिस्सू पहुंचें, मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू करेंगे प्रतिभागियों की हौंसलाहफजाई

**अंबाला/टीम एक्शन इंडिया**
**हिंद** महासागर, अरब सागर और बंगाल की खाड़ी आदि की गहराईयों को नापने के बाद भारतीय नौसेना के सैलर्स (नाविक) अब हिमालय पर्वत श्रृंखला की हिमाचल प्रदेश स्थित लाहौल घाटी की उचाईयों को नापने के लिये तैयार हैं। 12 मार्च को अटल टनल के निकट सिस्सू में आयोजित होने वाली दूसरी स्नो मैराथन के लिये गुरुवार को कमांडर विवेक आनंद की अगुवाई में 24 नाविकों का दल पहुंचा। यह सेलर्स नई दिल्ली के अलावा विशाखापट्टनम, मुम्बई, कोच्चि, अंडमान निकोबार द्वीप की राजधानी पोर्ट ब्लेयर, कारवाड़ से मैराथन में भाग लेने के लिये सिस्सू पहुंचें। गत वर्ष भी स्नो मैराथन में भारतीय नौसेना की भागीदारी देखने को मिली थी जिसमें 4 सेलर्स ने भाग लिया था। कमांडर आनंद ने बताया कि सभी प्रतिभागी आयोजन में भाग लेने के लिये उत्साहित हैं। कुल 24 प्रतिभागियों में से 10 फुल मैराथन (42 किलोमीटर) में भाग लेंगें जबकि अन्य हाथ मैराथन (21 किलोमीटर) में भाग ले रहे हैं। उन्होंनें बताया कि सभी सेलर्स सी डाईविंग के अलावा विभिन्न भूगौलिक परिस्थियों से निपटने के लिये बेहतर रुप से ट्रेंड किये जाते हैं और समय समय पर देश के कोने कोने में आयोजित होने वाली सहासिक गतिविधियों का हिस्सा बनते हैं। उन्होंनें कहा कि गत वर्ष ही इनमें से कुछ सेलर्स मैकलोडगंज और चंबा के बीच लगभग 14 हजार फीट पर स्थित इंद्राहार पास तक ट्रेक कर लौटे हैं जबकि इनमें से कुछ के लिये हिमाचल एक नया अनुभव है। उन्होंनें दृढ़ संकल्प के साथ कहा कि चुनौतियों और विषम परिस्थितयों से निपटना ही भारतीय सेना का दूसरा नाम है।

आयोजक गौरव शिमर के अनुसार सेलर्स तीन दिन पहले ही यहां एल्कमाईजैशन के लिये आये हैं। इसी बीच सभी प्रतिभागियों ने मैराथन रूट की रेकी की और ब्रीफिंग भी भाग लेकर यहां की बारिकियों को जाना।



> **8 सभी प्रतिभागियों ने मैराथन रूट की रेकी की और ब्रीफिंग भी भाग लेकर यहां की बारिकियों को जाना**

# बढ़ती चोरी की वारदातों के खिलाफ 14 को फतेहाबाद बंद का ऐलान

**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
क्षेत्र में लगातार बढ़ती चोरी, लूटपाट व नशा तस्करी वारदातों के खिलाफ आखिरकार विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों ने एकजुटता दिखाई। इस कड़ी में सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिन्दगी संस्था अध्यक्ष हरदीप सिंह के आह्वान पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय के सभी संगठन पदाधिकारियों ने जीटी रोड स्थित पुराना रेस्ट हाउस में बैठक करके 14 मार्च को फतेहाबाद बंद का एलान किया। बैठक में स्वर्णकार सभा, अरोड़वंश सभा, ब्राह्मण सभा, सैन समाज, नायक समाज सभा के अलावा गुरूद्वारा सिंह सभा, व्यापार मंडल, नागरिक अधिकार मंच, पगड़ी संभाल जट्टा संघर्ष समिति, जिला सेवा निवृत पुलिस कर्मचारी संघ, इलैक्ट्रोनिक्स यूनियन, मोबाईल मार्केट यूनियन, स्वीटस शॉप एसोसिएशन, रेडीमेड एवं हॉलसेल कपड़ा यूनियन, बर्तन एसोसिएशन, इलेक्ट्रोनिक बैट्री एसोसिएशन, आयरन शॉप एसोसिएशन, सिटी वेलफेयर क्लब, नई उम्मीद संस्था, बुलंद उड़ान संस्था, बेटी संस्था, सरबत दा भला संस्था, भाईचारा रेहड़ी यूनियन, कार-टैक्सी स्टैंड यूनियन, फतेहाबाद-हांसपुर चौक उत्थान कमेटी जैसी शहर की हर प्रमुख संस्था के पदाधिकारियों ने भाग लिया। सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने एकमत होकर 14 मार्च को शहर में बढ़ती आपराधिक वारदातों पर जिला प्रशासन के ढुलमुल रवैये के विरोध स्वरूप दोपहर 12 बजे तक बाजार बंद रखने का निर्णय लिया।

> **8 प्रशासन के ढुलमुल रवैये के विरोध स्वरूप दोपहर 12 बजे तक बाजार बंद रखने का निर्णय लिया**

# पत्नी की हत्या के जुर्म में दोषी पति को उम्र कैद की सजा

**जींद/टीम एक्शन इंडिया**
**एडीजे** अमरजीत सिंह की अदालत ने पत्नी की गला दबा कर हत्या करने पर दोषी पति को शुक्रवार को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा साढ़े दस हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। जुमार्ना न भरने पर दोषी को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव खापड़ निवासी अनिल ने 18 दिसंबर 2018 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी बहन सुनील देवी की शादी गांव अलेवा निवासी अजीत के साथ हुई थी।

# जिला परिषद की बैठक में की गई ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों की चर्चा

**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
जिला परिषद के नवनिर्वाचित चेयर पर्सन विजय लोहिया ने शुक्रवार को प्रथम बैठक में जिला परिषद के नवनिर्वाचित सभी सदस्यों और तमाम विभागों के जिला अधिकारियों का बैठक में पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जिला परिषद के सभी पार्षदों के कार्य सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूर्ण रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्बाध रूप से उनके क्षेत्र में विकास कामों के क्रियान्वित करना सुनिश्चित करें। जिला परिषद की सीईओ सुमन भान्कर ने नवनिर्वाचित जिला पार्षदों व विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों का जिला परिषद की पहली बैठक में पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के लिए जिला परिषद के सदस्यों की अहम भूमिका होती है। इसलिए सभी जिला परिषद फरीदाबाद के निर्वाचित सदस्य गण ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। जिला परिषद की सीओ सुमन भान्कर ने बैठक में जिला परिषद द्वारा विभिन्न मद्दो में विकास कार्यों का बिंदुवार एक-एक करके विस्तार विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जिला परिषद की सीईओ सुमन भान्कर ने कहा कि जिला परिषद के लिए स्टेट फाइनेंस कमिश्नर और केंद्र सरकार की तरफ से अलग-अलग बजट का प्रावधान किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस बजट के क्रियान्वयन के लिए जिला परिषद के चेयरमैन व उप चेयरमैन की भागीदारी सुनिश्चित हो। बैठक में मनरेगा के वर्ष 2023-24 के 149 कार्यों के लगभग 355 लाख रुपये की धनराशि के विकास कार्यों का भी प्रावधान करने बारे उन्होंने विस्तृत जानकारी दी। वहीं लगभग ढाई करोड रुपए की लागत से बल्लभगढ़ में जिला परिषद कार्यालय के नवीनीकरण वाले भी प्रस्ताव पारित करवाया गया। सीईओ जिला परिषद सुमन भान्खड ने बैठक में जिला परिषद के सदस्यों द्वारा सामुदायिक भवनों, चौपालों सहित विभिन्न 29 विभागों में विकास कार्यों के क्रियान्वयन के लिए बारीकी से जानकारी दी गई।

> **8 जिला परिषद के सभी पार्षदों के कार्य सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूर्ण रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्बाध रूप से उनके क्षेत्र में विकास कामों के क्रियान्वित करना सुनिश्चित करें**

# जेजेपी से गठबंधन नहीं होगा: इनेलो नेता अभय चौटाला

## विधायकों और सांसदों को दी जाने वाली पेंशन के खिलाफ है क्योंकि हम कोई सरकारी कर्मचारी नहीं

**पलवल/टीम एक्शन इंडिया**
इंडियन नेशनल लोकदल नेता अभय सिंह चौटाला ने कहा कि वह जेजेपी के साथ गठबंधन नहीं करेंगे। वह अपने भतीजे दिग्विजय चौटाला की शादी में भी शामिल नहीं होंगे। अभय चौटाला ने कहा कि विधायकों और सांसदों को दी जाने वाली पेंशन के खिलाफ है क्योंकि हम कोई सरकारी कर्मचारी नहीं। यह बात उन्होंने शुक्रवार को यहां पत्रकार वार्ता में कही।अभय सिंह चौटाला ने कहा कि जेजेपी वाले अनुशासनहीन लोग हैं और वे अनुशासनहीन लोगों की पार्टी से गठबंधन कभी नहीं करेंगे। पिछले 3 साल में गठबंधन नहीं हुआ तो आगे भी नहीं होगा। वहीं उन्होंने अपने भतीजे दिग्विजय सिंह चौटाला की शादी समारोह में शामिल होने से इनकार करते हुए कहा कि मेरे लिए लोगों की कठिनाइयों को देखना जरूरी है। प्रधान महासचिव अभय सिंह ने कहा कि मेरी परिवर्तन पदयात्रा का कार्यक्रम पहले से ही निश्चित था और शादी की तारीख बाद में तय हुई। इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने सांसदों और विधायकों की पेंशन पर अपने विचार रखते हुए कहा कि सांसद और विधायकों को पेंशन देना बिल्कुल भी उचित नहीं है। क्योंकि हम कोई सरकारी नौकर नहीं है। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व विधायक नफे सिंह राठी तथा श्याम सिंह राणा विशेष रूप से मौजूद थे।



# हरियाणा में लावारिस गायों के लिए बनेंगी गौशालाएं

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा वासियों को सड़कों पर घूम रही लावारिस गायों से निजात दिलाने के लिए सरकार ने नई गौशालाओं का निर्माण करने का फैसला किया है। इससे न केवल लावारिस गायों को आश्रय मिलेगा बल्कि आम लोगों को भी लावारिस गायों की समस्या से छुटकारा मिलेगा। शहरों एवं गांवों में सड़कों पर लावारिस गौवंश का प्रबंध करने के लिए भी सरकार ने व्यापक योजना बनाई है। राज्य में पंचायती व शामलात भूमि पर नई गौशालाओं की स्थापना की जाएगी। प्रदेश में पंजीकृत गौशालाओं में केंद्र सरकार की गोबरधन योजना के तहत बायागैस प्लांट स्थापित किए जाएंगे। पहले चरण में सभी जिलों से इसकी शुरूआत होगी। बायोगैस प्लांट से गौशालाओं की आय भी बढ़ेगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पहल बार हरियाणा गौसेवा आयोग के बजट में 10 गुणा बढ़ोतरी की है। आयोग का पिछले साल का बजट चालीस करोड़ रुपये था, जिसे बढ़ाकर 400 करोड़ किया है।

पशुओं की स्वास्थ्य जांच पशुपालकों के घर द्वार पर ही करवाने की योजना भी सरकार ने बनाई है। सार्वजनिक निजी सांझेदारी के तहत राज्य में 70 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयां शुरू होंगी। यानी मोबाइल वैन में ही पशु अस्पताल होंगे और पशुपालकों के पशुओं के लिए यह सुविधा उनके गांवों में घर द्वार तक ही पहुंचाई जाएगी। मोबाइल वैन को बुलाने के लिए सरकार कॉल सेंटर की भी शुरूआत करेगी।

> **8 पशुपालकों के पशुओं के लिए सुविधा उनके गांवों में घर द्वार तक ही पहुंचाई जाएगी**

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शनिवार, 11 मार्च 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 68 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी एल्बनीज और पीएम नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पहली इंडिया-ऑस्ट्रेलिया एनुअल समिट में हिस्सा लिया।

# सिसोदिया सात दिनों की ईडी हिरासत में

### सिसोदिया जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं, बुची बाबू ने बताया कि मनीष सिसोदिया और बीआरएस नेता के. कविता के बीच राजनीतिक तालमेल थाः ईडी

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** के राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सात दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया है। कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को 17 मार्च तक की ईडी हिरासत में भेज दिया। ईडी ने 10 दिनों की हिरासत मांग की थी। कोर्ट ने सीबीआई से जुड़े मामले में मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई टाल दी। अब सीबीआई से जुड़ी जमानत याचिका पर कोर्ट 21 मार्च को सुनवाई करेगा। पेशी के दौरान ईडी ने कोर्ट को बताया कि मनीष सिसोदिया के सचिव ने बयान दिया है कि मनीष सिसोदिया के कहने पर ही मुनाफा बढ़ाया गया और नियमों में बदलाव हुआ। विजय नायर पूरी साजिश को अंजाम दे रहा था।

#### हिरासत में भेज दिया

= मनीष सिसोदिया के सचिव ने बयान दिया है कि मनीष सिसोदिया के कहने पर ही मुनाफा बढ़ाया गया और नियमों में बदलाव हुआ: ईडी

सिसोदिया जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। ईडी ने कहा कि बुची बाबू ने बताया कि मनीष सिसोदिया और बीआरएस नेता के. कविता के बीच राजनीतिक तालमेल था। कविता ने विजय नायर से मुलाकात की थी। मनीष सिसोदिया के इशारे पर ही विजय नायर टेलीग्राम ऐप पर बुची बाबू से बातचीत करते थे। ईडी ने कहा कि मनीष सिसोदिया ने कुछ खास पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए आबकारी नीति में बदलाव किया। उप-राज्यपाल की



आपत्तियों में 12 फीसदी कमीशन का जिक्र नहीं है। ईडी के हिसाब से नीति दोषपूर्ण है, ऐसे में मनी लांड्रिंग का मामला नहीं बनता है।

सिसोदिया के वकील ने कोर्ट से कहा कि ईडी टेंडर पूर्व नीति निर्धारण की जांच कर रही है, जिसे कैबिनेट ने मंजूरी दी। क्या जल्दबाजी में फाइल क्लियर करना गुनाह है। कई उदाहरण है, जहां जल्दबाजी में नीति पास की गई जैसे नोटबंदी। ये सरकार का अधिकार क्षेत्र है। ईडी ने अब तक एक रुपये की भी सिसोदिया से बरामदगी नहीं की है।

## कुछ लोग खुद को भगवान मान बैठे हैं..

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**दिल्ली** के कथित शराब घोटाला मामले में जेल में बंद मनीष सिसोदिया को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) एक-दूसरे पर हमलावर हैं। एक ओर जहां शुक्रवार सुबह भाजपा ने एक पोस्टर जारी कर सिसोदिया और जैन का एक पोस्टर जारी कर आप पर हमला किया। वहीं अरविंद केजरीवाल ने एक ट्वीट कर केंद्र की भाजपा सरकार को इशारों-इशारों मे हिरण्यकश्यप कह दिया। केजरीवाल ने आज ट्वीट किया, 'हिरण्यकश्यप अपने आपको भगवान मान बैठा था। उसने प्रह्लाद को ईश्वर की राह से रोकने के अनेक प्रयत्न किए, जुल्म किए आज भी कुछ लोग अपने आपको भगवान मान बैठे हैं। देश और बच्चों की सेवा करने




वाले प्रह्लाद को कारागृह में डाल दिया पर न प्रहलाद को वो तब रोक पाए थे, न अब रोक पाएंगे।' गौरतलब है कि इससे पहले आज भाजपा ने मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन का एक पोस्टर जारी कर उन्हें घोटालेबाज बताया है और केजरीवाल को उनका सरगना बताने की कोशिश की है। भाजपा ने पोस्टर ट्वीट करते हुए लिखा, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र तो झांकी है, इनका सरगना केजरीवाल अभी बाकी है।

## बच्चों के लिए जहर बना नोएडा का कफ-सीरप



**नोएडा/टीम एक्शन इंडिया**
**नोएडा** की मैरियन बायोटेक कंपनी के कफ सीरप डॉक-1 मैक्स में डायथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल केमिकल मिलाया जा रहा था। यह केमिकल भारत समेत कई देशों में बैन है। इसे सीरप को स्ट्रांग और टेस्टी बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। चंडीगढ़ लैब से आई सीरप के सैंपल की रिपोर्ट में इस रिपोर्ट का खुलासा हुआ है। अलग-अलग जांच में सीरप के 22 सैंपल फेल हुए हैं। यह वही कफ सीरप है जिसे उज्बेकिस्तान सरकार ने 18 बच्चों की मौत का जिम्मेदार ठहराया था। इसके बाद ही इस मामले में भारत सरकार एक्टिव हुई। सीरप का सैंपल लिए गए और जांच के लिए भेजे गए।

## एच3एन2 इन्फ्लुएंजा से देश में पहली बार 2 मौतें



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**देश** में कोविड की तरह फैल रहे एच3एन2 इन्फ्लूएंजा से पहली बार मौतों की खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स में हेल्थ मिनिस्ट्री के सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि हरियाणा और कर्नाटक में इन्फ्लुएंजा के एक-एक मरीजों की मौत हुई है। देश में अभी तक एच3एन2 के 90 केस सामने आए हैं। हरियाणा के मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन कर्नाटक केस की जानकारी सामने आई है।

मृतक का नाम हीरा गौड़ा है और उम्र 82 साल है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी के मुताबिक, हीरा की एक मार्च को मौत हुई थी।

वह डायबिटीज और हाइपरटेंशन का मरीज था। जांच के दौरान उनका सैंपल लिया गया था। 6 मार्च को सामने आया कि वह एच3एन2 से संक्रमित था।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से मुलाकात कर प्रदेश में बिजली की कमी का मुद्दा उठाया।

## राष्ट्रीय पेंशन योजना के सदस्यों की संख्या 23 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**राष्ट्रीय** पेंशन योजना (एनपीएस) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत सदस्यों की संख्या में बढ़ोतरी जारी है। वित्त वर्ष 2022-23 में चार मार्च तक एनपीएस सदस्यों की संख्या 22.88 फीसदी बढ़कर 624.81 लाख पर पहुंच गई है। मंत्रालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में एनपीएस सदस्यों की संख्या चार मार्च तक 23 फीसदी बढ़कर 6.24 करोड़ हो गई है।

## लालू के करीबियों के 15 ठिकानों पर रेड

**पटना/टीम एक्शन इंडिया**
**लैंड** फॉर जॉब स्कैम केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को लालू यादव के करीबियों के दिल्ली, मुंबई, नोएडा और पटना में 15 जगहों पर छापेमारी की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पटना में राजद के पूर्व विधायक के अबू दोजाना के घर पर भी ईडी की टीम पहुंची है। यहां भी तलाशी ली जा रही है। पूर्व एमएलए अबू दोजाना लालू के करीबी हैं। पेशे से बिल्डर हैं। जानकारी है कि लालू यादव की



तीन बेटियों के घर भी रेड की गई है। हेमा, रागिनी और चंदा का घर दिल्ली में है, जिनके घर पर ईडी की टीम मौजूद है। सूत्रों की मानें तो बिहार के उप मुख्यमंत्री और लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव के दिल्ली आवास पर भी एऊकी टीम पहुंची है। अबू दुजाना के घर आय से अधिक संपत्ति मामले में ईडी ने रेड मारी है। सुबह 6 बजे ईडी के 12 अफसर उनके घर पहुंचे। छापेमारी के दौरान अबू दुजाना घर की बालकनी में आए और कहा कि ये कार्रवाई राजनीतिक साजिश है। इस दौरान अधिकारियों ने सभी लोगों को घर के अंदर ही रहने की हिदायत दी। इस मामले में अधिकारी कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। दुजाना आरजेडी के पूर्व विधायक हैं।


## राहुल ने विदेश में झूठ का प्रचार किया: उपराष्ट्रपति



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने पिछले लंदन में हाउस ऑफ पार्लियामेंट में कहा था कि भारतीय संसद में विपक्षी नेताओं के माइक्रोफोन बंद कर दिए जाते हैं। राहुल के इस बयान पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी जताई है। उपराष्ट्रपति ने राहुल का बिना नाम लिए कहा कि विदेशी धरती से यह कहना कि संसद में माइक बंद कर दिए जाते हैं, ये एक तरह से झूठ का प्रचार करना है। ये देश का अपमान है। उपराष्ट्रपति धनखड़ नई दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री कर्ण सिंह की मुंडक उपनिषद पर आधारित एक बुक के विमोचन के अवसर पर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसी ताकतों को बेनकाब करें और उन्हें विफल करें।

## 8वीं की स्टूडेंट ने आयरन की 45 गोलियां खाईं, मौत

**ऊटी/टीम एक्शन इंडिया**
**तमिलनाडु** के ऊटी में आयरन की 45 टेबलेट एकसाथ खा लेने से 8वीं क्लास में पढ़ने वाली स्टूडेंट की मौत हो गई। छह दोस्तों के बीच सबसे ज्यादा गोलियां खाने की शर्त लगी थी। घटना ऊटी म्युनिसिपल उर्दू मिडिल स्कूल की है। मृतक का नाम जेबा फातिमा था। उम्र 13 साल थी। तबीयत बिगड़ने पर फातिमा को अस्पताल ले जाया गया। यहां इलाज के दौरान तीसरे दिन उसकी मौत हो गई। 6 मार्च को स्कूल में पढ़ने वाले 6 दोस्त लंच के समय प्रिंसिपल के कमरे में गए थे। जहां स्टूडेंट्स ने आयरन की गोलियों का डिब्बा रखा देखा तो उन्होंने शर्त लगाई कि देखें कौन कितनी ज्यादा गोलियां खा सकता है, जो जितनी गोलियां खाएगा वो उतना हिम्मती माना जाएगा।



## 'ऑस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय की सुरक्षा रहेगी प्राथमिकता'

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी एल्बनीज और पीएम नरेंद्र मोदी दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पहली इंडिया-ऑस्ट्रेलिया एनुअल समिट में हिस्सा लिया। इस दौरान हुई संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग में पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमले की बात उठाई। उन्होंने कहा कि मैंने ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमले की रिपोर्ट्स देखी हैं। मैंने इस बारे में पीएम एल्बनीज को बताया और उन्होंने मुझे भरोसा दिलाया है कि ऑस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई उनके लिए प्राथमिकता है।

**दोनों देशों के बीच आर्थिक समझौता संभवः** पीएम मोदी ने कहा कि हमारी टीमें दोनों देशों के बीच एक आर्थिक समझौते पर काम कर रही हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया पीएम ने कहा कि आज मैं और पीएम मोदी आर्थिक समझौते को जल्द से जल्द पूरा करने पर सहमत हुए हैं। मुझे उम्मीद है कि हम इसे साल के अंत तक फाइनल कर लेंगे। पीएम मोदी ने कहा- हमने आज इंडो-पैसेफिक रीजन में समुद्री सुरक्षा पर भी चर्चा की। दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी में सुरक्षा सहयोग एक जरूरी पिलर है। दोनों पीएम के बीच द्विपक्षीय बैठक के साथ समिट की शुरूआत हुई।

## 'आपदा प्रबंधन को लेकर बनाएं नई गाइडलाइन'

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली** में आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए राष्ट्रीय मंच के तीसरे सत्र का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हाल में तुर्किए और सीरिया में भारतीय दल के प्रयासों को पूरी दुनिया ने सराहा है। ये बात हर भारतीयों के लिए गौरव का विषय है।

**लोगों की जिंदगी बचाने में मिली मददः** प्रधानमंत्री ने कहा कि राहत और बचाव से जुड़े मानव संसाधन और तकनीकी क्षमता को भारत ने जिस तरह बढ़ाया है, उससे देश में



भी अलग-अलग आपदा के समय बहुत सारे लोगों की जिंदगी बचाने में मदद मिली है। उन्होंने कहा, "आप सभी दूसरों की जान बचाने में अपनी जान जोखिम में डालते हैं। मैं आज सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार से सम्मानित संस्थानों के सभी संबद्ध

#### निर्देश

= हाल में तुर्किए और सीरिया में भारतीय दल के प्रयासों को पूरी दुनिया ने सराहा है। ये बात हर भारतीयों के लिए गौरव का विषय

मानव संसाधनों को बधाई देता हूं।" पीएम मोदी ने कहा, "ओडिशा स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट ऑथोरिटी विभिन्न आपदाओं के दौरान बेहतरीन काम करती रही है। मिजोरम के लुंगलेई फायर स्टेशन ने जंगल में लगी आग को बुझाने के लिए अथक परिश्रम किया।


**ब्लूप्रिंट तैयार** 1-1 वोटर तक पहुंचेगी, राजस्थान में जीतने के लिए भाजपा का प्लान तैयार

# भाजपा ने तैयार की 10 लाख लोगों की 'आर्मी'

**जयपुर/टीम एक्शन इंडिया**
**खेमेबाजी** की सुर्खियों के बीच राजस्थान भाजपा ने विधानसभा चुनाव के एक्शन प्लान पर काम शुरू कर दिया है। बड़ी जीत के लिए भाजपा ने इस बार छोटे-छोटे प्लान बनाए हैं। माइक्रो मैनेजमेंट शुरू हो गया है। एक-एक विधानसभा सीट के साथ एक-एक बूथ की मैपिंग चल रही है। सबसे ज्यादा फोकस ओवरऑल विधानसभा सीट के बजाय हर बूथ को मजबूत करने पर है। बूथ मैनेजमेंट के लिए करीब 10 लाख कार्यकर्ताओं की फौज खड़ी करने के काम को पार्टी ने लगभग पूरा कर लिया है। अब इनके




वैरिफिकेशन का काम चल रहा है। इन 10 लाख लोगों का एक ही मिशन रहेगा- वोटिंग के दिन हर मतदाता को बूथ तक लेकर आना। इसके लिए प्रत्येक 12 से 15 घरों पर एक सक्रिय कार्यकर्ता तैनात किया जा रहा है। चुनाव जीतने के लिए भाजपा का प्लान पिछले दिनों दिल्ली में हुई राष्ट्रीय कार्यसमिति से निकला है। पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय कार्यसमिति की मीटिंग में शामिल नेताओं को विधानसभा और लोकसभा चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने के लिए कुछ टिप्स दिए थे। अब इन पर राजस्थान भाजपा पूरी तरह से फोकस होकर ग्राउंड पर उतर चुकी है। कमजोर सीटों के साथ-साथ कमजोर बूथों का अलग से कैटेगराइजेशन किया गया है, ताकि प्रत्येक बूथ पर किस तरह काम करना है इसकी क्लियरिटी रहे। पार्टी सूत्रों का कहना है कि संगठन के स्तर पर ग्राउंड वर्किंग के साथ चुनाव मैदान में उतारे जाने वाले चेहरों का चयन करने के लिए सर्वे भी करवाए जा रहे हैं। सेंट्रल लीडरशिप की ओर से लगातार हो रहे सर्वे के रिजल्ट का प्रदेश नेतृत्व की वर्किंग से भी मैच कराया जाएगा, ताकि कहीं कोई गैप नहीं रहे। ए श्रेणी में वे 26,347 बूथ शामिल किए गए हैं, जो पिछले तीन चुनाव में भाजपा ने जीते।



# पीएम-स्वनिधि योजना जरूरतमंदों के लिए बनी वरदान

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश के पीएम-स्वनिधि योजना के लाभार्थियों से किया सीधा संवाद, लाभार्थियों ने सरकार का जताया आभार, हरियाणा में 36 हजार स्ट्रीट

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज वर्चुअल माध्यम से पीएम-स्वनिधि योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का नारा दिया और पीएम-स्वनिधि योजना शुरू की। इस योजना को आज देश में करोड़ों नए उद्यमियों ने अपनाया है, जिससे उनके जीवन में गुणात्मक सुधार आया है। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई यह योजना उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस योजना में उन्हें 10 हजार रुपये की राशि बिना किसी ब्याज के प्राप्त हुई, जिससे स्व-रोजगार शुरू करने और विस्तार करने में काफी मदद मिली। हरियाणा सरकार ने भी हम जरूरतमंदों को रोजगार के लिए धनराशि उपलब्ध करवाकर कल्याणकारी काम किया है, जिससे हमें भी आज समाज में मुख्यधारा से जुड़ने का अनुभव हुआ है।



**हरियाणा में 36 हजार स्ट्रीट वेंडर्स को मिल चुका ऋणः** मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा में पीएम-स्वनिधि योजना के तहत लगभग 55 हजार लोगों ने आवेदन किया था। इनमें से लगभग 36 हजार स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण मिल चुका है। अभी तक कुल मिलाकर 48 करोड़ रुपये का ऋण दिया जा चुका है। इस ऋण पर 7 प्रतिशत ब्याज केंद्र सरकार तथा 2 प्रतिशत ब्याज राज्य सरकार की ओर से दिया जाता है। अब तक 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि ब्याज के रूप में बैंकों को अदा की गई है।

**पीएम-स्वनिधि के तहत 1 लाख लोगों को लाभ पहुंचाना सरकार का लक्ष्यः** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्ट्रीट वेंडर्स की संख्या 1 लाख से ऊपर है, इसलिए वर्तमान में जिन लाभार्थियों ने इस योजना का लाभ उठाया है, वे अपने आस-पास अन्य लोगों को भी इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करें। सरकार का लक्ष्य 1 लाख लोगों को लाभ पहुंचाना है। इसके लिए स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण प्रदान करने के लिए मेले लगाए जाएंगे। इन मेलों का उद्देश्य स्ट्रीट वेंडर्स को व्यवसाय में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि वैश्विक कोरोना महामारी के संकटकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत बनाने की बात कही थी। यह तभी संभव होगा, जब हर परिवार अपने पैरों पर खड़ा हो जाए। कोविड महामारी के दौरान ही इस योजना की शुरूआत की गई थी। इस योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को प्रथम किस्त के रूप में 10 हजार रुपये का ऋण दिया जाता है। दूसरी किस्त के रूप में 20 हजार रुपये तथा तीसरी किस्त में 50 हजार रुपये दिए जाते हैं। इस ऋण के लिए लाभार्थी को कोई गारंटी भी नहीं देनी पड़ती।

### 'गरीब परिवारों के कल्याण के लिए सरकार चला रही कई योजनाएं'

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि हरियाणा सरकार भी गरीब परिवारों के कल्याण एवं उत्थान के लिए कई योजनाएं चला रही है। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से प्रदेश के 72 लाख परिवारों के सदस्यों का डाटा एकत्र किया गया है। जिन परिवारों की आय 1 लाख 80 हजार रुपये वार्षिक से कम हैं, उनके उत्थान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना चलाई है, जिसके तहत 1 लाख रुपये से कम आय वाले परिवारों के आर्थिक उत्थान का लक्ष्य है। पीपीपी डाटा के अनुसार ऐसे लगभग 7.5 लाख परिवार हैं। अभी तक लगभग 1.5 लाख ऐसे परिवारों को बुलाया जा चुका है और 37,000 परिवारों को स्व-रोजगार के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण प्रदान किया गया है। लगभग 42,000 परिवार और चयनित कर लिए गए हैं, इन्हें भी भविष्य में ऋण प्रदान किया जाएगा। अगले साल 2 लाख परिवारों की आय बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाकर चिरायु हरियाणा योजना भी शुरू की है। इसमें गरीब परिवार को सालाना 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज प्रदान किया जाता है। चिरायु योजना लागू करने से प्रदेश में अब 28 लाख 89 हजार परिवार कवर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों के बच्चों को प्राइवेट विद्यालयों में पढ़ने का समान अवसर मुहैया करवाने के उद्देश्य से चिराग योजना शुरू की है।

# लिंगानुपात में प्रदेशभर में अव्वल रहा फतेहाबाद जिला



**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला करनाल में आयोजित प्रदेश स्तरीय समारोह में जिला फतेहाबाद को लिंगानुपात में प्रथम स्थान मिलने पर उपायुक्त जगदीश शर्मा को प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पांच लाख रुपये की राशि का चेक देकर सम्मानित किया है। कार्यक्रम में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली, महिला एवं बाल विकास विभाग की राज्य मंत्री कमलेश ढांडा भी उपस्थित रही। गौरतलब है कि हरियाणा में तेजी से सुधरते लिंगानुपात में फतेहाबाद ने प्रदेश में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। जिला का लिंगानुपात 899 से बढ़कर 950 पर पहुंच गया जो प्रदेश में पहले स्थान पर है। इस शानदार उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल में आयोजित हुए महिला सम्मान समारोह में फतेहाबाद के उपायुक्त जगदीश शर्मा को पांच लाख रुपये का प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया है। उपायुक्त जगदीश शर्मा ने जिला को लिंगानुपात में सुधार करने पर प्रथम स्थान के लिए सभी जिलावासियों को बधाई दी और इसे जिला के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासनिक टीम के आपसी सामंजस्य और बेहतर तालमेल से ही हम इस मुकाम पर पहुंचे।

# स्पाइन कबड्डी लीग के चेयरमैन दुर्घटना में घायल, लीग का सीजन-2 स्थगित

**हिसार/टीम एक्शन इंडिया**
ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 10 से 13 मार्च तक स्पाइन स्पोर्ट्स ग्रुप द्वारा स्पाइन कबड्डी लीग सीजन 2 को स्थगित कर दिया गया है। लीग के चेयरमैन योगेश शर्मा के दुर्घटना में घायल होने पर यह फैसला लिया गया है। आयोजन की लगभग सभी तैयारियां भी पूरी हो चुकी थीं लेकिन लीग के चेयरमैन योगेश शर्मा के दुर्घटना में गंभीर घायल हो जाने के चलते इस कबड्डी लीग को स्थगित करना पड़ा। स्पाइन कबड्डी लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुल्तान सिंह रुलहानिया व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमन दुहन ने अपनी टीम से विचार विमर्श करके स्पाइन कबड्डी लीग सीजन-2 को कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया है। उन्होंने बताया कि हिसार से दिल्ली जाते समय स्पाइन कबड्डी लीग के चेयरमैन योगेश शर्मा छोटी सातरोड़ नहर के पास किसी के इंतजार के लिए अपनी गाड़ी से नीचे उतरे थे और सडक क्रॉस कर दूसरी तरफ गए हुए थे। तभी अचानक एक तेज रफ्तार गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी जिसकी वजह से उनकी टांग टूट गई और कमर, कंधे के अलावा अंदरूनी गंभीर चोटें आईं। उनके साथ गाड़ी में बैठे उनके दो साथी गाड़ी की टक्कर की आवाज सुन कर भागे और योगेश शर्मा को घायल अवस्था में वहां से उठाकर शहर के एक निजी हॉस्पिटल में दाखिल करवाया। स्पाइन कबड्डी लीग के चैयरमैन व मुख्य आयोजक के रूप में भूमिका निभा रहे योगेश शर्मा को ज्यादा चोटें लगने के कारण लीग के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुल्तान सिंह रुलहानिया व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमन दुहन ने टीम के अन्य सदस्यों के साथ विचार-विमर्श करके इस लीग को टालने का फैसला लिया।

> 8 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमन दुहन ने टीम के अन्य सदस्यों के साथ विचार-विमर्श करके इस लीग को टालने का फैसला लिया

# आयुष्मान भारत के तहत पलवल में पहली बार हुई एंजियोप्लास्टी

**पलवल/टीम एक्शन इंडिया**
जिले के एकमात्र गुरु नानक मल्टी सुपर स्पेशलिटी एवं हार्ट केयर अस्पताल में 69 वर्षीय मरीज की एंजियोप्लास्टी की गई। मरीज को गत 27 फरवरी को हार्ट अटैक आया था। जांच के बाद पता चला कि उसकी हार्ट की एक नस में 99 प्रतिशत ब्लाकेज है। इस पर कार्डियोलाजी विभाग के प्रमुख डा. हिमांशु अरोड़ा की टीम ने उसकी एंजियोप्लास्टी की और स्टंट भी डाला। खास बात यह कि पलवल में पहली बार आयुष्मान भारत के तहत इनका इलाज मुफ़्त किया गया है। गुरु नानक अस्पताल के चेयरमैन डॉ अनूप सिंह ने शुक्रवार को बताया कि यहां पर आयुष्मान योजना के तहत मरीजों का मुफ्त ईलाज किया जाता है।

# 'खेल प्रतिभाओं को मंच देने की पीएम की सोच है सांसद खेल महोत्सव'

**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
**सांसद खेल महो**त्सव-टू फरीदाबाद 2022 का शुक्रवार को रंगारंग आगाज हुआ। वहीं सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सांसद खेल महोत्सव-टू का विधिवत शुभारंभ किया। सांसद खेल महोत्सव-टू में जूनियर और सीनियर विंग के लडके व लड़कियों के वर्ग के लगभग छः हजार खिलाड़ी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। उद्घाटन अवसर पर 15 सौ मीटर की दौड़ भी आयोजित की गई। इसमें प्रथम स्थान पर यशवीर, दूसरे स्थान पर चीकू व तीसरे स्थान शिखर रहे। विजेता खिलाड़ियों को केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने 5100 रुपये, 3100 रुपये व



2100 रुपए की नकद धनराशि से पुरस्कृत किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और अन्य अतिथियों को भी शाल ओढा कर और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने सर्कल कबड्डी के गांव मच्छगर और अलीपुर के खिलाडियों का परिचय लेकर उनकी हौसला अफजाई भी की। वहीं नेशनल कबड्डी की जूनियर विंग की करमल कोनवैक्ट स्कूल सैक्टर-7 व केएम कोनवैक्ट स्कूल जीवन नगर शेरखान चौंक की लड़कियों का परिचय लेकर उनका मैच देखकर हौसला अफजाई भी की।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने उपस्थित सभी खिलाडियों स्वागत करके उन्हें बधाई दी और कहा कि संसद खेल महोत्सव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस सोच का परिणाम है, जिसमें वे चाहते हैं कि छिपी हुई खेल प्रतिभाएं आगे आएं और राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों के भागीदार बनें। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा में सर्वोपरि खेल निति की बदौलत ही देश में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ओलम्पिक खेलों के गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल और ब्रोन्ज मेडल आधे से ज्यादा हरियाणा के खिलाड़ी जीत कर ला रहे हैं।

# खेलो इंडियाः दस का दम में भाग लेने से बेटियों का बड़ा हौसलाः सुनीता

**सिरसा/टीम एक्शन इंडिया**
**भारतीय खेल प्राधिकरण के** तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा देशभर में चलाई गई मुहिम ह्यखेलो इंडिया दस का दमह्व प्रतियोगिता का शुक्रवार को द माऊंट स्कूल सूरतिया में आयोजन किया गया। सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद सुनीता दुग्गल ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की और प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस




अवसर पर पूर्व विधायक बलकौर सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी आत्म प्रकाश मेहरा, जिला खेल अधिकारी शमशेर सिंह, हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के उप प्रधान महेंद्र कंबोज मौजूद थे। इससे पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने गांव पंजुआना की गौशाला में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में भी शिरकत की। सांसद ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई खेलो इंडिया दस का दम मुहिम बेहद सराहनीय है। इन प्रतियोगिताओं से गांव की बेटियों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का मौके के साथ-साथ उनके हौसलों को भी पंख मिलेंगे और जीवन में आगे बढने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ी बात है कि ग्रामीण आंचल की बेटियां शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भाग लेने में भी रूचि दिखा रही हैं। लड़कियों की अधिक से अधिक भागीदारी से इन खेलों के आयोजन का औचित्य सफल होता है। खेल प्रतियोगिताओं से मनोरंजन भी होता है तथा ग्रामीण आंचल की महिलाओं को बाहर निकलने व अन्य गांवों की महिलाओं से मिलने व सहेलियां बनाने के अवसर मिलते हैं।

# सरपंचों को संतुष्ट कर ग्रामीण विकास को आगे बढ़ाये सरकारः कुमारी शैलजा

## देश में बढ़ती महंगाई ने आम आदमी का बजट बिगाड़ा

> 8 सरकार को सरपंचों के समस्या का जल्द हल निकालना चाहिए ताकि गांवों में विकास कार्य शुरू हो सके

**फतेहाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
**कांग्रेस** के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी शैलजा ने कहा कि सरकार को सरपंचों के समस्या का जल्द हल निकालना चाहिए ताकि गांवों में विकास कार्य शुरू हो सके। लोकतंत्र में हर समस्या का बातचीत से हल निकाला जाता है लेकिन प्रदेश सरकार जिद्द पर अड़ी हुई है। लोकतंत्र की नींव कहे जाने वाले सरपंचों पर सरकार को भरोसा नहीं है। वे शुक्रवार को यहां पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी सहित अनेक कांग्रेस नेता मौजूद रहे। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार को लोकतंत्र में विश्वास नहीं है। प्रदेश की स्थिति लगातार बदत्तर होती जा रही है। भ्रष्टाचार बढ़ रहा है और कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है। राज्य पर कर्जा 3 लाख करोड़



के करीब पहुंच चुका है। इसका बोझ प्रदेश के आम नागरिकों पर पड़ रहा है। सरकार से कर्मचारी, किसान, सरपंच सहित सभी वर्गों के लोग परेशान है। प्रदेश में पहले लोगों पर लाठियां बरसाई जाती हैं और बाद में दबाव की राजनीति की जाती है। सरपंचों के साथ भी सरकार यही कर रही है। पहले उन्हें बुरा-भला कहा गया, उन पर लाठियां बरसाई गई और अब उनसे बातचीत की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार सरपंचों को संतुष्ट कर ग्रामीण विकास को आगे बढ़ाये। कुमारी शैलजा ने कहा कि आज देश में बढ़ती महंगाई ने आम आदमी का बजट बिगाड़ कर रख दिया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें गिरने के बावजूद भी उसका फायदा आम उपभोक्ता तक नहीं पहुंच पा रहा है। अडानी मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की किरकिरी हुईहै। सरकार को इस मामले निष्पक्ष जांच करवानी चाहिए थी। कांग्रेस इस मामले में लगातार जेपीसी की मांग कर रही है, लेकिन भाजपा लगातार इससे पीछे हटती गई। उन्होंने कहा कि पीएम देश की जनता को जवाब दें कि उनका अडानी से क्या रिश्ता है। शैलजा ने कहा कि कांग्रेस उद्योग या उद्योगपति के खिलाफ नहीं है लेकिन हमारा विरोध केवल दो-चार लोगों को देश की सम्पति देने के खिलाफ है।

# हर क्षेत्र में पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर कर रही कामः एसीपी

**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एसीपी महिला सुरक्षा मोनिका के नेतृत्व में तीनों जॉन के महिला थाना प्रबधक के साथ महिला स्कूटी रैली कर लोगो में महिला का सम्मान करने का संदेश दिया है। स्कूटी रैली दोपहर तीनों महिला थाना की महिला पुलिस ने स्कूटी की रैली में भाग लिया। स्कूटी रैली महिला थाना एनआईटी से शुरू होते हुए सेक्टर-21ए रिहायशी एरिया से होते हुए एशियन अस्पताल चौक से मैन बडखल चौक से सेक्टर-21 ए/डी डिवाईडिंग रोड से होते हुए महिला थाना एनआईटी पहुंची है। इस स्कूटी रैली के अवसर पर समाज की अन्य महिलाओं ने भी भाग लिया। इस अवसर पर रंग मंच का भी प्रोग्राम था जिसमें महिला पुलिस टीम ने हर्षोल्लास से महिला दिवस को मनाने का काम किया है। इस अवसर पर एसीपी महिला सुरक्षा मोनिका ने कहा की महिला आज समाज में हर वर्ग में आगे है महिला पुरुष के कंधे से कंधा मिला कर काम कर रही है। महिला पुरुषों से किसी भी क्षेत्र में कम नही है।

# अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले ही मिलेगा नवजात बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र

**भिवानी/टीम एक्शन इंडिया**
स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थानीय नागरिक अस्पताल में बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शुक्रवार को जन्मे सभी बच्चों की माताओं को सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने जन्म प्रमाण-पत्र देकर की। कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि अब नागरिक हस्पताल, सीएचसी व पीएचसी में जन्म लेने वाले प्रत्येक बच्चे का जन्म प्रमाण-पत्र उसी दिन ही जारी होगा। जन्म प्रमाण-पत्र बनाने को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग भिवानी की ओर से यह एक नई शुरूआत की गई है। सीएमओ ने कहा कि इस कार्य को सिरे चढ़ाने की योजना कई दिन से तैयार की जा रही थी, कि बच्चे के जन्म वाले दिन ही या जच्चा-बच्चा को अस्पताल से छुट्टी देने से पहले ही उसका जन्म प्रमाणपत्र जारी कर दिया जाएगा। शुक्रवार को विधिवत रूप से सभी जच्चा को बच्चे का जन्म प्रमाण-पत्र देकर इसकी शुरूआत की गई। उन्होंने कहा कि यह सबके प्रयासों से अच्छी शुरूआत है। भविष्य में कभी जन्म प्रमाण पत्र जारी करने में समय ना लगे। जिस दिन बच्चे का जन्म हो, उसी दिन बच्चे का जन्म प्रमाण-पत्र तैयार करके दे दिया जाएगा।

> 8 जिस दिन बच्चे का जन्म हो, उसी दिन बच्चे का जन्म प्रमाण-पत्र तैयार करके दे दिया जाएगा

# स्कूलों में अभिभावकों का आर्थिक शोषण हो बंदः अभिभावक मंच

**यमुनानगर/टीम एक्शन इंडिया**
अभिभावक सेवा मंच के आह्वान पर बड़ी संख्या में अभिभावकों ने अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार को लघु सचिवालय में उप मंडल अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। अभिभावक सेवा मंच के सचिव विपिन गुप्ता ने कहा कि नये नियमानुसार के. जी. कक्षा में पढने वाले वो बच्चे जो आगामी नये सेशन में छ : साल से कम उम्र के हैं उन्हें पहली कक्षा में नहीं प्रवेश नहीं दिया जाएगा। निजी स्कूल और प्रशासन जिद पर अडे है कि सभी माता-पिता सरकार के इस आदेश पर



अपनी सहमति दे कि वे इस आदेश को हर हाल में मानेंगे। इस पर अभिभावकों ने कहा है कि जब सरकार के आदेश आते हैं कि सभी स्कूलों में केवल एन.सी.ई.आर.टी की ही किताबें लगेंगी। तब सरकार के आदेश न मानते हुए निजी प्रकाशकों की पुस्तकें खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है क्योंकि उसमें आपको कमीशन मिलता है। कई स्कूलो में ही बेची जा रही निजी प्रकाशकों की किताबें, वर्दी भी एक ही दुकान से खरीदनी पड़ती है । उन्होंने कहा कि अब बच्चों को दोबारा के.जी. की कक्षा करानी पड़ेगी। जिसमें स्कूल वाले अपना फायदा देख जबरन एक साल की स्कूल फीस, वार्षिक शुल्क , बस फीस, किताबें और कापियां आदि लगवा कर दोनों तरफ से अभिभावकों का आर्थिक शोषण करने पर तुले हुए हैं।

# शराब माफिया ने मां व पत्नी के साथ मिलकर सब इंस्पेक्टर की वर्दी फाड़ी

## घटना उस वक्त हुई जब मुलाना थाना की कलालटी चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह हेड कांस्टेबल साथ गांव नौहनी में रेड करने गए थे

**कैथल/टीम एक्शन इंडिया**
**अंबाला** में शराब माफिया व उसकी पत्नी ने अवैध शराब पकड़ने गए सब इंस्पेक्टर की वर्दी फाड़ दी और पुलिस कर्मचारियों से हाथापाई की। आरोपित शराब बेचने का अवैध धंधा करता है। घटना उस वक्त हुई जब मुलाना थाना की कलालटी चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह हेड कांस्टेबल साथ गांव नौहनी में रेड करने गए थे। पुलिस ने आरोपित और उसकी मां-पत्नी के खिलाफ सरकारी काम में बाधा पहुंचाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। कलालटी चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर



अमरजीत सिंह ने बताया कि गुरुवार शाम 6 बजे वह हेड कांस्टेबल नरेश कुमार के साथ बस स्टैंड नौहनी पर थे। इस दौरान सूचना मिली कि गांव नौहनी निवासी मनोज कुमार उर्फ विक्की व विशु अवैध रूप से शराब बेचने का धंधा करते हैं। पुलिस सूचना के आधार पर मनोज कुमार उर्फ विक्की के घर के बाहर पहुंची थी। मनोज कुमार उर्फ विक्की व विशु मकान के बाहर गली में खड़े थे। पुलिस को देख मनोज कुमार व विशु शराब की पेटी छुपाने की कोशिश करने लगे। जब वे मनोज कुमार व विशु को पकड़ने लगे तो आरोपितों ने हाथापाई शुरू कर दी। मकान के अंदर से मनोज की मां व पत्नी भी आ गई। सब इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपित की पत्नी और मां ने जबरदस्ती उन्हें व उनके साथी को धक्का देकर मकान के अंदर कर दिया। विशु ने बाहर से गेट की कुंडी बंद कर दी। आरोपित विशु 8-9 बोतल लेकर फरार हो गया। आरोपित मनोज कुमार उनके साथ बहस करता रहा। आरोपित कहने लगा कि वारंट का बहाना लगाकर पुलिस के खिलाफ कार्रवाई कराएंगे। सूचना मिलने के बाद मुलाना थाना से एएसआई रमेश कुमार, एएसआई छत्तरपाल व एचसी सुनील कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने मनोज कुमार को काबू कर लिया, लेकिन भीड़ का फायदा उठाकर मनोज कुमार की माता व पत्नी फरार हो गई। एसआई अमरजीत ने बताया कि विशु, मनोज कुमार व उसकी माता व पत्नी ने ड्यूटी में बाधा पहुंचाया है।

> 8 मनोज कुमार उर्फ विक्की के घर के बाहर पहुंची थी। मनोज कुमार उर्फ विक्की व विशु मकान के बाहर गली में खड़े थे।

## संपादकीय

# राहुल: खुदी को कर बुलंद इतना कि...

**राहुल** गांधी का भाषण पहले कैंब्रिज विश्वविद्यालय में हुआ। इसके बाद ब्रिटिश संसद और फिर लंदन के चेथम हाउस में हुआ। इन तीनों संस्थाओं में मैं पिछले 50-55 साल से जाता रहा हूं। मुझे आश्चर्य हुआ कि हमारे नेताओं में एक नेता इतना योग्य निकला कि इन विश्व-प्रसिद्ध संस्थाओं में भाषण देने के लिए उसे बुलाया गया। मेरा सीना गर्व से फूल गया। लेकिन सच यह है कि इन संस्थाओं के सभा भवनों को कोई भी किराये पर बुक कर सकता है। राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं और सांसद हैं। इस नाते सरकार की आलोचना करने का उन्हें पूरा अधिकार है लेकिन यह काम बड़ी सावधानी से किया जाना चाहिए। ऐसी अतिवादी बातें नहीं कही जानी चाहिए जिनसे देश की छवि बिगड़ती हो, हालांकि भाजपा के प्रवक्ता जरूरत से ज्यादा परेशान मालूम पड़ते हैं। उन्हें क्या यह पता नहीं है कि विदेशी लोग राहुल की बातों को उतना महत्व भी नहीं देते, जितना हमारी जनता के कुछ लोग दे देते हैं। राहुल की इस बात से सहमत नहीं हुआ जा सकता है कि भारत का लोकतंत्र खतरे में है। यदि भाजपा पर मोदी के शिकंजे की तरफ वे इशारा कर रहे हैं तो वह तो ठीक है लेकिन क्या नेहरू, इंदिरा और सोनिया काल में ऐसा ही नहीं था। और अब तो कांग्रेस बिल्कुल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बन गई है। देश की सभी पार्टियां अब कांग्रेस के ही ढर्रे पर चल पड़ी हैं। इसके बावजूद देश में लोकतंत्र जिंदा है। इस सत्य का सुबूत यह तथ्य है कि हर पांच-दस साल में इधर हमारी सरकारें उलटती-पलटती रही हैं। यदि भारत में तानाशाही होती तो राहुल गांधी, नरेन्द्र मोदी और छोटे-मोटे नेताओं के कई अनर्गल बयानों को क्या हमारे अखबार और टीवी चैनल प्रसारित कर सकते थे? लोकतंत्र की हत्या तो इंदिरा जी के आपातकाल में ही हुई थी। क्या वैसी हालत आज भारत में है? राहुल को अमेरिका और यूरोप के देशों से यह कहना कि वे भारत के लोकतंत्र को बचाएं, अपनी हैसियत को हास्यास्पद बनाना है। पता नहीं, हर भाषण के पहले राहुल को कौन अपरिपक्व सलाहकार गुमराह कर देता है? कांग्रेस खत्म हो रही है, कुछ लोगों का यह कहना अनुचित है। कांग्रेस का मजबूत होना भारत के लोकतंत्र के लिए बहुत जरूरी है लेकिन राहुल का यह कहना कि संघ सांप्रदायिक और तानाशाही संगठन है, यह भी गलत है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने इधर मुस्लिम नेताओं, बुद्धिजीवियों और मौलानाओं को मुख्यधारा में लाने का जैसा प्रयत्न किया है, किसी पार्टी के नेता ने भी नहीं किया है। यह ठीक है कि संघ में आंतरिक चुनाव नहीं होते लेकिन राहुल बताए कि किस पार्टी-संगठन में आंतरिक चुनाव होते हैं? जिन संगठनों को आम चुनाव नहीं लड़ने हैं, उनके अंदर चुनाव अनिवार्य क्यों हों? क्या संघ कोई राजनीतिक पार्टी है? राहुल ने कहा कि संसद में उन्हें बोलने की अनुमति नहीं मिलती। कुछ हद तक यह ठीक है लेकिन आपके बोलने में कुछ दम तो होना चाहिए। विपक्ष को जितनी अनुमति मिलती है, क्या वह उसका सदुपयोग कर पाता है? मुझे याद है कि 1965-66 में डॉ. राममनोहर लोहिया को संसद में पांच मिनट का भी मौका मिलता था, तो भी उसी में इंदिरा सरकार को वे थर्रा देते थे। इस मौके पर मुझे अल्लामा इकबाल का एक शेर याद आ रहा है-

खुदी को कर बुलंद इतना कि हर तदबीर से पहले।
खुदा बंदे से खुद पूछे, बता तेरी रजा क्या है।।

# सरकारी बजट पर रेवड़ी कल्चर का साया खतरनाक

-ललित गर्ग-

> उच्चतम न्यायालय में भी इस सम्बंध में जनहित याचिकाएं की सुनवाई करते हुए कहा था कि, इस तरह से फ्रीबीज बांटना सरकार के लिए ऐसी परिस्थिति खड़ी कर सकता है कि जहां सरकारी खजाना खाली होने की वजह से जनता को आम सुविधाओं से वंचित होना पड़े। चुनाव के समय और सरकार में आने के बाद गरीब कल्याण के नाम पर रेवड़ी बांटने का काम सरकार और राजनीतिक दल अपनी सुविधा के अनुसार करते हैं। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक गरीब कल्याण के नाम पर सरकारें अपनी योजनाओं का ढिंढोरा पीटती है। गरीब कल्याण की भावना के साथ काम करने वाली सरकार गरीब और जरूरतमंदों को सब्सिडी के साथ अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराती है

**सरकारों** के बजट भी अब मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त उपहार बांटने, तोहफों, लुभावनी घोषणाएं एवं योजनाओं की बरसात करने का माध्यम बनते जा रहे हैं। बजट में भी रेवड़ी कल्चर का स्पष्ट प्रचलन लगातार बढ़ रहा है, खासकर तब जब उन राज्यों में चुनाव नजदीक हों। फ्रीबीज या मुफ्त उपहार न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में वोट बटोरने का हथियार हैं। यह एक राजनीतिक विसंगति एवं विडम्बना है जिसे कल्याणकारी योजना का नाम देकर सत्ताधारी पार्टी राजनीतिक लाभ की रोटियां सेंकती है। यह तय करना कोई मुश्किल काम नहीं है कि कौनसी कल्याणकारी योजना है और कौनसी मुफ्तखोरी यानी रेवड़ी कल्चर की, परंतु राजनीतिक मजबूरी इसे चुनौतीपूर्ण बना देती है। भारत जैसे विकासशील देश की विभिन्न राज्यों की सरकारें सरकारी बजट के माध्यम से आम-जनता को प्रभावित करने का हरसंभव प्रयास करती है। छत्तीसगढ़ सरकार का बजट इसका ताजा उदाहरण है। उसने बजट में प्रावधान किया है कि युवाओं को ढाई हजार रुपए मासिक बेरोजगारी भत्ता देगी। इसके अलावा आंगनबाड़ी कार्यकताओं, होमगार्डों, ग्राम कोटवारों आदि के मानदेय में भी वृद्धि की घोषणा की है। क्या सरकार को रोजगार एवं विकास पर ध्यान नहीं देना चाहिए?

बात केवल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी या भाजपा की ही नहीं है, बल्कि हर राजनीतिक दल सरकारी खजानों का उपयोग आम मतदाता को अपने पक्ष में करने के लिये करता है। छत्तीसगढ़ सरकार की ही तरह एक दिन पहले मध्यप्रदेश सरकार ने भी अपने बजट में लाड़ली बहना योजना शुरू की, जिसके तहत ऐसी महिलाओं को एक हजार रुपए प्रति माह सरकारी सहायता देने की घोषणा की गई, जो आयकर के दायरे में नहीं आतीं और जिनके परिवार की आमदनी ढाई लाख रुपए वार्षिक से कम है। पंजाब विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने महिलाओं को वजीफा देने की घोषणा की थी। राजस्थान सरकार तो पहले ही ऐसी लुभावनी योजनाओं की बरसात कर चुकी है। गौरतलब है कि पंजाब के अलावा इन तीनों राज्यों में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं और सभी राजनीतिक दल उसकी तैयारी में जुटने लगे हैं। इन सरकारों की घोषणाओं में स्पष्ट रूप से चुनावी मकसद देखा जा सकता है। हर कल्याणकारी सरकार का दायित्व है कि वह अपने नागरिकों को आर्थिक रूप से सक्षम



बनने के अवसर उपलब्ध कराए। लेकिन सरकार चुनाव के समय ही ऐसी लुभावनी योजनाएं लेकर क्यों आती है? सभी राजनीतिक दलों की बड़ी लुभावनी घोषणाएं होती हैं, घोषणा पत्र होते हैं-जनता को पांच वर्षों में अमीर बना देंगे, हर हाथ को काम मिलेगा, सभी के लिए मकान होंगे, सड़कें, स्कूल-अस्पताल होंगे, बिजली और पानी, हर गांव तक बिजली पहुंचाई जायेगी, शिक्षा-चिकित्सा निःशुल्क होगी। ये राजनीतिक घोषणाएं पांच साल में अधूरी ही रहती है, फिर चुनाव की आहट के साथ रेवडियां बांटने का प्रयत्न बजट के माध्यम से किया जाता है, कितने ही पंचवर्षीय चुनाव हो गये और कितनी ही पंचवर्षीय योजनाएं पूरी हो गईं पर यह दुनिया का आठवां आश्चर्य है कि कोई भी लक्ष्य अपनी समग्रता के साथ प्राप्त नहीं हुआ। खुशहाल देश और समाज वही माना जाता है, जहां लोग निजी उद्यम से अपने गुजर-बसर संबंधी सुविधाएं जुटाते हैं। खैरात पर जीने वाला समाज विपन्न ही माना जाता है। लोग भी यही चाहते हैं कि उन्हें कुछ करने को काम मिले। इसी से उन्हें संतोष मिलता है। मगर हकीकत यह है कि देश में नौकरियों की जगहें और रोजगार के नए अवसर लगातार कम होते गए हैं। सरकारों की तरफ से ऐसे अवसरों को बढ़ाने के व्यावहारिक प्रयास न होने की वजह देश एवं प्रांत समग्र एवं चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर नहीं हो पाते हैं। सरकारें अपनी इस नाकामी एवं कमजोरी पर पर्दा डालने के लिए मुफ्त सहायता देने की परंपरा विकसित कर ली है। चाहे वह मुफ्त राशन हो, बेरोजगारी भत्ता हो या फिर महिलाओं को वजीफा हो, मुक्त बिजली-पानी हो, मुफ्त चिकित्सा हो, मुफ्त यात्रा हो- इस मामले में किसी भी राजनीतिक दल की सरकार पीछे नहीं है। अब तो इस मामले में जैसे एक-दूसरे को पछाड़ने की होड़-सी नजर आने लगी है। सवाल है कि सरकारें इस पहलू पर कब विचार करेंगी कि हर हाथ को काम मिले, रोजगार बढ़े, स्वरोजगार की स्थितियां बने। लोगों के हाथ में काम होगा, तो उन्हें इस तरह सरकारों की मुफ्त की योजनाओं के लिए हाथ परसारने पर मजबूर ही नहीं होना पड़ेगा। जब लोगों के हाथ में काम होता है, तो न सिर्फ उनकी पारिवारिक स्थिति सुधरती है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी बल मिलता है। लेकिन लगता है सरकारें आम जनता को समर्थ बनाना ही नहीं चाहती, गरीब को गरीब बनाये रखने में ही उनका राजनीतिक हित है, तभी वे रेवड़ियां बांटने का चुनावी लाभ उठा सकती है।

भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों अपने चुनावी एवं गैर-चुनावी संबोधनों में मुफ्त संस्कृति को लेकर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा था कि यह आधारभूत संरचना के विकास में अवरोध है। इसे शॉर्टकट बताकर इसके खतरे से आगाह किया और मुफ्त संस्कृति पर बहस को आगे बढ़ाया। उच्चतम न्यायालय में भी इस सम्बंध में जनहित याचिकाएं की सुनवाई करते हुए कहा था कि, इस तरह से फ्रीबीज बांटना सरकार के लिए ऐसी परिस्थिति खड़ी कर सकता है कि जहां सरकारी खजाना खाली होने की वजह से जनता को आम सुविधाओं से वंचित होना पड़े। चुनाव के समय और सरकार में आने के बाद गरीब कल्याण के नाम पर रेवड़ी बांटने का काम सरकार और राजनीतिक दल अपनी सुविधा के अनुसार करते हैं। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक गरीब कल्याण के नाम पर सरकारें अपनी योजनाओं का ढिंढोरा पीटती है। गरीब कल्याण की भावना के साथ काम करने वाली सरकार गरीब और जरूरतमंदों को सब्सिडी के साथ अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराती है इसमें सरकारी अस्पताल में सस्ता इलाज, स्कूलों में मुफ्त शिक्षा और मिडडे मील के साथ अन्य कई सुविधाएं शामिल हैं। सरकारों ने नौकरी और रोजगार सृजन की तरफ से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की योजनाओं को सबसे आसान रास्ता समझ लिया है। इस रास्ते पर वे कितने समय तक चल सकेंगी, इसका ठीक-ठीक आकलन शायद ही किसी ने किया हो। अब तो ऐसा लगने लगा है कि जैसे सरकारों में रोजगार सृजन की इच्छाशक्ति भी नहीं बची है। बजट की लोक-लुभावन घोषणाओं के आर्थिक अर्थों में मुफ्त के प्रभावों को समझने और इसे करदाताओं के पैसे से जोड़ने की जरूरत है। सब्सिडी और मुफ्त में अंतर करना भी आवश्यक है क्योंकि सब्सिडी जरूरतमंदों को मिलने वाले उचित और एक वर्ग विशेष को दिए जाने वाला लाभ है, जबकि मुफ्तखोरी काफी अलग है यह आम वोटरों को लुभाने का जरिया है। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि यह पैसा करदाताओं का है, जिसका उपयोग पार्टियां अपने निजी प्रचार और वोटों की राजनीति के लिए कर रही हैं। रेवड़ी संस्कृति यानी सरकारी खजाने से भारी-भरकम चुनावी वादों की पूर्ति। कुछ लोग इसे जनता को मुफ्तखोरी की लत लगाने का नाम देते हैं। सार्वजनिक विमर्श में इसे फ्रीबीज या कहें कि मुफ्त उपहार की पेशकश कहा जाता है। सरकारी बजट को आम जनता के विकास का माध्यम बनाना चाहिए न कि उन्हें मुफ्त या खैरात बांट कर अकर्मण्य बनाया जाये। जरूरत मुक्त की संस्कृति को नियंत्रित करने की है। सत्ताधारी राजनीतिक दल राजनैतिक लाभ की रोटियां सेंकने की बजाय बेहतर प्रभावी आर्थिक नीतियां बनाए और उसे लाभार्थियों तक सही तरीके से पहुंचाए तो इस प्रकार की मुफ्त घोषणाओं की जरूरत नहीं रहेगी। चुनाव के समय सत्ताधारी पार्टियों को अपने बजट में उन आर्थिक नीतियों या विकास मॉडलों को विस्तार से लागू करना चाहिए जो वास्तविक रूप में उस प्रांत की जरूरत हैं। उन्हें जनता के सामने उन नीतियों को स्पष्ट रूप से बताया जाना चाहिए और प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए।

## कविता

परीक्षा भवन में मैं पहुँचा, जब लेकर गत्ता पैन।
धक-धक दिल की धड़कन करती, खो गया था चैन।
लेकर रोल नं० स्लिप हाथ में , यथा स्थान मैं बैठ गया।
पैंसिल रबड़ निकालकर, स्केल-पैन को चैक किया।
थोड़ा-थोड़ा डर था मन में, थोडी बहुत जिज्ञासा।
जब प्रश्न-पत्र सामने आया, मन में छाई निराशा।
प्रश्न-पत्र को उलट-पलट के, इधर-उधर से देखूँ मैं।
प्रश्न कोई समझ न आएँ, अपने भाग्य को कोसूँ मैं।
दीवार फांदकर पाठशाला की , यारों संग मौजमस्ती की
पिक्चर देखी , लड़कियां छेड़ी सबने अपनी बस्ती की
घरवालें भी समझाते थे , पढ़ लो जीवन बन जाएगा।
स्कूल में विद्या अर्जन से, तेरा जीवन तर जाएगा।
पर हम भी हम थे हमने भी, कब घरवालों की मानी है।
दंगा-फसाद में नाम हो आगे, यही मन में ठानी है।

डॉ उमेश प्रताप

## सबको हंसाने वाले मिलनसार शख्सियत थे सतीश कौशिक

**दीपक कुमार त्यागी**

मायानगरी मुंबई में फिल्मों के पोस्टर चिपकाने से शुरू किया सफर एक दिग्गज अभिनेता व निर्देशक के रूप में हुआ समाप्त

अपने बेहद मिलनसार जिंदादिल व्यवहार, शानदार अभिनय व निर्देशन के लिए हमेशा याद आयेंगे सतीश कौशिक भारतीय सिनेमा जगत को 9 मार्च 2023 की सुबह का दिन बेहद ही दर्दनाक खबर के साथ बहुत गहरे जख्म देकर चला गया। लोगों को पर्दे व वास्तविक जीवन में हंसाने वाली शानदार शख्सियत के धनी सतीश कौशिक के अचानक हुए निधन की खबर ने दिलो-दिमाग को सुबह-सुबह ही झकझोर कर रख दिया। आम जनमानस की तरह मेरा मन भी किसी भी सूरते-हाल में यह मानने के लिए तैयार नहीं था कि आखिर सबको हंसाने वाली शानदार शख्सियत आज रुला कर कैसे चला गया, लेकिन ईश्वर की इच्छा पर किसी का कोई बस नहीं चलता है। वैसे भी जो शख्स 7 मार्च को जावेद अख्तर व शबाना आजमी के द्वारा आयोजित होली पार्टी का पूर्ण रूप से स्वस्थ अवस्था में जमकर लुत्फ ले रहा हो। वह एक दिन बाद यूं ही 66 वर्ष की आयु में अचानक से दुनिया से रुखसत हो जायेगा, दिल का दौरा आने के चलते इस शानदार अभिनेता के जीवन का पल में ही अंत हो जाएगा। "*13 अप्रैल 1956 को हरियाणा के महेंद्रगढ़ में पैदा हुए सतीश कौशिक ने वर्ष 1972 में दिल्ली के प्रतिष्ठित किरोड़ीमल कॉलेज से स्नातक किया। उन्होंने अपने सपनों को साकार करने राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (ठरऊ) और भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान (ऋळक्क) से सिनेमा जगत से जुड़ी बारीकियों की शिक्षा ली थी। वर्ष 1983 में फिल्म मासूम से अपने बॉलीवुड करियर की शुरूआत करने वाले सतीश कौशिक ने सिनेमा जगत में करियर शुरू करने से पहले थिएटर में काम करके अपनी पहचान बनाने का किया था। उन्होंने अभिनेता बनने से पहले जीवन यापन के लिए कुछ समय तक एक टेक्सटाइल फैक्ट्री में नौकरी तक भी की थी। हालांकि सतीश कौशिक को वर्ष 1987 में रिलीज हुई फिल्म मिस्टर इंडिया में अपने यादगार हास्य किरदार कैलेंडर के कारण ही माया नगरी मुंबई के सिनेमा जगत व दर्शकों के बीच विशेष पहचान मिल गयी थी, उस पहचान ने ही उनके सपनों को पूरा करने के लिए उड़ान के लिए मजबूत पंख लगाने का कार्य किया था। जिसके बाद उन्होंने लगभग 100 से अधिक फिल्मों में अभिनय करने का कार्य किया था। वर्ष 1993 में सतीश कौशिक ने फिल्म रूप की रानी चोरों का राजा से अपने डायरेक्शन का डेब्यू किया था और उनकी यह फिल्म उस दौर की बेहद प्रसिद्ध फिल्मों में से एक रही थी। उन्होंने अपने हास्य किरदारों व निर्देशन के बलबूते दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाते हुए माया नगरी मुंबई के सिनेमा जगत में विशिष्ट पहचान बनाई थी।"

## विचार

# स्वास्थ्य की रक्षा प्राथम्य, समय की महत्ता को समझें

**संजीव ठाकुर**

**मानव** जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता है' मनुष्य यदि स्वास्थ्य नहीं रहता तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और ना ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है' इसी तरह समय को भी धन ही कहा जाता है समय का जो सही सदुपयोग करता है वह उन्नति के शिखर पर होता है' मजबूत राष्ट्र सदैव समय की कीमत समझता है और जो समय की कीमत समझता है समय उसकी कीमत समझता है' समय का सही सदुपयोग न करने वाले अस्वस्थ मनुष्य का जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रहता है' इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता है' इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरूआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सके' भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता है' इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है' इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगा' फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरूआत शारीरिक फिटनेस से,फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव,फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55% हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी,अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं,यह दशार्ते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुतः सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है। लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते, व्यायाम करने की जगह आराम करना पसंद करते हैं,जिस कारण भारत में स्वास्थ्य संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और इसीलिए फिट इंडिया मूवमेंट के संचालन की आवश्यकता बढ़ गई है, जिससे लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। पूरा विश्व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है पड़ोसी देश चीन ने स्वस्थ चाइना मिशन 2030 तक चलाने का एक कार्यक्रम बनाया है। ऑस्ट्रेलिया ने भी वर्ष 2030 तक अपने नागरिकों को आलस भगाने तथा शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने का मिशन चलाया है। जर्मनी ने फिट इनडीड ऑफ फैट अभियान चला रखा है। अमेरिका भी एक विशाल देश है जहां 32 करोड़ जनसंख्या है, उसने भी अपने नागरिकों को स्वस्थ तथा फिट रखने का अभियान चलाकर लोगों को फिटनेस ट्रेनिंग मुहैया करा दी है। मूलतः स्वस्थ रहने से अनेक बीमारियां स्वतह दूर चली जाती हैं, एवं बीमारियों में होने वाला खर्च की बचत भी होती है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बेरोजगारी के दौर में युवा शक्ति कौशल और शिक्षा

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**युवाओं** को आत्मनिर्भर बनाने के लिये देश की व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रणाली को सशक्त बनाना होगा। कोरोना ने देशवासियों को ऐसे स्थान पर लाकर खड़ा कर दिया है जहां पर अनेक लोगों को कौशल की आवश्यकता है । इस समय हर वर्ग के व्यक्ति को एक सभ्य आजीविका की जरूरत है। कौशल एवं व्यवसायिक शिक्षा की जरूरत केवल वंचित समुदायों के लोगों को ही नहीं बल्कि उन लोगों को भी जरूरत है जो औपचारिक शिक्षा भी प्राप्त नहीं कर पायें। भारत दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाला युवा देश है और यह युवा शक्ति न्यू इंडिया का आधारस्तंभ है। लिहाजा केंद्र सरकार की नीतियों में बजट में, योजनाओं में। युवाओं को लेकर भविष्य के विकास का विजन दिखाई देता है। जैसा कि अमृत काल के बजट में युवाओं और उनके भविष्य को सबसे ज्यादा महत्व दिया गया है। टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप से कैसे युवाओं की तकदीर बदल रही है। सुधारों के साथ शिक्षा क्षेत्र की कैसे तस्वीर बदल रही है। युवाओं के दम पर दुनिया के सामने कैसे मजबूती से खड़ा हो रहा है भारत। युवा किसी भी देश का भविष्य है, आज, भारत विश्व की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में उभर रहा है। यहाँ प्रत्येक तीसरा व्यक्ति युवा है ऐसे में हमें, इस युवा ऊर्जा का प्रयोग सही दिशा में करने के लिए साधन सोचने होगें। युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा करने वाली नीतियां और कार्यक्रम मौजूदा वक्त की सबसे बडी आवश्यकता है। युवाओं को सशक्त बनाने की कुंजी, कौशल विकास के साथ है, जब एक युवा के पास आवश्यक कौशल होता है तो वह उसका उपयोग अपनी आजीविका व दूसरों की सहायता करने के लिए कर सकता है। वह आर्थिक रूप से राष्ट्र का भी समर्थन करता है। युवाओं को शिक्षा के साथ कौशल विकास और उद्यमशीलता से जोड़ना जरूरी है। साथ ही उन्हें स्कूली शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा भी अति आवश्यक है। कोरोना माहमारी के समय अनेक लोगों को अपने रोजगार, व्यवसाय और नौकरी से हाथ धोना पड़ा इसलिये जरूरी है कि हमारे देश के सभी बच्चों को कौशल विकास की शिक्षा प्रदान की जाये ताकि उनमें उद्यमशीलता का गुण विकसित हो।

## फालतू लेखन प्रदूषण

**डॉ. सुरेश कुमार**

लेखक महोदय! आपके अनुभव और पहुँच के चलते इस बार विश्व पुस्तक मेले में आपकी बड़ी धूम रही। जितनी बार साँसें नहीं लीं उतनी बार तो आपने पुस्तकों का लोकार्पण कर दिया। जहाँ देखिए वहाँ आप ही आप छाए हुए थे। मधुमक्खी के छत्ते की तरह फोटों खिंचवाने की लेखकों में बड़ी चुल मची थी। पता ही नहीं चल रहा था कि लेखक कौन है और उसके रिश्तेदार कौन हैं? एक सप्ताह-दस दिन गुजर जाने के बाद लेखक खुद को उन फोटो में ढूँढ़ने में गच्चा खा जाएगा। यह सब छोड़िए। यह बताइए इतनी सारी पुस्तकें घर ले आए हैं, इनका क्या करेंगे? मैंने पूछा। पहुँचे हुए लेखक थे। सो उन्होंने एक लंबी साँस छोड़ते हुए कहा झ पिछली बार की तुलना में इस बार इतनी किताबें मिली हैं कि घर में उन्हें रखने भर की जगह नहीं है। इसलिए किताबें बरामदे में कूड़े की तरह रख डाली हैं। सूखे कूड़े की तरह सूखी किताबें, गीले कूड़े की तरह गीली किताबें अलग करने का समय नहीं मिला। कोई बात नहीं है। इस बार मैंने एक बढ़िया उपाय ढूँढ़ निकाला है। उपाय? कैसा उपाय? मैंने आश्चर्य से पूछा। उपाय बता तो देता। डर है कहीं तुम किसी को बता न दो। पहले मैं इस उपाय का कॉपीराइट करवाऊँगा। फिर किसी को बताऊँगा। लेखन ने संदेह की नजर से मेरी ओर देखा। आपको मुझ पर इतना भी विश्वास नहीं है। मैंने कितनी सारी आपकी रचनाओं का टंकण किया है। चाहता तो उसमें कुछ इधर-उधर कर उसे अपनी रचना बना सकता था लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। कम से कम इतना तो विश्वास कीजिए। झ मैंने गिड़गिड़ाते हुए कहा। कॉपी कर भी लेते तो क्या कर लेते। यहाँ लोग कंटेंट नहीं नाम देखकर किताबें खरीदते हैं। तुम्हारे जैसों की कोई किताब अपने पास रखकर अपनी भद्द थोड़े न पिटवायाएगा। लेखक ने चिढ़ाते हुए कहा। बात तो आपकी बिल्कुल सही है। यह सब छोड़िए। उपाय बताइए। मैं किसी को नहीं बताऊँगा। झ उत्सुकतावश पुनः पूछने लगा। ठीक है! ठीक है! बताता हूँ। इस बार मैं इन पुस्तकों की कंपोस्टिंग खाद बनाऊँगा। इसके लिए सबसे पहले एक गड्ढा खोदूँगा।

# नपा हाल में विधायक की अध्यक्षता में हुई बैठक



**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** नगरपालिका हाऊस की बैठक नगरपालिका हाल में विधायक निर्मल चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पार्षदों ने अपने वार्डों में सफाई न होने, पेयजल आपूर्ति, सीवरों की सफाई, गलियों का निर्माण कार्य न होने आदि की समस्या उठाई। सबसे ज्यादा पार्षदों ने कहा कि उनके वार्ड में साफ- सफाई का बुरा हाल है। उनके अधिकारी फोन तक नही उठाते। कार्यालय में जाते है तो मिलते नही, अगर मिल भी जाता है तो वे एक दूसरे के विभाग की जिम्मेदारी बताकर अपना पल्ला -ाड़ लेते है। नगरपालिका के जेई की कार्यशैली के बारे में पार्षदों नाराजगी जताई तो चेयरमैन ने कहा कि वे जेई के खिलाफ प्रस्ताव पास कर सरकार को भेजते है। जिस पर सभी पार्षदोंने सहमति जताई। पार्षदों के लगातार गुस्से को बढ़ते देख जनस्वास्थ्य विभाग के एक्ईन को फोन लगाकर पार्षदों की समस्या के समाधान के आदेश दिए। एक्सईन को आदेश दिए कि वपे मंगलवार को नगरपालिका सभागर में उपमंडल के सभी अधिकारियों के साथ पहुंचकर पार्षदों से रूबरू होकर उनकी समस्या सुनकर उनका समाधान करवाएं।

**पार्षदों की समस्या का समाधान नही हुआ तो विधानसभा में अधिकारियों की कार्यप्रणाली का मामला उठाएंगे :** पार्षदों द्वारा बार- बार पेयजल व गलियों में पानी भरने व जनस्वास्थय विभाग के अधिकारियों द्वारा उनकी सुनवाई न करने पर विधायक ने तुरन्त एक्सईन को चेताया कि इसके बाद भी अगर पार्षदों की समस्या का समाधान नही करते तो उनकी कार्यप्रणाली व समस्या को विधानसभा में उठाएंगे ताकि लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि पार्षद उनके लिए सम्मानिय है। उनकी प्राथमिकता सर्वोपरी है। पार्षद अपने घर की समस्या नही बता रहे। वे लोगों की समस्या बता रहे है।

**सीएम वींडों का बिना समस्या समाधान कर देते है अधिकारी निपटान : जनस्वास्थय** विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली पर रोष जताते हुए वार्ड 2 के पार्षद कृष्णलाल ने कहा कि वार्ड की उक्त विभाग से संबधित समस्याओं के समाधान को लेकर शिकायत की थी लेकिन विभाग के अधिकारियों ने सीएम वींडों निपटान समिति सदस्य के साथ मिलकर उनका पक्ष सुने बगैर ही सीएम वींडों का निपटान कर दिया। अधिकारी काम नही करते है।

> 8 कार्यालय में जाते है तो मिलते नही, अगर मिल भी जाता है तो वे एक दूसरे के विभाग की जिम्मेदारी बताकर अपना पल्ला -ाड़ लेते है

**फाईनेंस कमेटी के सदस्य बने ममता व विकास :** बैठक म नपा हाऊस की बैठक में चैयरमैन सहित 18 पार्षदों में से 2 पार्षद अनुपस्थित रहे। उनमें से 10 पार्षदों में से फाईनेंस कमेटी के सदस्यों की नियुक्ति का समर्थन किया, जब कि 5 पार्षद ने विरोध जताया। विधायक ने फाईनेंस कमेटी के सदस्य के चयन के लिए नगरपालिका चेयरमैन ने चयन का प्रस्ताव रखा तो इसी बीच पार्षद ने कहा कि एक सदस्य एससी व बीसी कटैगरी का होना चाहिए। इसके बाद वार्ड 5 की पार्षद ममता पांचाल व वार्ड 8 से विकास शर्मा को सर्वसम्मति से नियुक्त किया।

**कच्चे सफाई कर्मचारी शिवनारायण शर्मा को सुपरवाईजर बनाने पर पार्षदो ने जताया एतराज :** नपा पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगरपालिका के कच्चे सफाई कर्मचारी शिवनारायण शर्मा को सुपरवाईजर बनाए जाने पर विरोध जताया और कहा कि यह न तो सफाई करवाता है और न ही डयूटी पर आता है। उन्होंने कहा कि वे वेतन सरकार से लेते है। पर्सनल किसी एक व्यक्ति से नही। अधिकारियों ने बताया कि वह कांग्रेस सरकार के कार्यकाल से लगा हुआ है। विधायक ने कहा कि अधिकारी पार्षदों के कहने पर उनके वार्ड में सफाई कर्मचारी लगाए ताकि पार्षदों की जवाबदेही वार्ड के लोगों से हो। सुबह कूड़ा उठान की समस्या के बारे में एसआई पोषण ने कहा कि पार्षद कूड़ा उठान की समस्या के समाधान के लिए जेबीएम कंपनी के टोल फ्री नंबर पर करे।

# अंबाला में भारी मात्रा में नकली देसी घी पकड़ा, ड्राइवर गिरफ्तार



**अंबाला (मनीष कुमार)**
**नामी कंपनियों** के ब्रांड के देसी घी के नाम से नकली देसी घी बेचने के मामले में सीएम फ्लाईंग ने तीन लोगों पर केस दर्ज किया है। इस मामले में अंबाला शहर थाना में आरोपी संजीव गर्ग, चिराग गर्ग उर्फ चीनू व ड्राइवर राकेश कुमार पर धोखाधड़ी व कापीराइट का केस दर्ज किया है।

सीएम फ्लाईग ने गुप्त सूचना के आधार पर अग्रसेन चौक पर एक टाटा ऐस गाड़ी को रूकवाकर चेकिंग की थी। इसमें से पतंजलि सहित विभिन्न ब्रांड के नकली देसी घी के 630 डिब्बे बरामद हुए थे। कंपनी के फील्ड अफसर मनीष कुमार ने शिकायत में बताया था कि अंबाला शहर में सर्वे के दौरान उसे पता चला कि बस स्टैंड मार्केट में उनकी कंपनी के ब्रांड के नाम से नकली मार्का लगा देसी घी सप्लाई किया जा रहा है। सूचना मिली थी कि बलराज नगर निवासी संजीव गर्ग और चिराग गर्ग कैथल से मंगवा अंबाला सिटी बाजार में नकली मार्का का घी सप्लाई कराते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### बीजेपी सरकार दे 25000 करोड़ घोटाले का हिसाब : बुल्ले शाह

**पानीपत : जिला** शहरी कॉन्ग्रेस ने आज एलआईसी दफ्तर के बाहर धरना प्रदर्शन किया। वरिंदं बुल्ले शाह ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा एलआईसी व एसबीआई के 25000 करोड रुपए जो अडानी को दिए गए हैं उसका कांग्रेस हिसाब मांग रही है। और मोदी सरकार उसका हिसाब नही दे रही इसीलिए उनके द्वारा बार बार धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस सरकार को चेता रही है और आम जनता को जगा रही हैं। और लोग भी जागरूक हो रहे है इसी लिए बीजेपी अब जिस भी प्रदेश में चुनाव लड़ रही है उसी जगह से हार रही है यह लोगो के जागरूक होने का नतीजा है। 25000 करोड़ का जो ये घोटाला हुआ है कांग्रेस का हिसाब मांग रही है अगर सरकार की का हिसाब नहीं देती है तो कांग्रेस द्वारा लगातार बार-बार धरना प्रदर्शन किया जाएगा क्योंकि यह पैसा आम जनता का पैसा है। हिडन बर्ग की रिपोर्ट में यह साफ हो चुका है कि इंडिया के अंदर हजारों करोड़ का घोटाला हुआ है। इस मौके पर पानीपत शहरी विधानसभा के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मेले हमारी संस्कृति की पहचान : चंदेला

**एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल :** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गावड़ी जाट में बाबा शहीद मेले में विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया । जिसमें 100 से लेकर 21 हजार रुपए तक की कुश्ती करवाई गई । मेले में 100 की कुश्ती 3, 200 की दो, 500 की तीन, 11 सो रुपए की 12 व 15 सो रुपए की 17, 41सौ रुपए की एक, 51 सौ रुपए की एक, 11000 की एक तथा 21000 की एक कुश्ती करवाई गई । 11000 की कुश्ती शेरा पहलवान व सोनू के बीच हुई। करीब 10 मिनट तक दोनों पहलवानों की जोर आजमाइश के बाद बराबरी पर कुश्ती छुट्टी । 21000 की कुश्ती बलजीत बाघोत व कालू आसलवास के बीच हुई जिसमें कालू आसलवास विजेता रहे । इस अवसर पर वार्ड नंबर 18 के पार्षद श्याम चंदेला ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति की पहचान है। इसमें आपसी भाईचारे की भावना बनी रहती है। वही पूर्व चेयरमैन व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रवीण चौधरी ने कहा कि पहलवान को हार जीत की परवाह नहीं करनी चाहिए । हमेशा अपने लक्ष्य को हासिल करने की सोच रखनी चाहिए। वही निजामपुर ब्लॉक की पूर्व चेयरपर्सन बबीता छिल्लर के पति जोगिंदर ने कहा कि गावड़ी जाट में बाबा शहीद का मेला आपसी भाईचारे की भावना को दशार्ता है । उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन पुरानी परंपरा से चले आ रहे हैं। इनको यथार्थ रखना हम सब की जिम्मेवारी है। मेले में रैफरी की भूमिका पहलवान रामकिशन रोपड़ सराय व रामप्रताप ने निभाई। इस अवसर पर सुरेंद्र सरपंच, कुलदीप थानेदार, सुनील नंबरदार, दयानंद, रामेश्वर जागीरदार, सुभाष, कैलाश, बिरजू सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।



### परिचालकों ने प्रदर्शन करते हुए जीएम को सौंपा ज्ञापन

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
**विभिन्न** मांगो को लेकर रोडवेज कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन करते हुए जीएम रोडवेज को ज्ञापन सौंपा। गुस्साए कर्मचारियों का कहना था कि वह इसस पहले भी कई बार अपनी मांगो को लेकर प्रदर्शन कर चुके है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। आज सुबह लगभग 10 बजे रोडवेज कर्मचारी इकट्ठे हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस अवसर पर रमन सैनी, मनप्रीत गुलशन कुमार, परमजीत, स्वर्ण सिंह, मान सिंह, बंसत सैनी, पवन कुमार, राजीव गडु सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे। अंबाला शहर बस स्टैंड पर रोड़वेज कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए हुए कहा कि उन्हें सबसे कम पे ग्रेड दिया जा रहा है जबकि दूसरे विभागों के कर्मचारियों का पे ग्रेड उनसे ज्यादा है। रोड़वेज के परिचालक को 1900 रुपए पे ग्रेड दिया जा रहा है जबकि उन्हें 4200 रुपए पे ग्रेड दिया जाना चाहिए। कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए इस दौरान सरकार से मांग पर गौर करने की बात कही और कहा आज शाम कर्मचारियों की परिवहन मंत्री के साथ बैठक है यदि उनकी मांगों पर सहमति नही बनी तो कर्मचारी परिवहन मंत्री का घेराव करेंगे। उन्होनें कहा कि लंबे समय से वे अपनी मांगो को लेकर संघर्ष कर रहे है। कई बार अधिकारियों और मंत्रियों को ज्ञापन भी दे चुके है। लेकिन इसके बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होनें कहा कि मांगो को लेकर रोडवेज कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया था।

# शहीदी दिवस पर 19 मार्च को युवाओं की डैड वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**साथी** फाऊंडेशन एवं शहीद सम्मान समिति द्वारा आगामी 19 मार्च को शहीद भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव की पुण्यतिथि पर युवाओं की डैड वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा तथा युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई जायेगी तथा तीनों बलिदानियों को शहीद का दर्जा देने के लिए हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा। भगवान महावीर इंस्टीटयूट ऑफ इंजीनियरिंग, फाजिलपुर के आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में शहीदों को पुष्पांजलि के साथ प्रसिद्ध गायक एवं मुख्यमंत्री के पब्लिसिटि ओ0एस0डी0 गजेन्द्र फौगाट भगत सिंह के जीवन पर गीत प्रस्तुत करेंगे तथा अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी योगेश्वर दत्त एवं पूर्व मंत्री कविता जैन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित करेंगे। शहीद सम्मान समिति के संरक्षक एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने बताया कि विभिन्न आयु एवं भार वर्ग की सात प्रतियोगितायें होंगी और विजेताओं को लगभग 5 लाख रुपए के नगद पुरस्कार वितरित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शहर के प्रत्येक जिम पर जाकर कार्यक्रम का निमंत्रण दिया जा रहा है। राजीव जैन ने बताया कि बलिदानी शहीद भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव को आजादी के 75 वर्षों के बाद भी शहीद का दर्जा नहीं दिया गया है।



# शहर कोर्ट परिसर में लोक अदालत का आयोजन आज

**अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** शहर कोर्ट परिसर में आज लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। ऐसे में वह लोग जो शीघ्र न्याय की उम्मीद लगाए हुए है उनके लिए लोक अदालत शीघ्र न्याय का सस्शक्त माध्यम है। अम्बाला में लगने वाली लोक अदालत को लेकर लगभग सभी तैयारियां भी पूरी कर ली गई है।

दुष्यंत चौधरी ने बताया कि कल सी जे एम एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंबाला द्वारा मोटर वाहन दुर्घटना संबंधित मुकदमों के लिए स्पैशल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, अम्बाला में किया जाएगा व अधिक जानकारी के लिए हैल्पलाइन नं. 0171-2532142 व 9991112660 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होनें बताया कि समय समय पर नालसा की ओर से लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। लोक अदालत में मुख्यत मोटर वाहन दुघर्टना संबधी मुकदमों का निपटान होगा। उन्होनें कहा कि इस दौरान बेंच के सदस्य भी मौजूद रहेगें तथा मुकदमों के निपटान का भ्रयस्क प्रयास किया जाएगा। उन्होनें कहा कि लोक अदालत बहुत ही कारगार है। इसमें जल्द ही न्याय मिलता है। बहुत से मामले ऐसे है जिसमें दोनों पक्षों को यदि बैठकर बात करवाई जाए तो मुकदमों का समाधान हो जाता है। लेकिन अक्सर देखने में आता है कि दोनों पार्टियों को बैठने का मौका ही नही मिलता।

# 'सोनीपत में कोविड रोधी वैक्सीन का आंकड़ा हुआ 23 लाख के पार'

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**उपायुक्त** ललित सिवाच ने कहा कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के को-वीन पोर्टल के आधार पर कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में सोनीपत जिला ने उल्लेखनीय कार्य करते हुए कोविड रोधी वैक्सीन का 23 लाख से अधिक डोज का आंकड़ा पार कर लिया है। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग व जिलावासी बधाई के पात्र है। उपायुक्त सिवाच ने कहा कि कोरोना को रोकने के लिए वैक्सीन सबसे बड़ा हथियार है। जिला में कोविड रोधी टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य विभाग विभिन्न टीकारकरण केन्द्र बनाए गए है जहां पर निशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। उपायुक्त ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों ने अब तक कोविड टीकाकरण नहीं करवाया या जिनकी दूसरी डोज लगनी है। वह सभी अपने नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर टीकाकरण अवश्य करवाएं। जिला में अब तक अब तक 23 लाख 63 हजार 359 जिला में 12 लाख 99 हजार 333 को लगी पहली व 10 लाख 02 हजार 148 को लगी दूसरी डोज लगाई जा चुकी है। इसके अलावा 61878 लोगों को बूस्टर डोज लगाई जा चुकी है।

# हकेवि समकुलपति प्रो. सुषमा यादव को मिला महिला सशक्तिकरण सम्मान

**नारनौल/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) पाली की समकुलपति प्रो. (डॉ.) सुषमा यादव को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय प्रयासों हेतु महिला सशक्तिकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान भागीदारी जनसहयोग समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजधानी दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान किया गया। समकुलपति प्रो. (डॉ.) सुषमा यादव ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार से मुलाकात कर उन्हें यह सम्मान सौपा। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रो. सुषमा यादव को मिले इस सम्मान के लिए उन्हें बधाई दी और कहा कि प्रो. यादव का योगदान महिला सशक्तिकरण हेतु उल्लेखनीय है। उनके द्वारा महिला उत्थान हेतु प्रयास निरंतर जारी है। प्रो. (डॉ.) सुषमा यादव ने विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार को सम्मान पत्र प्रस्तुत करते हुए कहा कि कुलपति महोदय के नेतृत्व में विश्वविद्यालय सहभागी लगातार राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।



# घसीटपुर में पुलिस की गाड़ियां देख दहशत में आए लोग

**अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**
**सुबह** अंबाला छावनी के सैक्टर-42 स्थित घसीटपुर में पुलिस की कई गाडियां पहुचनें से लोग दहशत में आ गए। इस दौरान दर्जनों पुलिसकमीर्यों ने जांच अभियान शुरू किया तथा वहां पर मौजूद लोगों से पूछताछ भी की। इस क्षेत्र में कई मकान खाली पडे हुए है। इसको लेकर पुलिस द्वारा आज बडे पैमाने पर यह अभियान चलाया गया था। हुड्डा सैक्टर के अंर्तगत आने वाले इन मकानों को लगभग 15 साल पहलें बनाया गया था। लेकिन आवंटित न होने के कारण कई मकान खाली थे। ऐसे में असामाजिक तत्व यहां पर शरण न ले सकें।

# नई अनाज मंडी सोनीपत में 25 मार्च को होगी पर्दाफाश



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**विधायक** सुरेंद्र पंवार ने कहा कि नई अनाज मंडी, नजदीक कालूपुर चुंगी, सोनीपत में 25 मार्च को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बीजेपी की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ पदार्फाश रैली का आयोजन किया जाएगा। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान, लोकप्रिय राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा सहित पार्टी के तमाम विधायकगण, पदाधिकारिगण व कार्यकर्ता शिरकत करेंगे। विधायक सुरेंद्र पंवार शुक्रवार को नई अनाज मंडी में रैली स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत व मनोज रिढाऊ विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक सुरेंद्र पंवार ने रैली स्थल पर पहुंचकर मंच, कुर्सियां, पेयजल व्यवस्था, टैंट, पार्किंग स्थल सहित अन्य व्यवस्थाओं को पुख्ता करने के लिए रूपरेखा तैयार की। उन्होंने कहा कि 25 मार्च को होने वाली रैली बहुत ही विशाल रैली होगी। रैली का समय सुबह 10 बजे रहेगा। इस रैली का मुख्य उद्देश्य भाजपा की जनविरोधी नीतियों का पदार्फाश करना रहेगा।

आज प्रदेश में हर वर्ग भाजपा की नीतियों से परेशान है। आज प्रदेश में अपनी जायज मांगों के लिए आवाज बुलंद करना भी अपराध हो गया है। कर्मचारियों, सरपंचों पर लाठियां बरसाई जा रही है। युवा बेरोजगारी की दल-दल में इतना फंस गया है कि वह गलत दिशा में जाने को मजबूर है।

अपराध आयेदिन बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं का बुराहाल है। लेकिन सरकार की कानो पर जूं नहीं रेंग रही। लेकिन कांग्रेस प्रदेशवासियों के साथ अन्याय कतई सहन नहीं करेगी। नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में बीजेपी सरकार को प्रदेश की जनता प्रदेश से बाहर का रास्ता दिखाने का काम करेगी। इस रैली का जन-जन बेसब्री से इंतजार कर रहा है।

# औ पी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस`



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद** गोयल, जिला व सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनीपत के निदेर्शानुसार औ पी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में पुलिस प्रशाशन सोनीपत व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनीपत ने मिलकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता सुश्री मानसी धीमान, अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिवीजन) / प्रिंसिपल जज जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड, सोनीपत व सुश्री निकिता खट्टर, उपायुक्त पुलिस सोनीपत ने की` इस अवसर पर श्रीमती शकुंतला महिला थाना प्रबंधक सहित १०० से ज्यादा महिला पुलिस कर्मचारी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनीपत की महिला अधिवक्तायें मौजूद रही मानसी धीमान ने वहाँ मौजूद महिला पुलिस कर्मचारियो एवं महिला अधिवक्ताओं को महिलाओं के अधिकारों से सम्बंधित कानूनों एवं नियमो के बारे में अवगत करायो उन्होंने बताया की समाज में पीड़ित महिलाओं को उनके मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों को आपके माध्यम से ही जागरूक किया जा सकता है उन्होंने पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियो को महिलाओं से सम्बंधित मामलो को जल्दी से जल्दी निपटने की कोशिश करनी चाहिए और महिला अधिवक्ताओं को मॉडल प्रॉसिक्यूशन स्कीम के तहत पीड़ित महिलाओं की काउंसलिंग सही समय पर करनी चाहिऐ श्री निकिता खट्टर, उपायुक्त पुलिस सोनीपत ने भी अपने वक्तव्य रखे।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 48 ने किया रक्तदान

## बार एसोसिएशन व क्लब के सहयोग से लगाया गया शिविर



**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
**बार एसोसिएशन** गन्नौर की लाईब्रेरी में शुक्रवार को क्लब द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ एडीजे हेमंत यादव ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत व गन्नौर की जज सोनिया शयोकंद व जज पुनीत लिम्बा ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर बार एसोसिएशन के प्रधान गौरव त्यागी व क्लब के पदाधिकारियों ने अतिथियों का बुके व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। शिविर में 48 ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में वकीलों के साथ लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान क्लब व बार एसोसिएशन ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। रक्तदाताओं को सम्बोधित करते हुए एडीजे हेमंत यादव ने कहा कि सभी को बढ़चढ़ कर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से हमारे शरीर का चेकअप होता रहता है और शरीर मे कोई छोटी मोटी बीमारी हो तो उसका भी हमे समय रहते पता चल जाता है। एडीजे हेमंत यादव ने सभी वकीलों का भी आह्वान किया कि वे बढ़चढ़ कर रक्तदान करे।

एसडीजेएम सोनिया श्योकंद कहा कि रक्तदान हर इंसान को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से ह्रदय स्वास्थ्य में सुधार होता है, ह्रदय रोग और स्ट्रोक का खतरा कम होता है। रक्त में आयरन का उच्च स्तर दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकता है। जज पुनीत लिम्बा ने कहा कि नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अधिक मात्रा नियंत्रित रहती है दिल की सेहत के लिए अच्छा होता है।

# रोटरी बेलाज क्लब ने बच्चों के दांतों की जांच करवा हैल्थ किट वितरित की

**नारनौल/संजय शर्मा**
रोटरी क्लब बेलाज द्वारा शुक्रवार प्रातः मौहल्ला चौधरियान स्थित राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला नारनौल एवं राजकीय प्राथमिक पाठशाला पंजाबी 1 नारनौल के नन्हे विद्यार्थियों हेतु निःशुल्क दंत जांच चिकित्सा शिविर तथा हेल्थ किट वितरण शिविर का आयोजन किया गया। रोटरी बेलाज क्लब की प्रधान रेखा रावत द्वारा प्रोजेक्ट इंचार्ज निर्मल जिंदल के सौजन्य से आयोजित इस चिकित्सा शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ दीपक जैन ने विद्यालय के करीब 120 विद्यार्थियों के दांतों की जांच कर उन्हे उचित परामर्श दिया। डॉ दीपक ने बच्चों को बताया कि दांतों में होने वाली बीमारियों को लेकर अक्सर हम लोग लापरवाही बरत लेते हैं। जिनके बाद में गंभीर परिणाम होते हैं। इसलिए छोटे बच्चों के दांतों की समय समय पर जांच अवश्य करवाते रहना चाहिए और सुबह व रात को दोनों समय दांतों में ब्रुश जरूर करें। ताकि खाने के बाद दांतों में कीडा लगने की संभावना कम रहे। इसके साथ ही प्रोजेक्ट इंचार्ज निर्मल जिंदल के साथ क्लब की सभी महिला सदस्यों ने बच्चों को टूथपेस्ट, टूथब्रुश, हैंड सोप व बिस्किट की किट भी वितरित की। रोटरी क्लब के पूर्व प्रधान हितेन्द्र मित्तल ने बच्चों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए उन्हे किट के माध्यम से प्रतिदिन दोनों समय पेस्ट करने, हाथ धोने व मन लगाकर पढाई करने के लिए प्रेरित किया।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
मो. नं. : 9896772006

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं. : 9466035040

# शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य चरित्र निर्माण: राष्ट्रपति द्रौपदी

## सामाजिक समस्याओं के समाधान की खोज के लिये सचेत व सक्रिय रहना विश्वविद्यालयों का दायित्व: राष्ट्रपति

**दीक्षांत समारोह**

= राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जेएनयू के छठे दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए अपनी बात रख रही थीं





**नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) अपेक्षाकृत एक युवा संस्थान है और यह भारत की सांस्कृतिक एकता का जीवंत प्रतिबिंब प्रस्तुत करती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जेएनयू के छठे दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए अपनी बात रख रही थीं। राष्ट्रपति ने पीएच-डी की डिग्री पाने वाले सभी 948 विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा, मुझे बताया गया है कि यह एक प्रकार का राष्ट्रीय कीर्तिमान है। मैं इसके लिए भी जेएनयू परिवार को बधाई देती हूं। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि आज के दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में महिलाओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। उन्होंने इसे सामाजिक बदलाव का एक महत्वपूर्ण संकेत करार दिया। उन्होंने कहा, ञ्जेएनयू अपेक्षाकृत युवा विश्वविद्यालय है। मैं इसे एक सार्थक ऐतिहासिक संयोग के रूप में देखती हूं कि जेएनयू ने 1969 में महात्मा गांधी के शताब्दी समारोह के वर्ष में काम करना शुरू किया था। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि जेएनयू सुंदर अरावली पहाड़ियों पर स्थित है। विश्वविद्यालय में पूरे भारत के छात्र पढ़ते हैं। वे परिसर में एक साथ रहते हैं। इससे भारत और दुनिया के बारे में उनके दृष्टिकोण को व्यापक बनाने में मदद मिलती है। विश्वविद्यालय विविधताओं के बीच भारत की सांस्कृतिक एकता का जीवंत प्रतिबिंब प्रस्तुत करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि जेएनयू अपनी प्रगतिशील प्रणालियों और सामाजिक संवेदनशीलता, समावेशन और महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में समृद्ध योगदान के लिए विख्यात है। जेएनयू के छात्रों और शिक्षकों ने शिक्षा और अनुसंधान, राजनीति, सिविल सेवा, कूटनीति, सामाजिक कार्य, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, मीडिया, साहित्य, कला और संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावशाली योगदान दिया है। आगे राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि जेएनयू 'नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क' के तहत देश के विश्वविद्यालयों के बीच वर्ष 2017 से लगातार दूसरे स्थान पर है। राष्ट्रपति ने कहा कि जेएनयू के विजन, मिशन और उद्देश्यों को इसके संस्थापक कानून में व्यक्त किया गया था। इन बुनियादी आदर्शों में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता, लोकतांत्रिक जीवन शैली, अंतरराष्ट्रीय समझ और समाज की समस्याओं के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण शामिल हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय समुदाय से इन मूलभूत सिद्धांतों के पालन में दृढ़ रहने का आग्रह किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य चरित्र निर्माण भी होता है। तत्कालिक बहावों में आकर चरित्र निर्माण के अमूल्य अवसरों को कभी भी गंवाना नहीं चाहिए। युवा विद्यार्थियों में जिज्ञ-ासा के साथ-साथ प्रश्न पूछने और तर्क की कसौटी का उपयोग करने की सहज प्रवृत्ति होती है। इस प्रवृत्ति को हमेशा बढ़ावा देना चाहिए।

# 'न प्रहलाद को वो तब रोक पाए थे, न अब रोक पाएंगे'



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में जेल में बंद मनीष सिसोदिया को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) एक-दूसरे पर हमलावर हैं। एक ओर जहां शुक्रवार सुबह भाजपा ने एक पोस्टर जारी कर सिसोदिया और जैन का एक पोस्टर जारी कर आप पर हमला किया। वहीं अरविंद केजरीवाल ने एक ट्वीट कर केंद्र की भाजपा सरकार को इशारों-इशारों मे हिरण्यकश्यप कह दिया। केजरीवाल ने आज ट्वीट किया, 'हिरण्यकश्यप अपने आपको भगवान मान बैठा था। उसने प्रह्लाद को ईश्वर की राह से रोकने के अनेक प्रयत्न किए, जुल्म किए आज भी कुछ लोग अपने आपको भगवान मान बैठे हैं। देश और बच्चों की सेवा करने वाले प्रह्लाद को कारागृह में डाल दिया पर न प्रहलाद को वो तब रोक पाए थे, न अब रोक पाएंगे।'

गौरतलब है कि इससे पहले आज भाजपा ने मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन का एक पोस्टर जारी कर उन्हें घोटालेबाज बताया है और केजरीवाल को उनका सरगना बताने की कोशिश की है।

# डीसीडब्ल्यू के अध्यक्ष के खिलाफ सुनवाई पर हाईकोर्ट ने रोक लगाई

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली** हाई कोर्ट ने दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल के खिलाफ आयोग में अपने नजदीकी लोगों और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को नियुक्त करने को लेकर ट्रायल कोर्ट में चल रहे मामले पर रोक लगा दी है। जस्टिस अनूप जयराम भांभानी ने कहा कि इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 13(1)(डी)(2) के तहत मामला नहीं बनता है। मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई को होगी। सुनवाई के दौरान स्वाति मालीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रेबेका जॉन ने कहा कि दिल्ली महिला आयोग की ओर से रेप केसों के ट्रायल की मॉनिटरिंग करने के लिए वकीलों और अन्य लोगों की अल्पावधि के लिए नियुक्ति की जाती है। ऐसा नहीं कहा जा सकता है कि जिन लोगों की नियुक्ति की गई, उन्होंने कोई काम नहीं किया बल्कि केवल सैलरी ली है। याचिका में कहा गया है कि स्वाति मालीवाल के खिलाफ महिला आयोग की पूर्व चेयरपर्सन ने शिकायत की थी, जो एक दूसरी पार्टी से जुड़ी हुई हैं। सुनवाई के दौरान रेबेका जॉन ने कहा कि गैरकानूनी नियुक्तियों की संख्या चार्जशीट में 87 से घटाकर 20 कर दी गई। उन्होंने कहा कि जांच में आम आदमी पार्टी के सदस्यता रजिस्टर को नहीं दिखाया गया है।

# सासंद संजय सिंह ने भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप




**दागे सवाल**

= गारे पाल्मा कोयला खदान अपने मित्र अडानी को दे दी और उस पर 100 फीसद मालिकाना हक भी दे दिया

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**आम** आदमी पार्टी से राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शुक्रवार को भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सिंह ने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट व भारत सरकार के एक्ट का उल्लंघन करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार को आवंटित गारे पाल्मा कोयला खदान अपने मित्र अडानी को दे दी और उस पर 100 फीसद मालिकाना हक भी दे दिया। उन्होंने कहा कि एक्ट के अनुसार, कोयले की खदान पर 76 फीसद राज्य सरकार और 26 फीसद ही निजी कंपनी का मालिकाना हक हो सकता है। अडानी से छत्तीसगढ़ सरकार को कोल इंडिया से करीब 450 रुपए प्रति टन महंगा कोयला बेचा जा रहा है। ऐसे में अडानी को इस खदान से करीब 25 हजार करोड़ रुपए का मुनाफा होगा। सिंह ने कहा कि उन्होंने पहले बताया था कि सस्ती बिजली देने के लिए राजस्थान सरकार को कोयले की खदान मिली थी और राजस्थान को अपने पावर प्लांट में कोयले का इस्तेमाल कर जनता को सस्ती बिजली देने के लिए कहा गया था। लेकिन राजस्थान सरकार को मिली दोनों कोयले की खदानें अडानी को दे दी गईं। राजस्थान की तरह छत्तीसगढ़ का भी एक मामला सामने आया है। छत्तीसगढ़ सरकार को पावर प्लांट के लिए कोयले की खदान दी गई थी। छत्तीसगढ़ सरकार को खदान से कोयला निकालकर अपने पावर प्लांट में इस्तेमाल कर बिजली का उत्पादन करने और अपनी जनता को सस्ते में बिजली देने के लिए कहा गया था। यह कोयले की खदान छत्तीसगढ़ में ही है। सिंह ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का भी कोयला खदान है। इनके अलावा छत्तीसगढ़ सरकार को आवंटित खदान भी है, जो अडानी को दे दी गई है। कोल इंडिया छत्तीसगढ़ सरकार को जी-13 का कोयला 827 रुपए प्रति टन दे रहा है। जबकि अडानी 1269 रुपए प्रति टन कोयला छत्तीसगढ़ सरकार को दे रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार को कोल इंडिया की तुलना में अडानी द्वारा करीब 450 रुपए प्रति टन महंगा कोयला दिया जा रहा है। अडानी को खदान से 232 मिलियन टन कोयला निकालना है। वर्तमान में अगर 450 रुपए प्रति टन का मुनाफा लिया जा रहा है, तो भविष्य में यह 500 से 2000 रुपए भी हो सकता है। यह भी हैरानी की बात है कि पूरे देश में जितने एमडीओ हुए हैं, उसमें से 56 फीसद कोयला अडानी के नाम किया गया है। इस समझौते के अनुसार, भाजपा ने अडानी को अकेले इसी खदान से 232 मिलियन टन कोयला निकालने पर 25 हजार करोड़ रुपए का मुनाफा पहुंचाने का रास्ता खोल दिया है।

# स्कूल भवन निर्माण के लिए याचिका पर 13 मार्च को सुनवाई

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली** हाई कोर्ट में एक याचिका दायर कर उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद में एक सरकारी स्कूल का भवन का निर्माण कराने की मांग की गई है। यह स्कूल टेंट और पोटा केबिन में चलाया जा रहा है। हाई कोर्ट इस याचिका पर 13 मार्च को सुनवाई करेगा। याचिका सोशल जूरिस्ट की ओर से वकील अशोक अग्रवाल ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि इस स्कूल का नया स्कूल भवन बनाने के लिए पुराने भवन को तोड़ दिया गया। इस स्कूल के भवन के निर्माण के लिए 25 जून 2021 में पीडब्ल्यूडी विभाग 16 करोड़ रुपये से ज्यादा स्वीकृत हुए, लेकिन अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया।

# बिजली सब्सिडी को लेकर नहीं मानी गई डीईआरसी सलाह



**एलजी गंभीर**

= सरकार को सिर्फ एक से पांच किलोवाट बिजली कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को बिजली सब्सिडी देने की सलाह दी थी

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**बिजली** उपभोक्ताओं को सब्सिडी देने को लेकर दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) की सलाह नहीं माने जाने के मामले को उपराज्यपाल ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने दिल्ली सरकार से इसे 15 दिनों के अंदर इस संबंध में उचित निर्णय लेने को कहा है। डीईआरसी ने वर्ष 2020 में दिल्ली सरकार को सिर्फ एक से पांच किलोवाट बिजली कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को बिजली सब्सिडी देने की सलाह दी थी। इससे राजधानी के लगभग 95 प्रतिशत उपभोक्ता सब्सिडी के दायरे में आ जाते और सरकार को प्रति वर्ष लगभग 316 करोड़ रुपये की बचत होती। मुख्य सचिव ने इस संबंध में अपनी जांच रिपोर्ट उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सौंपी है। उपराज्यपाल सचिवालय का कहना है कि मुख्य सचिव की रिपोर्ट के अनुसार बिजली विभाग ने ट्रांजेक्शन आफ बिजनेस रूल्स (टीओबीआर) का पूरी तरह से उल्लंघन करते हुए डीईआरसी की "वैधानिक सलाह" को नजरअंदाज कर मौजूदा बिजली सब्सिडी योजना को बिना कैबिनेट की मंजूरी और वित्तीय मंजूरी के जारी रखा गया है। इससे पहले वर्ष 2018 में डीईआरसी ने उपभोक्ताओं के बैंक खातों में सीधे बिजली सब्सिडी स्थानांतरित करने को कहा था, लेकिन दिल्ली सरकार ने उसे भी नहीं माना था। निजी डिस्काम को सब्सिडी का भुगतान जारी रखा गया है। उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव से कहा है कि वह बिजली विभाग को डीईआरसी की वैधानिक सलाह मंत्रिपरिषद के समक्ष रखने और 15 दिनों के भीतर इस पर निर्णय लेने का निर्देश दें। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री को देकर उनसे दिल्ली सरकार के सभी मंत्रियों को टीओबीआर के प्रविधानों का सख्ती से पाल करने का निर्देश देने का अनुरोध करने के लिए भी कहा है। उन्होंने कहा है कि "फाइल के रिकार्ड से पता चलता है कि ऊर्जा विभाग ने उचित कार्रवाई के लिए तत्कालीन ऊर्जा मंत्री के समक्ष डीईआरसी की उपरोक्त वैधानिक सलाह रखा था। लेकिन, मंत्री ने मौजूदा नीति को जारी रखने का फैसला किया। उनके अनुसार मंत्री यह फैसला लेने में सक्षम नहीं हैं, क्योंकि मौजूदा नीति को मंत्रिपरिषद ने मंजूरी दी थी इसलिए इसकी समीक्षा करने से संबंधित डीईआरसी के प्रस्ताव को भी विचार और निर्णय के लिए उसके समक्ष रखा जाना चाहिए था।

# सत्य की जीत हुई अब केजरीवाल की बारी है: महाठग सुकेश चंद्रशेखर

**महाठग का दावा**

= सुकेश ने शराब नीति से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि शराब नीति मामले में अभी और गिरफ्तारियां होंगी



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**मनी** लॉन्ड्रिंग मामले में तिहाड़ में कैद महाठग सुकेश चंद्रशेखर की दिल्ली की एक अदालत में पेशी हुई। इस दौरान जब पत्रकारों ने सुकेश से पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को लेकर सवाल किया तो उसने बड़ा बयान दिया। सुकेश चंद्रशेखर ने कहा कि, सत्य की जीत हुई है अब अगली बारी अरविंद केजरीवाल की है। सुकेश ने शराब नीति से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि शराब नीति मामले में अभी और गिरफ्तारियां होंगी और अगली गिरफ्तारी अरविंद केजरीवाल की होगी। महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने पटियाला हाउस कोर्ट में अपनी पेशी के दौरान दावा करते हुए कहा कि शराब नीति घोटाले में अगली गिरफ्तारी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की होगी। सुकेश ने कहा, 'केजरीवाल वजीर है, एक-एक का पर्दाफाश करूंगा। इस केस में अभी और गिरफ्तारियां होंगी। केजरीवाल अपनी टास्क को बखूबी निभा रहे हैं। शराब नीति से मेरा कोई लेना-देना नहीं है।'

**बीते दिनों सुकेश ने केजरीवाल पर लगाया था स्टेशनरी घोटाले का आरोप:** ठगी मामले में मंडोली जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने एक बार फिर चिट्ठी लिखकर दिल्ली के मुख्यमंत्री पर स्टेशनरी घोटाले का आरोप लगाया है।

अपने वकील के जरिए मीडिया को भेजे पत्र में सुकेश ने केजरीवाल सरकार पर गंभीर आरोप लगाया है। सुकेश ने अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन पर गरीब बच्चों की पढ़ाई में घोटाला करने का आरोप लगाया है। सुकेश ने दावा किया है कि पहले बच्चों को टैबलेट बांटे जाने को लेकर जो मसौदा तैयार हुआ था, उसका टेंडर 20 फीसदी ज्यादा में देने के लालच पर दूसरी कंपनी को दिया गया।

# आबकारी घोटाला: पिल्लई की याचिका पर राऊज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी को दिया नोटिस

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**

**दिल्ली** आबकारी घोटाले में गिरफ्तार अरुण रामचंद्र पिल्लई ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में याचिका दाखिल कर ईडी पर जबरन और दबाव में बयान देने का आरोप लगाया है। कोर्ट ने अरुण पिल्लई की अर्जी पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 13 मार्च को होगी। अरुण पिल्लई फिलहाल 13 मार्च तक ईडी की हिरासत में हैं। 7 मार्च को कोर्ट ने पिल्लई को 13 मार्च तक की ईडी हिरासत में भेजा था। ईडी ने पिल्लई को 6 मार्च की रात में गिरफ्तार किया था। ईडी ने इसके पहले पिल्लई के हैदराबाद स्थित ठिकानों पर छापा मारा था। पिल्लई दक्षिण भारत के शराब निमार्ता समूह के प्रमुख व्यक्ति हैं। पिल्लई पर आरोप है कि उसने समीर महेंद्रू से रिश्वत लेकर दूसरे आरोपितों को दी थी। पिल्लई को इंडोस्पिरिट कंपनी का 32.5 फीसदी शेयर दिया गया था। इंडोस्पिरिट ने शराब घोटाले में 68 करोड़ का मुनाफा कमाया था, जिसकी रकम पिल्लई के बैंक खातों समेत दूसरे बैंक खातों में ट्रांसफर की गई थी।

आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा हैं आपके साथ



Ultra Modern Facilities Available
- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध
- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच




आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे

DR RV SINGH (MBBS/ MS)

RVS EYE CENTER

Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre

BFH-9, SOM BAZAR ROAD,
SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606

MEDICAL FACILITIES AVAILABLE
ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES

## न्यूज फ्लैश

### क्रोमा ने बहुप्रतीक्षित समर सेल की घोषणा की

**नोएडा** । भारत के पहले और विश्वसनीय ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर और टाटा समूह का एक ब्रांड क्रोमा ने बहुप्रतीक्षित समर सेल की घोषणा की है। इसमें क्रोमा के उपभोक्ता घरेलु उत्पादों की विशाल रेन्ज पर कई आकर्षक ऑफर्स का लाभ ले सकते हैं। इस साल गर्मियां जल्दी शुरु होने की उम्मीद है, तपती गर्मी से निपटने के लिए घरों को तैयार करने करने का अवसर इस समर सेल में मिल रहा है। क्रोमा के समर सेल में एयर कंडीशनर्स, रुम कूलर्स, रेफ्रिजरेटर्स और कई उत्पादों पर 45% तक की भारी छूट पायी जा सकती है। क्रोमा में एयर कंडीशनर्स की विशाल श्रेणी प्रस्तुत की गयी है। 350 से ज्यादा एसी, 450 से ज्यादा रेफ्रिजरेटर्स में से उपभोक्ता अपनी पसंद और जरूरत के मुताबिक उत्पाद चुन सकते हैं, साथ ही एक्सचेंज और अपग्रेड लाभ, कैशबैक ऑफर्स और 18 महीनों तक के ईएमआई के विकल्प भी पाए जा सकते हैं। क्रोमा में स्प्लिट एसी की कीमतें सिर्फ 27,990 रुपयों से आगे, रुम कूलर्स की कीमतें सिर्फ 5,990 रुपयों से आगे और क्रोमा फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रिजरेटर्स की कीमतें सिर्फ 21,990 रुपयों से आगे हैं। चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने के सभी उत्पादों को क्रोमा के समर सेल में शामिल किया गया है। पुराने, छोटे रेफ्रिजरेटर को अपग्रेड करने के लिए बड़ा रेफ्रिजरेटर खरीदना चाहने वाले उपभोक्ताओं के लिए साइड-बाय-साइड 630 लीटर के कन्वर्टिबल रेफ्रिजरेटर्स भी यहां हैं जिनकी कीमतें सिर्फ 64,990 रुपयों से आगे हैं। अपनी जरूरतों के मुताबिक सही उत्पाद चुनने के लिए उपभोक्ता क्रोमा के कर्मचारियों से विशेष सलाह भी ले सकते हैं। इतनाही नहीं, क्रोमा के समर सेल में ज्यूसर मिक्सर ग्राइंडर, फैन और दूसरे उपकरणों पर भी इस समर सेल में अतुलनीय ऑफर्स दी जा रही हैं। गर्मियों से राहत पाने के लिए उपभोक्ताओं को सबसे बेहतरीन डील्स और आधुनिकतम प्रौद्योगिकी के लाभ दिलाने के लिए क्रोमा ने कोई भी कसर नहीं छोड़ी हैं।

### जी टीवी के नये गेम शो 'बज़िंगा' के जरिए मनाएं ज़िंदगी का जश्न और जीतें आकर्षक इनाम!

**नई दिल्ली**। 'बज़िंगा की पहचान देश के सबसे अग्रणी प्रोडक्ट और एंगेजमेंट प्लेटफॉर्म के तौर पर होती है जिसने अपनी ओर से अब अपने ताजा गेमिंग शो 'बज़िंगा' के लॉन्च का ऐलान कर दिया गया है। यह शो हर हफ़्ते जी टीवी पर दिखाई देगा। इस शो का मकसद है परिवारों को इकट्ठे लाना, उनके सपनों और उनके जुनून का मिलकर जश्न मनाना। इसी के साथ बिना किसी? भेदभाव के दर्शकों को आकर्षक इनाम जीतने का मौका देना भी इस शो का प्रमुख लक्ष्य है। उल्लेखनीय है कि दर्शक टीवी पर इस शो का लुत्फ उठाने के साथ-साथ मोबाइल एप्लिकेशन? के जरिए इस शो का हिस्सा बन सकते हैं और ढेरों तरह के आकर्षक इनाम अपने नाम करा सकते हैं। गौरतलब है कि इस शो का प्रसारण जी टीवी पर हर रविवार? को शाम 5.00 बजे होता है जिसमें बड़े पर्दे और मोबाइल एप्लीकेशन के इंटरएक्टिव संगम का लुत्फ उठाने का मजेदार मौका भी मिलता है। इस वक्त जी केरलम पर? चल रहे 'बज़िंगा फैमिली फेस्टिवल' के जरिए हर तबके के लोगों को आकर्षक इनाम जीतने का अवसर मिल रहा है। 'बज़िंगा' अब अपना विस्तार करते हुए हिंदी दर्शकों को भी ज़िंदगी, रिश्तों और इंसानियत की खूबसूरती का जश्न मनाने का मौका देने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 'बज़िंगा' का पहला एपोसोड बेहद कामयाब साबित हुआ। दर्शकों को यह शो ना सिर्फ. पसंद आया बल्कि उन्होंने शो की संकल्पना की नवीनता, रुचिपूर्ण कंटेट और मस्ती भरे गेम्स की खूब सराहना भी की। शो के इंटरएक्टिव मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए दर्शक रियल टाइम में गेम्स खेल सकते हैं। इस सहूलियत का दर्शक भरपूर लाभ उठा रहे हैं और कई दर्शकों ने आकर्षक इनाम भी अपने नाम किया। 'बज़िंगा' के चीफ बिजनेस ऑफि सर समीर गुप्ता ने कहा, "बज़िंगा के लिए कार्यरत हम सभी लोग इंसानी जज्बे और लोगों के ख़्वाबों और उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाने में यकीन रखते हैं। हमारा हमेशा से एक ही लक्ष्य रहा है कि हम ना सिर्फ.एक ऐसा मंच तैयार करें जो लोगों का भरपूर मनोरंजन करता हो बल्कि इसमें शामिल होनेवाले हर तबके, हर वर्ग के लोगों को कुछ हासिल करने का भी एहसास कराए। हमारे हिंदी शो को लोगों द्वारा बेहद सकरात्मक प्रतिसाद मिला है जो इसके प्रति लोगों के उत्साह को दर्शता है। हम इस खूबसूरत से सफर को और आगे ले जाते हुए सभी भाषाओं और सभी तरह के दर्शकों के साथ इस जश्न को मनाने के लिए आतुर हैं।"
शो के होस्ट आदित्य नारायण और हर्ष लिम्बायचा ने इस मौके पर कहा, "हम बज़िंगा परिवार का हिस्सा बनकर बेहद खुश हैं। हम शो के पहले सीजन को मजेदार अंदाज में होस्ट करते हुए नजर आएंगे।

# मुख्य न्यायाधीश ने किया कारागार का निरीक्षण

## जिला कारागार परिसर में भगवान बुद्ध की प्रतिमा का किया अनावरण

**मथुरा/लोकेश चौधरी**
**हाईकोर्ट** के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय इलाहाबाद, कार्यपालक अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ ने गुरुवार को प्रातः नौ बजे जिला कारागार मथुरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान जनपद न्यायाधीश राजीव भारती, सदस्य सचिव उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ संजय सिंह, विशेष कार्याधिकारी भागीरथ वर्मा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय चैधरी,



अवनीश पाण्डेय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा नीरू शर्मा, जिलाधिकारी पुलकित खरे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पाण्डेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्सव गौरव राज सहित न्यायिक, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी, जेल अधीक्षक बृजेश कुमार, जेल चिकित्सक डा. उपेन्द्र सोलंकी, डा. उत्पल सरकार, जेलर महाप्रकाश सिंह, डिप्टी जेलर करूणेश कुमारी, शिवानी यादव, अनूप कुमार सहित बंदी पराविधिक स्वयंसेवक गण उपस्थित रहे। निरीक्षण दौरान जिला कारागार में 1605 बंदियों का निरूद्ध होना पाया गया।

न्यायमूर्ति द्वारा सर्वप्रथम जिला कारागार, मथुरा में स्थापित हथकरघा केन्द्र का निरीक्षण किया गया, जहां वंदियों द्वारा कपड़ा बनाये जाने का कार्य किया जा रहा था। इसके पश्चात महिला बैरक में महिला बंदियों के साथ रह रहे छोटे बच्चों के खेलने के लिए बनाये गये नवीन पार्क का उद्घाटन किया। इस बैरक में निवासरत महिला बंदियों से उनके मामलों के बारे में जानकारी की गई। इसके पश्चात न्यायमूर्ति द्वारा जिला कारागार मथुरा में संचालित पोशाक सिलाई केन्द्र का उद्घाटन कर वहां उपस्थित बंदियों से वार्ता की गई तथा उनके द्वारा बनाई गई पोशाकों की सराहना की। जिला कारागार परिसर में भगवान बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण किया। न्यायमूर्ति द्वारा जिला कारागार में स्थापित अस्पताल का निरीक्षण किया गया, जहां बंदी मरीजों का इलाज किया जा रहा था। माननीय द्वारा बंदी मरीजों से उनके इलाज के बारे में वार्ता की गई तथा उपस्थित चिकित्सक से उनकी बीमारी की जानकारी ली गई। तदोपरान्त बंदियों की बैरकों का निरीक्षण कर वहां निरुद्ध बंदियों से वार्ता की गई तथा उनके प्रकरणों की जानकारी ली गई। निरीक्षण दौरान जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# किसानों की बैठक में समस्याओं की समाधान को लेकर प्रस्ताव पारित

## ब्लाक अध्यक्ष बलजीत मलिक की अध्यक्षता में हुई बैठक

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
**भारतीय** किसान की मासिक बैठक जाट धर्मशाला में ब्लाक अध्यक्ष बलजीत मलिक की अध्यक्षता में हुई। जिसमें दर्जनों किसानों ने भाग लिया। बैठक में 20 मार्च को मोलकर हाल दिल्ली में किसानों की बैठक में भाग लेने का आह्वान किया। किसानों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए। पारित प्रस्तावों में गन्नौर से सोनीपत बादशाही रोड पर धीमी गति से चल रहे सड़क निर्माण कार्य की गति बढ़ाने व गन्नौर अनाज मंडी में किसानों का रेस्ट हाऊस सीजन में किसानों के लिए खाली कराने, अगवानपुर रेलवे फाटक पर अंडरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा कराने व तब तक उसके नीचे डली मिट्टी की सफाई कराने की मांग की ताकि वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी न हो। इसके अलावा गन्नौर से राजलू गढ़ी मार्ग पर राजपुरा माईनर की पुलिया की दोनो तरफ से टूटी रेलिंग को ठीक कराने की मांग की। किसानों ने कहा कि अगर अधिकारियों ने इसे ठीक नही किया तो एक दिन बहुत बड़ा हादसा होगा और जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी। इस मौके पर बलजीत मलिक, राजेन्द्र सरोहा, बलबीर, करण सिंह, जयभगवान मलिक, रणधीर सिंह, कृष्ण, रमेश पुगथला, ओमप्रकाश पुगथला आदि मौजूद थे।

# पंजाब की तर्ज पर हरियाणा में रिटायर्ड कर्मचारियों को भी मिले लाभ

**अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**
**रिटायर्ड** कर्मचारी कल्याण समिति बिजली विभाग अम्बाला छावनी की मीटिंग प्रधान शमा सिंह अत्री की अध्यक्षता में 12 क्रास रोड, बिजली निगम, अम्बाला छावनी के कार्यालय में हुई। जिसमें रिटायर्ड कर्मचारी कल्याण समिति के सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया। इसमें लम्बित चली आ रही मांगों पर विचार विमर्श कर शीघ्र लागू करने तथा कार्यकारी अभियंता को मांग पत्र देने पर भी उनकी तरफ से न तो कोई कार्यवाही की गई और ना ही कोई जवाब दिया गया। इस कारण रिटायर्ड कर्मचारियों ने नारे बाजी की। आज की मीटिंग में रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगे निम्नलिखित है। इनको लागू किया जाए। कैशलेस की सुविधा सभी बीमारियों व सभी अस्पतालों में लागू करने जो कैश लैस मैडिकल कार्ड दिए गए है। उनकी सीधे पैमेंट अस्पतालों में दी जाए ना की हमें देनी पड़ी। तब तक मैडिकल भत्ता 3000 रुपए प्रति मास देने, हिमाचल पंजाब की तर्ज पर 65,70,75, 80, 85 की आयु पर 5, 10, 15, 20 व 25 प्रतिशत बढ़ौतरी, एल टी सी की सुविधा फैमिली पैंशनर्ज को भी देने, डी एन की किश्त कोविड कारण 18 मास की फ्रीज की गई थी को ऐरियर सहित देने, डिलेड पैमेंट ब्याज सहित देने, बिजली भत्ता दूसरे विभागों भांति देने, कम्युटेशन की रिकवरी 15 वर्ष से घटाकर पहले की तरह 12 वर्ष करने आदि हेतु। आज की मीटिंग में सर्व विजय शर्मा, जय भगवान, शमशेर सिंह, गुरनाम सिंह, सत्य सिंह नेगी, मोहन लाल, देव राज, राज कुमार, राम बिहारी, संत लाल, सुरजन सिंह, हरनाम सिंह, प्रभु राम, गुरदीप सिंह, सुन्दर लाल, पवन कुमार आदि ने भाग लिया।

### बरसाना में लीगल एड क्लिनिक का उद्घाटन

**मथुरा**: राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा के तत्वावधान में एक लीगल एड क्लीनिक की स्थापना श्री लाडली जी महाराज मंदिर बरसाना में की गई है। जिसका उद्घाटन न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मथुरा नीरू शर्मा ने करते हुए बताया कि यह लीगल एड क्लीनिक एक धार्मिक स्थल पर स्थापित किया जा रहा है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं नोडल अधिकारी लोक अदालत अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि आम जनता के लिए सभी प्रकार की विधिक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए मंदिर परिसर में लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गई है।

# विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट को लेकर डी.सी. ने ली अधिकारियों की बैठक

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**डी.सी. सुशील** सारवान ने लघु सचिवालय स्थित प्रथम तल पर कॉन्फ्रेंस हॉल में विभिन्न परियोजनाओं के तहत जिला में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट जानने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान कुछ विभागों के अधिकारी बैठक में निर्धारित समय से देरी से पहुंचे जिस पर डी.सी. ने उनको जमकर फटकार लगाई। डी.सी. ने सिंचाई विभाग, नगर निगम व नगर पालिका समालखा, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ जिला विजन प्रोग्राम तथा विभिन्न परियोजनाओं के तहत जिला में चल रहे विकास कार्यों की रिपोर्ट लेकर उनकी स्थिति जानी।



इसी के साथ-साथ उन्होंने सभी अधिकारियों को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए। डी.सी. ने जिला में मनरेगा स्कीम तथा सी.एम. घोषणाओं के तहत चल रहे विकास कार्यों की भी जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी अधिकारी विकास कार्यों को लेकर लापरवाही न बरते। इसी के साथ-साथ विकास से संबंधित सभी कार्यों के प्लान का भी डिजिटलाईजेशन होना चाहिए। उन्होंने जिला परिषद् तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बेहतर समन्वय बनाकर राजकीय स्कूलों में सुधारिकरण का कार्य मनरेगा स्कीम में तहत करवाने का प्रयास करें। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त वीना हुड्डा, एसडीएम पानीपत विरन्द्र ढुल, एसडीएम समालखा अमित कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

# गांव गढ़ी बेसक में दो गांवों के ग्रामीणों ने मैन अड्डे पर रोका रेत के डंपरों को

## सनौली खुर्द थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को समझाने का किया प्रयास, नहीं माने ग्रामीण

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**गांव गढ़ी** बेसक में शुक्रवार को दोपहर बाद दो गांव गढी बैसक और राणा मांजरा के ग्रामीणों ने गांव के मैन अड्डे से होकर गुजर रहे रेत के पांच डंपरों को रोक दिया गया और ग्रामीणों ने कहा कि किसी भी हालत में गांव गढ़ी बेसक से होकर इन डंपरों को चलने नहीं दिया जाएगा। वहीं ग्रामीणों द्वारा रेत के डंपर रोके जाने की सूचना मिलने पर सनौली खुर्द थाना प्रभारी अतर सिंह भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे पर ग्रामीणों ने थाना प्रभारी की बात मानने से इंकार कर दिया। इस



बारे में ग्रामीण गुल्लु चौहान, सपाट, नवाब, सलीम व समेदीन आदि ने बताया कि पानीपत के गांव राणा माजरा के सामने यूपी के गांव मंडावर के पास यमुना में यूपी के ठेकेदार द्वारा रेत का खनन किया जा रहा है। ठेकेदार यूपी की भूमि पर यमुना में खनन कर रहा है तो उसको यूपी के रास्ते ही अपने रेत के डंपरों को लेकर जाना चाहिये लेकिन अब काफी दिनों से ठेकेदार के रेत के करीब 20 डंपर गांव राणा माजरा व गढ़ी बेसक होकर चल रहे है। इससे राणा माजरा के पास यमुना का तटबंध टूटने लगा है और उनके गांव की सडक ओवरलोड रेत डंपरों से टूट रही है। जबकि सारा दिन डंपरों से रेत उड़ता रहता है और उनका जीना मुश्किल हो गया है। इसलिये रेत के डंपरों को गांव राणा माजरा व गढ़ी बेसक के रास्ते से होकर नहीं चलने दिया जाएगा। वहीं ग्रामीणों को आरोप है कि यूपी की गांव मंडावर में रेत का खनन करने वाला ठेकेदार पानीपत जिला के प्रशासनिक अधिकारियों से मिला हुआ है और इसलिये शिकायत के बावजूद भी उसके डंपरों को रोका नहीं जा रहा है। इस बारे में सनोली थाना इंचार्ज अत्तर सिंह का कहना है कि रेत से भरे डंपरो को ग्र?ामीणों ने रेत उडने संबधी समस्याएं बतरते हुए रोका हुआ था उन्हें समझाने की कोशिश की गई मगर वे नही माने इस पर संबधित विभाग ही आगामी कार्रवाही कर सकता है।

### क्रोमा के मैजिकल समर के साथ मैजिक अनलॉक करें - एयर कंडीशनर्स, रेफ्रिजरेटर्स और रूम कूलर्स पर 45% तक की बचत करें!

**सिरसा:** भारत के पहले और विश्वसनीय ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर और टाटा समूह का एक ब्रांड क्रोमा ने बहुप्रतीक्षित समर सेल की घोषणा की है। इसमें क्रोमा के उपभोक्ता घरेलु उत्पादों की विशाल रेन्ज पर कई आकर्षक ऑफर्स का लाभ ले सकते हैं। इस साल गर्मियां जल्दी शुरू होने की उम्मीद है, तपती गर्मी से निपटने के लिए घरों को तैयार करने करने का अवसर इस समर सेल में मिल रहा है। आधुनितम एसी, कूलर्स और रेफ्रिजरेटर्स के साथ गर्मियों के लिए तैयार हो जाइए। एयर कंडीशनर्स, रूम कूलर्स, रेफ्रिजरेटर्स और कई उत्पादों पर भारी छूट पाइए। स्प्लिट एसी की कीमतें मात्र 27,990 रुपयों से आगे। क्रोमा के समर सेल में एयर कंडीशनर्स, रूम कूलर्स, रेफ्रिजरेटर्स और कई उत्पादों पर 45% तक की भारी छूट पायी जा सकती है। क्रोमा में एयर कंडीशनर्स की विशाल श्रेणी प्रस्तुत की गयी है। 350 से ज्यादा एसी, 450 से ज्यादा रेफ्रिजरेटर्स में से उपभोक्ता अपनी पसंद और जरूरत के मुताबिक उत्पाद चुन सकते हैं, साथ ही एक्सचेंज और अपग्रेड लाभ, कैशबैक ऑफर्स और 18 महीनों तक के ईएमआई के विकल्प भी पाए जा सकते हैं। क्रोमा में स्प्लिट एसी की कीमतें सिर्फ 27,990 रुपयों से आगे, रूम कूलर्स की कीमतें सिर्फ 5,990 रुपयों से आगे और क्रोमा फ्रॉस्ट फ्री रेफ्रिजरेटर्स की कीमतें सिर्फ 21,990 रुपयों से आगे हैं। चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने के सभी उत्पादों को क्रोमा के समर सेल में शामिल किया गया है। पुराने, छोटे रेफ्रिजरेटर को अपग्रेड करने के लिए बड़ा रेफ्रिजरेटर खरीदना चाहने वाले उपभोक्ताओं के लिए साइड-बाय-साइड 630 लीटर के कन्वर्टिबल रेफ्रिजरेटर्स भी यहां हैं जिनकी कीमतें सिर्फ 64,990 रुपयों से आगे हैं।

### ड्युरोप्लाई ने होली के अवसर पर कुशल भागीदारों के प्रति आभार व्यक्त किया

नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया
भारत के प्रमुख ब्रांडों में सबसे अनुभवी प्लाइवुड निमार्ता ड्युरोप्लाई ने होली के अवसर पर कुशल भागीदारों का आभार व्यक्त किया। ड्युरोप्लाई ने कुशल साझेदारों को उनकी कड़ी मेहनत और उपभोक्ताओं के लिए स्थायी इंटीरियर सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के लिए बधाई दी। कुशल भागीदारों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए ड्युरोप्लाई ने सावधानी से होली के त्यौहार को चुना क्योंकि यह त्यौहार लोगों और समुदायों के बीच एक साथ आने और सभी को मजबूत बनाने और मजबूत करने का प्रतीक है, जो उन्हें टिकाऊ बनाता है। इसी तरह, ड्युरोप्लाई प्लाइवुड और विनियर द्वारा अपनी प्रसिद्ध इनोवेटिव पेशकशों के जरिए उपभोक्ताओं के इंटीरियर्स के टिकाऊपन को बढ़ावा देता है। अपने कुशल साथियों को प्रेरित करते हुए ड्युरोप्लाई ने उनके लिए होली मिलन का आयोजन किया। पूरे भारत में 22 राज्यों में ड्युरोप्लाई के 10,000 से अधिक कुशल भागीदार हैं, जो ग्राहकों को ब्रांडेड प्लाईवुड खरीदने के फायदों के बारे में सलाह देते हैं।

# मोटे अनाजों को आहार में शामिल करने के लिए कर रहे जागरूक

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**आजादी** का अमृत महोत्सव की श्रंखला में उपायुक्त ललित के के मार्गदर्शन में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं सांस्कृतिक विभाग की भजन मण्डलियों द्वारा लोगों को अपने आहार में मोटे अनाजों को शामिल करने के लिए जागरूक किया जा रहा है ताकि लोग मोटे अनाजों से बने खाने को हर व्यक्ति की थाली तक पहुंचाया जा सके। इसी कड़ी में कपूर सिंह एंड भजन पार्टी द्वारा शुक्रवार को गांव भैंसवाल कलां में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
इस दौरान लीडर भजन पार्टी कपूर सिंह ने बताया कि वर्ष 2023 को



पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष के दौरान मोटे अनाजों को बढ़ावा देना सरकार की पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार का उद्देश्य लोगों को मिलेट्स के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूक करना है ताकि हर देश, इलाके के लोग इसे अपने डाइट में शामिल करें और मिलेट्स के लिए किसानों को अच्छा बाजार और अच्छे दाम मिल सकें।
लीडर भजन पार्टी ने बताया कि मोटे अनाज सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इसके अलावा कम पानी, उर्वरक और कीटनाशकों के साथ कम उपजाऊ मिट्टी में भी मोटे अनाज को उगाया जा सकता है, जिससे खेती करने से खेती की उर्वरा शक्ति को तो बढ़ावा मिलेगा ही उसके साथ-साथ जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके पश्चात लीडर भजन पार्टी कपूर सिंह ने किसानों का आह्वान किया कि अपनी आने वाली पीढियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मोटे अनाज के साथ-साथ किसान प्राकृतिक खेती को भी बढ़ावा दें ताकि हम स्वस्थ रहे सके। उन्होंने बताया कि आज किसान फसल में अनेक रासायनिक दवाईयां प्रयोग कर रहा है।

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के होली मिलन समारोह में जमकर गुलाल उड़ा पत्रकारों ने दिया संगठित होने का संदेश

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
**उत्तर प्रदेश** श्रमजीवी पत्रकार यूनियन (आईजेयू) मथुरा इकाई द्वारा होली मिलन समारोह का एक भव्य आयोजन स्थानीय होटल में किया गया जिसमें जनपद भर से सैकड़ों की संख्या में पत्रकारों ने भाग जमकर रंग संग गुलाल खेलकर भरपूर लुत्फ उठाया। समारोह में मथुरा के दिग्गज वरिष्ठ पत्रकारों की सहभागिता ने पत्रकार एकता का एक नया संदेश देते हुए सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। समारोह में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष नरेन्द्र भारद्वाज ने पत्रकार एकता पर जोर देते हुए पत्रकारों के उत्पीड़न के खिलाफ संगठित होकर आवाज बुलंद करने की बात करते हुए जनपद में प्रेस क्लब के गठन हेतु शासन से मांग की वहीं उपजा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु ने पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग करते हुए पत्रकारों के उत्पीड़न पर रोष जताया। वरिष्ठ पत्रकार किशन चतुर्वेदी ने पत्रकारों के हितार्थ गोष्ठी व सम्मेलन कराने पर जोर देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से पत्रकार एकता को बल मिलता है। वरिष्ठ पत्रकार डॉ विजय विद्यार्थी ने पत्रकारों से सामूहिक कार्यक्रमों में परस्पर सहभागिता करने की अपील करते हुए आर्थिक कोष जमा करने की बात कही जिससे विपरीत परिस्थितियों में एक दूसरे की मदद हो सके। पत्रकार पत्रकार चन्द्र प्रताप सिंह सिकरवार ने कहा कि पत्रकारों के हितार्थ सरकार को पेंशन, स्वास्थ बीमा इत्यादि की सुविधा प्रदान यथाशीघ्र प्रदान करनी चाहिए ।पत्रकार अजय शर्मा ने सभी पत्रकारों को होली की शुभकामनाओं देते हुए आयोजक संगठन को हार्दिक बधाई दी ।पत्रकार निरंजन प्रसाद धुरंधर ने कार्यक्रम पर हर्ष व्यक्त करते हुए पत्रकार एकता पर बल दिया। पत्रकार दिनेश आचार्य ने संगठन पर जोर देते हुए पत्रकारों की एकजुटता पर जोर दिया । पत्रकार मोहन श्याम शर्मा ने कहा कि पत्रकारों को पेंशन और दुर्घटना बीमा की सुविधा अवश्य मिलनी चाहिए ।वरिष्ठ पत्रकार जगदीश गोयल ने पत्रकारों की आर्थिक हालातों पर चिंता व्यक्त करते हुए कल्याण कोष की स्थापना पर जोर दिया। समारोह में राजू पंडित,गोपाल कौशिक,लोकेश चौधरी, प्रकाश सैनी,रवि चौधरी,सुरेश सैनी,मातुल शर्मा,वृषभान गोस्वामी,योगेश भारद्वाज,मदन गोपाल शर्मा,मुकुल गौतम,मोहनश्याम रावत,बालकृष्ण अग्रवाल,फैसल कुरैशी,अकरम, संजू गुप्ता,अली अब्बास, विष्णु गुप्ता,मनोहर पटेल,दीपक सारस्वत, विवेकप्रिय आर्य, सौमेन्द्र भारद्वाज, रहीश कुरेशी,सुरेश सैनी, सुमित गोस्वामी,बीएल पांडे,अमित भार्गव,अमित शर्मा, नरेंद्र गौतम,कल्लन पंडित, गौरव शर्मा,,मोहन मीना,महेश सिंह,अंशुल गौतम, पंकज पचौरी ,महेश कुमार,श्रेया शर्मा विपिन गुप्ता, ब्रिन्देश चतुर्वेदी,गौरव गोयल, हिमांशु शर्मा,रिंकू शर्मा,सोनू गौतम, विवेक चतुर्वेदी, जगदीश गोयल,शिव तोमर,कौशलेंद्र चौधरी,सुनील पांडेय, गोपाल चतुर्वेदी, गौरव गोयल, प्रतीक चतुर्वेदी, गिरधर पचौरी, विजय कुमार अग्रवाल,कृष्णा शर्मा, विजय उपाध्याय, सुनील राज,विजय आर्य,नागेंद्र कुमार,कन्हैया राजपूत, मनोहर पटेल,पीके आर्य,मंत्रवीर चौधरी,सुनील शर्मा, मनीष चौधरी, पवन शर्मा, दिनेश सिंह तरकर, श्याम सिंह, कन्हैया सैनी, कालीचरण विंदल, रवि कुमार वर्मा, चंद्र मोहन दीक्षित, शंकर शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, विजय कुमार सिंघल, सुबीर सेन, अंकुश वर्मा, अमित अग्रवाल, रिंकू शर्मा, कौशलेंद्र सिंह, श्याम शर्मा, राहुल शर्मा गांधी, संतोष कुमार,धर्मेंद्र सिंह,विष्णु कुमार, अभिषेक सिंह,ओमप्रकाश सिंह, नरेंद्र कुमार शर्मा, विकास गोस्वामी,आरती शर्मा, भानु प्रकाश शर्मा, शाहिद कुरेशी,असगर अली, सलीम आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने की स्कोडा सिंगल विकेट टूर्नामेंट सीजन 2 की घोषणा

**फरीदाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
स्कोडा ऑटो इंडिया ने स्कोडा सिंगल विकेट टूर्नामेंट के दूसरे सीजन की घोषणा की है। पूरे देश में 59 शहरों और 32,000से अधिक युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को कवर करने के उद्देश्य के साथ स्कोडा सिंगल विकेट सीजन 2 की शुरूआत 28 अप्रैल से होगी। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, पेट्र सॉल्क ने कहा, स्कोडा ऑटो इंडिया में, हम जो कुछ भी करते हैं उसके केंद्र में हमेशा हमारे ग्राहकों को प्राथमिकता दी जाती है। स्कोडा सिंगल विकेट प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक विश्वसनीय और

> 8 स्कोडा ऑटो इंडिया में, हम जो कुछ भी करते हैं उसके केंद्र में हमेशा हमारे ग्राहकों को प्राथमिकता दी जाती है

अनोखा प्लैटफॉर्म उपलब्ध कराता है। स्कोडा सिंगल विकेट टूर्नामेंट ने इस सीजन में लड़कियों के लिए अंडर-16 कैटेगरी की नई शुरूआत की है। इस टूर्नामेंट में 59 शहरों से क्रिकेट खेलने वाली सर्वोत्तम लड़कियों को चुना जाएगा। सभी कैटेगरीज के लिए शहरों में होने वाले ट्रायल्स और फाइनल्स इस साल अप्रैल और मई के महीनों में आयोजित किए जाएंगे और कुल 180 लड़के अंडर-12 और अंडर-16 और लड़कियाँ अंडर-16 मुंबई में मई में नेशनल फाइनल खेलेंगे।
स्कोडा सिंगल विकेट टूर्नामेंट में छह-बॉल बैटिंग और छह-बॉल बॉलिंग का फॉर्मैट है जो अंडर-12 और अंडर-16 कैटेगरी के लड़कों और अंडर-16 कैटेगरी के लड़कियों के लिए खुला है जहाँ उन्हें चयनकर्ताओं के एक पैनल के सामने अपने बॉलिंग और बैटिंग का कौशल प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा जो उनके द्वारा प्रत्येक बॉल पर की गई बैटिंग और डाली गई प्रत्येक बॉलिंग पर पॉइंट्स देंगे।

## सरकार जहांगीरपुरी जीटी करनाल रोड़ पर जलभराव की समस्या का जल्द करें समाधान: हरीकिशन

# 'टूटे नाले व जलभराव से हादसों की आशंका'

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**कांग्रेस** नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष हरी किशन जिन्दल ने बताया कि पिछले दो हफ्ते से भी ज्यादा समय से मुकरबा चौक से लेकर जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन लाल बत्ती तक मेन रोड पर टूटे नाले के गंदे व बदबूदार पानी के जलभराव की वजह से यहां से गुजरने वाले लोगों को ट्रैफिक जाम का सामना का सामना करना पड़ रहा है।

**खुला नाला दे रहा है हादसों का दावत:** श्री जिन्दल ने बताया कि जहांगीरपुरी मेन रोड़ नाला टूटा व खुला होने की वजह से कभी भी कोई हादसा हो सकता है और जान-माल का नुकसान हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी सरकार और लोक निर्माण विभाग की होगी।





**रोड़ पर गंदा व बदबूदार पानी है भरा:** श्री जिंदल ने बताया कि मेन जी.टी.करनाल रोड पर दो-दो फुट गहरा गंदा पानी भरा हुआ है, गंदे व बदबूदार पानी के जलभराव की वजह से यहां स्थानीय लोगो का बहुत बुरा हाल हो गया है।

**पानी निकासी की नहीं है कोई उचित व्यवस्था:** पानी की निकासी की कोई उचित व्यवस्था नहीं है, रामगढ़ गांव मेन जी.टी.करनाल रोड़ पर नाले में गाद भरी हुई है, जिसकी सफाई नहीं हुई है। जिस कारण से जलभराव हो रहा है।

**शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा है समस्या का समाधान:** श्री जिन्दल जानकारी देते हुए बताया कि अधिकारियों से कई बार लिखित में शिकायत करने के बाद भी समस्या के समाधान पर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है। जिस कारण से यहां से गुजरने वाले लोग परेशान हो रहे है।

**पूर्व जिला अध्यक्ष ने एलजी से समस्या के समाधान की मांग की:** श्री जिन्दल ने दिल्ली के उप-राज्यपाल से पत्र लिखकर समस्या के समाधान की मांग की है। ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े।

## सावित्रीबाई फुले की 126वीं पुण्यतिथि महिला चेतना दिवस के रूप में मनाई

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**अखिल भारतीय** स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के संयुक्त तत्वावधान में संघ के राष्ट्रीय महासचिव, गांधीवादी विचारक एवं चिंतक शिक्षाविद् दयानंद वत्स के सान्निध्य में संघ के उत्तर पश्चिम दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-36 स्थित मुख्यालय बरवाला में भारत की महान समाज सुधारिका ओर देश की प्रथम महिला शिक्षिका स्वगीर्या सावित्रीबाई फुले की 126वीं पुण्यतिथि महिला चेतना दिवस के रुप में सादगी ओर श्रद्धा पूर्वक मनाई गई।

शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में श्री वत्स ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने विषम परिस्थितियों में महिलाओं की शिक्षा के लिए देश का प्रथम स्कूल खोला ओर महिलाओं की शिक्षा के लिए प्रथम शिक्षिका के दायित्व को भी वहन किया।

तत्कालीन सामाजिक परिवेश में स्त्री शिक्षा की बात करना भी असंभव था जिसे सावित्रीबाई फुले ने समाज के विरोध ओर तिरस्कार के बावजूद संभव कर दिखाया। एक समाज सुधारिका के रुप में सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं की मुक्ति, विधवा विवाह ओर स्त्री शिक्षा के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके पति महान समान सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले ने भी उन्हें इस पुनीत कार्य के लिए प्रोत्साहित किया।

# जहांगीरपुरी में पानी न आने की वजह से लोग हो रहे हैं परेशान: डॉ.एमएल भास्कर

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**रेजीडेन्डस** वेलफेयर एसोसिएशन जहांगीरपुरी आई एण्ड जे ब्लॉक के अध्यक्ष और जहांगीरपुरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ.एम.एल. भास्कर ने कहा कि पिछले कई दिनों से जहांगीरपुरी में पानी न आने की वजह से यहां पर रहने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**गर्मियों की शुरूआत में ही हो रही है पानी की किल्लत:** श्री भास्कर ने कहा कि अभी तो गर्मी की शुरूआत है, अभी से यह हाल है, दिल्ली सरकार जनता को पानी नहीं मुहैया करवा पा रही है तो गर्मियों के दिनों में क्या हाल होगा इसका अंदाजा आप लगा सकते है।



**महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीने को मजबूर है लोग:** श्री भास्कर ने बताया कि जहांगीरपुरी में पानी न आने की वजह से यहां के लोग मजबूरी में बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पी रहे है।

**सरकार का फ्री पानी का वादा झूठा:** श्री भास्कर ने कहा कि सरकार का फ्री पानी का वादा झूठा साबित हो रहा है, जब जनता पानी बाजार से महंगे दामों पर खरीद कर पी रही है तो पानी फ्री कैसे हुआ।

**जनता की समस्याओं पर ध्यान दे सरकार:** डॉ.एमएल भास्कर ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार जहांगीरपुरी वासियों की पानी की समस्या का समाधान करें।

# महिला दिवस पर चलाया महिला सशक्तिकरण अभियान

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**उत्तर-पूर्वी** दिल्ली के गोकलपुरी इलाके में प्रतिष्ठा युवा संगठन एवं कम्यूनिटी वेलफेयर आगेर्नाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 150 से अधिक महिलाओं व युवतियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चौधरी बलराज पूर्व चेयरमैन एवं निगम पार्षद, चौधरी ब्रह्मपाल, प्रतिष्ठा युवा संगठन संस्थापक मोहित कुमार भारतीय, कम्यूनिटी वेलफेयर आगेर्नाइजेशन महासचिव नरेश गुप्ता, सारिका गुप्ता आजाद सावरिया, कुलदीप डावर, कालू भाई, लल्ला पहवान उपस्थित रहे। इस मौके पर मोहित कुमार ने सभी



अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि इस साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम एम्ब्रेसइक्विटी रखी गई है, इक्विटी का मतलब एक समावेशी दुनिया बनाना है जिसमें लैंगिक समानता पर ध्यान देने के साथ सभी को सक्रिय रूप से इसका समर्थन करने के साथ ही इसे गले लगाना चाहिए महिलाओं को बराबर का दर्जा प्राप्त हो सभी अधिकार दिए जाएं, जिसकी प्रत्येक महिला हकदार है किसी भी क्षेत्र में भेदभाव ना किया जाए इस दिन महिलाओं के अधिकारों के प्रति ध्यान दिलाने और लोगों को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम एवं कैंपेन भी आयोजित किए जाते हैं। इसी दिशा में संगठन महिला सशक्तिकरण अभियान चला रहा हैं जिसका उद्देश्य महिलाओं और युवतियों को स्वावलंबी बनाने के साथ सरकारी व अन्य योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। चौधरी बलराज ने कहा कि मुझे खुशी हैं कि दोनों संस्थाएं महिलाओं के उत्थान हेतु कार्य कर रही हैं मैं मोहित कुमार और नरेश गुप्ता और उनकी टीम को शुभकामनाए देता हूं कि वो इसी तरह सामाजिक कार्य करते रहे। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दी सभी महिलाओं व युवतियों को संगठन द्वारा सेनेटरी पैड वितरित किए, युवतियों ने अपने विचार व्यक्त किए। जिसमें काजल, शबनम, ज्योति ने महिला सशक्तिकरण विषय पर भाषण दिया और युवतियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व महिलाओं ने भजन की प्रस्तुति दी। सारिका गुप्ता ने कहा कि हमें खुशी हैं कि महिला सशक्तिकरण अभियान के माध्यम से महिलाएं सशक्त बन रहीं हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान ज्योति, गुलनाज, सजल भार्गव, मीनू, रितु, शालिनी, लक्ष्मी, आकांक्षा, भावना, फातिमा, अरुणिमा बेबी एवं महिला पंचायत सदस्यों मौजूद रहे।

# नरेला: राधा पैलेस में उत्तरी जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने किया मेगा शिविर का आयोजन

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**नरेला के सफियाबाद** रोड स्थित राधा पैलेस में उत्तरी जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) ने आरडब्लूए गौतम कॉलोनी के संयुक्त तत्वाधान में मेगा शिविर का आयोजन कर आम जनमानस को एक ही छत के नीचे उनकी सभी समस्याओं का समाधान किया। जिसमें बड़ी संख्या में आम जनमानस ने हिस्सा लेकर विभिन्न प्रकार की सुविधाओं व योजनाओं का लाभ उठाते हुए जानकारी हासिल की। शिविर का शुभारंभ जज हिमांशु सहलोठ ने किया। उन्होंने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों का पूर्ण लाभ उठाएं। मेगा शिविर में विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टाल पर







मुफ्त कानूनी सहायता, वोटर कार्ड, आधार कार्ड, वैक्सीनेशन कैंप, लेबर रजिस्ट्रेशन, ब्लड डोनेशन, टाटा पावर, सेल्फ हेल्प ग्रुप, एसबीआई बैंक, पेंशन आदि के लिए स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभागों द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं से संबंधित लोगों को जानकारी दी तथा जरूरतमंदों का आवेदन भी प्राप्त किया। इस दौरान 3 लाभार्थियों को ट्राईसाईकिल भी उपलब्ध कराई गई। शिविर में जज हिमांशु सहलोठ ने सभी स्टाल का दौरा करते हुए अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया कि वे प्राथमिकता के आधार पर लोगों को सुविधाएं प्रदान करें।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुनील खत्री ने बताया कि इस मेगा शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का मौके पर ही निदान करना था व सभी विभागों की सुविधा एक छत के नीचे ही प्रदान करना था। मेगा शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर सुविधाओं का लाभ उठाया।



आम आदमी पार्टी कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान वजीरपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक डा. महेन्द्र नागपाल, जिला उपाध्यक्ष नरेश मालिक, जिला संयोजक जीवन लाल, प्रमोद कश्यप व अन्य।

## जनता को गुमराह करना बंद करें आम आदमी पार्टी: कपाही

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**आजादपुर** वार्ड के भाजपा युवा नेता विशाल कपाही ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है, जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह भी पूरे नहीं हुए है, जिसके चलते आज दिल्ली की जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की कई कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली में विकास कर रहे है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार



जनता की समस्याओं पर ध्यान दे, जिससे की जनता को परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो देश के विकास पर ध्यान दे रही है, तभी तो लोग भाजपा के कार्यो से खुश है।



आम आदमी पार्टी कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी का विशाल धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, पूर्व पार्षद सुजीत ठाकुर, मंडल अध्यक्ष कृष्ण यादव, विरेन्द्र सिंह पिंटू, देवेन्द्र रिडला, रविन्द्र बैनिवाल व अन्य।

# नरेला में फैडरेशन ऑफ नरेला ने किया होली मंगल मिलन समारोह का भव्य आयोजन

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**फेडरेशन** ऑफ नरेला सब सिटी द्वारा मंगलवार को होली मंगल मिलन सह डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने फूलों की होली खेलकर गले लगकर एक दूसरे को होली की मंगल शुभकामनाएं दी और पूरे जोश व उत्साह के साथ जमकर नृत्य कर होली मंगल मिलन कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। देशभर में होली की धूम देखने को मिली लोग हर तरफ रंगों के इस महोत्सव में डूबे नजर आए। इसी क्रम में फेडरेशन ऑफ नरेला सब सिटी द्वारा नरेला के सफियाबाद रोड स्थित दयानंद कुटीर में होली मंगल मिलन सह डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जिसमें बच्चों ने जबरदस्त प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान सभी







ने जमकर फूलों की होली खेली और जमकर डांस किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रवीण लाकड़ा अति विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्या सीमा दलाल, शौर्य चक्र विजेता आदर्श कुमार अरोड़ा, नरेला एसीपी सुरेश कौशिक, आर के इंटरनेशनल स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर सुनीता शर्मा, प्रजापति ब्रह्मकुमारी नरेला सेंटर इंचार्ज बीके बहन गीता, डॉ रीना सिंह का संस्था पदाधिकारियों द्वारा पटका पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंटकर प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रवीण लाकड़ा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने एकल और समूह डांस में जबरदस्त प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान बच्चों ने हरियाणवी परिधानो में सज धज कर लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रवीण लाकड़ा ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से लोगों में धार्मिक आस्था पैदा होती है। आपसी प्रेम भाईचारे सद्भावना का विकास होता है। साथ ही गांव में छिपी प्रतिभा को सामने लाने का एक अवसर प्रतिभागियों को मिलता है। आज के परिवेश में जब युवाओं का ध्यान धार्मिक कार्यों से हटता जा रहा है ऐसे समय में यह आयोजन सराहनीय है। अति विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्या सीमा दलाल ने कहा कि हमारा देश पुरातन काल से ही उत्सवधर्मी रहा है, होली सिर्फ रंगों का ही त्यौहार नहीं है बल्कि यह सामाजिक समरसता एवं आपसी सौहार्द का प्रतीक है। यह पर्व आपसी आत्मीयता एवं सहभागिता का अनूठा पर्व है। फेडरेशन अध्यक्ष जोगेंद्र दहिया ने कहा कि होली एकता भाईचारे और सौहार्द का संदेश देती है। फेडरेशन द्वारा हर साल आयोजित की जाने वाली फूलों की होली का हर किसी को इंतजार रहता है। कार्यक्रम में फेडरेशन संरक्षक सदाराम गुप्ता, विवेक अग्रवाल, धनंजय सिंह, राजकुमार अरोड़ा, ताराचंद, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुषमा गौतम, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष गौरव राणा, उपाध्यक्ष धीरज खत्री, कमला, पूजा, हर्ष गौतम सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सरपंचों के साथ नहीं हो सकी सीएम की तीसरी बैठक, नाराज सरपंचों ने 17 को विधानसभा घेराव का किया ऐलान

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा में सरपंच एसोसिएशन और राज्य सरकार के बीच बातचीत में कोई हल अभी तक नहीं निकल सका है। मुख्यमंत्री के साथ दो चरणों की बैठक में भी सरपंचों की समस्या का हल नहीं हो पाया। वार्ता विफल होने के बाद सरपंचों ने 17 मार्च को विधानसभा घेराव का ऐलान किया है। जानकारी मिली है कि सरकार विकास कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग की सीमा दो लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने पर तैयार थी, लेकिन सरपंच एसोसिएशन के पदाधिकारी इसे 10 लाख रुपये करने की मांग पर अड़े रहे। वार्ता विफल होने के बाद सरपंच एसोसिएशन ने 17 मार्च को विधानसभा का घेराव करने की घोषणा कर दी है। उन्होंने तैयारी नहीं होने का हवाला देते शनिवार को करनाल में प्रस्तावित मुख्यमंत्री निवास का घेराव कार्यक्रम को टाल दिया है। दरअसल, मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सरपंचों को मनाने के लिए खुद मोर्चा संभाला और गुरुवार को सरपंच एसोसिएशन के पदाधिकारियों संग करीब साढ़े चार घंटे तक वार्ता की। देर रात तक चली इस बैठक में दोनों पक्षों ने सकारात्मक रुख भी दिखाया, इससे प्रतीत हुआ कि मामला सुलझ जाएगा और शुक्रवार को फिर बैठक होनी थी। शुक्रवार को मामला फिर बिगड़ गया। सरपंचों के रवैये में बदलाव न होते देख मुख्यमंत्री सुबह पहले हरियाणा राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में चले



गए और फिर इसके तुरंत बाद करनाल कूच कर गए, जहां महिलाओं का राज्य स्तरीय सम्मान समारोह था। मध्यस्थता कर रहे डीआइजी ओम प्रकाश नरवाल और सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के प्रचार सलाहकार तरुण भंडारी सरपंच एसोसिएशन के पदाधिकारियों से लगातार संपर्क थे। शाम करीब चार बजे दोनों अधिकारियों ने सरपंच एसोसिएशन के सभी 25 पदाधिकारियों को वार्ता के लिए एमएलए हास्टल बुलाया। यहां दोनों अधिकारी करीब दो घंटे तक प्रतिनिधिमंडल को मनाते रहे कि ई-टेंडरिंग के कार्यों की सीमा दो लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की पेशकश स्वीकार कर लें। अगर वह इस पर राजी हों तो तुरंत उनकी मुख्यमंत्री के साथ तीसरे दौर की बैठक करा दी जाएगी। अपनी मांग पर अड़े सरपंचों ने कहा कि उन्हें यह स्वीकार नहीं है। इसके बाद सहमति न बनने पर बाहर आते ही एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने 17 मार्च को विधानसभा का घेराव करने की घोषणा कर दी है।

# अडानी प्रकरण को लेकर कांग्रेस ने दिया धरना



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**कांग्रेस** कार्यकर्ताओं ने अडानी प्रकरण को लेकर एलआईसी ऑफिस के बाहर धरना दिया। कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता दो घंटे तक अंबेडकर चौक के पास स्थित एलआइसी आफिस के बाहर बैठे रहे। उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।
धरने पर बैठे कांग्रेस के पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने पूंजीपति मित्रों को सरकारी खजानों में लूट की खुली छूट दी है। प्रधानमंत्री अपने निजी स्वार्थ और पूंजीपति मित्रों के खजाने भरने में लगे हैं, जिससे देश की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है। कांग्रेस के जिला संयोजक सरदार तरलोचन सिंह ने भाजपा सरकार को गरीबों की नहीं पूंजीपतियों की सरकार बताया। जिसमें न रोजगार की बात होती है न महंगाई पर और न ही विकास की बात होती है। केन्द्र सरकार में सिर्फ गरीबों के खिलाफ और पूंजीपति मित्रों के समर्थन में फैसले होते हैं। कांग्रेस के जिला प्रभारी एवं पूर्व विधायक लहरी ने सत्ताधारी पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि अडानी समूह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मिलकर देश के साथ बड़ा धोखा किया है। इस धोखे के बाद प्रधानमंत्री को अपनी दोस्ती छोडकर उचित जांच करवानी चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण के लिए बैठक 14 मार्च को

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**बिजली** उपभोक्ताओं की शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने के लिए अध्यक्ष, परिचालन उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल व कुरुक्षेत्र, राजीव गांधी विद्युत सदन सैक्टर-12 करनाल के कान्फ्रैंस हाल में मंगलवार 14 मार्च को प्रात: 11 बजे बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बिजली संबन्धी वे समस्याएं, जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के उपरान्त भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है ऐसे सभी उपभोक्ता अपनी सभी समस्याओं को इस फोरम के समक्ष रख सकते हैं। इस संबंध में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम करनाल के अधीक्षक अभियंता जे.एस. नारा ने बताया कि बैठक में ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली संबंधी केस न्यायालय में विचाराधीन है तथा जिनकी शिकायत या मामला दो वर्ष से पुराना है, ऐसे उपभोक्ता सुनवाई के पात्र नहीं होंगे तथा बिजली चोरी संबधी शिकायतें भी इस बैठक में नहीं सुनी जाएगी। उन्होंने सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि फोरम के समक्ष निर्धारित समय पर कार्यालय अधीक्षक अभियन्ता, परिचालन परिमण्डल, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, राजीव गांधी विद्युत सदन, सैक्टर 12 करनाल के कान्फ्रेंस हाल में पहुंचकर अपनी बिजली सम्बन्धी समस्याओं एवं शिकायतों का शीघ्र निपटारा करवाएं।

### ब्राह्मण सभा माडल टाऊन की जनरल हाऊस की बैठक 12 को

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**ब्राह्मण** सभा माडल टाऊन (रजि.) की वार्षिक जनरल हाऊस की बैठक इस बार 12 मार्च रविवार को ब्राह्मण सभा माडल टाऊन के प्रांगण सैक्टर 9 में रखी गई है। सभा के सचिव टी.एन. अवस्थी ने बताया कि इस वर्ष जनरल बॉडी की बैठक प्रात: 11 बजे रखी गई है, जिसमें सभा के स्थापना के आयोजन बारे चर्चा की जाएगी। इसके अतिरिक्त सदस्यों की और से रखी गई और भी कोई सुझाव होगा तो उस पर भी चर्चा की जाएगी।
जनरल हाऊस की सभा के बारे में सभा के सभी सम्मानित सदस्यों को रजिस्टर्ड डाक द्वारा सूचित भी कर दिया गया है। उन्होंने सभा के सभी सदस्यों से अपील की कि इसमें सभी सदस्य अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने सुझाव एवं विचार रखें।

### ब्रह्माकुमारीज दिल्ली हस्तसाल में "शांति, खुशी और जीवन में सफलता" विषय पर बीके सिस्टर शिवानी के साथ एक प्रेरक वार्ता का किया आयोजन

**नई दिल्ली।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, हस्तसाल सेंटर, दिल्ली के सेंट्रल स्कूल, विकासपुरी में "शांति, खुशी और जीवन में सफलता" विषय पर बीके सिस्टर शिवानी के साथ एक प्रेरक वार्ता का आयोजन किया गया। सत्र की अध्यक्षता करोलबाग जोन की निर्देशिका राजयोगिनी सिस्टर बीके पुष्पा, राजयोग ध्यान की जानी-मानी शिक्षिका सिस्टर बीके शिवानी, ब्रह्माकुमारीज हस्तसाल सेंटर की निर्देशिका राजयोगिनी बीके भावना, द्वारका सेक्टर-12 की निर्देशिका बीके निशा ने की। कार्यक्रम में डॉ. समीर भाटी, निदेशक, स्टार इमेजिंग एंड पैथ लैब, श्री देवेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य, केंद्रीय विद्यालय, राजस्थान पुलिस कमांडेंट श्री सुरेंद्र सिंह, आईपीएस, क्षेत्र के विधायक श्री महेन्दर यादव जी सहित कई अन्य विशिष्ट अतिथि, बिजनेसमैन , इंडस्ट्रियलिस्ट्स , डॉक्टरों, अधिवक्ताओं, पुलिस कर्मियों, राजनीतिक प्रतिनिधियों, छात्रों, शिक्षकों, गृहिणियों, युवाओं और गैर सरकारी संगठनों के कार्यकताओं सहित विभिन्न क्षेत्रों के 3000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। हस्तसाल सेंटर की निदेशक बीके सिस्टर भावना ने कहा कि यह दिव्य कार्यक्रम हमें स्वयं के महत्व को महसूस करने में मदद करेगा और हमें मार्गदर्शन करेगा कि हमें इसकी देखभाल कैसे करनी चाहिए ताकि अपने जीवन में खुशियों को शामिल किया जा सके। बीके सिस्टर पुष्पा ने कहा कि "हम सभी को आज के जीवन में शांति और खुशी की आवश्यकता है, लेकिन हम कई चीजों से विचलित हो जाते हैं और यह सत्र निश्चित रूप से लोगों को सिखाएगा कि कैसे अपने जीवन में शांति और खुशी को निरंतर बनाए रखें ,जिससे जीवन में सफलता भी प्राप्त हो सके। प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर सिस्टर बीके शिवानी ने एक प्रेरक सत्र का संचालन किया जहां उन्होंने साझा किया कि ह्लखुशी हमारा वास्तविक स्वभाव है। जब हमारा मन शांत और स्थिर होता है, तब वह स्वस्थ अवस्था में होता है और मन का स्वास्थ्य ही सुख है। मन की उस स्वस्थ अवस्था में रहना ,हमारे हाथ में है। आज हमारा परिवेश प्रदूषित हो गया है, न केवल वायु प्रदूषकों से, बल्कि विचारों के प्रदूषकों से, जो हम अपने मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और कई अन्य प्लेटफार्मों के माध्यम से उपभोग करते हैं। हमने उन्हें अपनी खुशी और शांति तय करने का प्रभार देकर अपनी खुशी को दूसरों पर निर्भर बना दिया है, जो अंतत: हमारे मानसिक स्वास्थ्य और विकास को प्रभावित करती है। इसलिए सकारात्मक विचारों के साथ खुद को सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है, खुद की खुशी का ख्याल रखें और बुद्धिमानी से चुनें कि अपनी खुशी के लिए क्या चुनना है , उसका ख्याल कैसे रखना है।




समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
मो. नं.: 9991270143

# प्रतिदिन योग करने के अनगिनत लाभ है: दिनेश गुलाटी



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
फव्वारा पार्क योग कक्षा में लगाए जा रहे योग शिविर में मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक दिनेश गुलाटी द्वारा प्रतिदिन योग प्राणायाम करवाया जा रहा है, जिसका लाभ लेने के लिए लोग पार्क में पहुंच रहे हैं। उन्होंने साधकों को सूक्ष्म और आसन करवाते हुए बताया कि प्रतिदिन योग करने के अनगिनत लाभ है। व्यक्ति कई तरह की बीमारियों से बचाव कर सकता है और शरीर का मेटाबॉलिज्म भी मजबूत होता है।शरीर के लिए छोटे-छोटे व्यायाम बहुत आवश्यक है, जिससे कि शरीर बेहतर प्रकार से काम कर पाए। दिनेश गुलाटी ने कहा कि सूक्ष्म क्रियाओं से शरीर में ऊर्जा बढ़ती है बेहतर नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है।

# स्लोगन लेखन तथा पोस्टर मेकिंग में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

## स्लोगन लेखन में आशा व पोस्टर मेकिंग में नवनीत ने मारी बाजी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**गुरु नानक** खालसा कॉलेज में फाइन आर्ट एवं हॉबी क्लब द्वारा स्लोगन लेखन तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दोनों क्लब की इंचार्ज प्रो. अंजू चौधरी तथा डा. सोनिया वधावन के निर्देशन में इस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढकर भाग लिया।
स्लोगन लेखन में छात्रा आशा सैनी ने पहला, कशिश ने दसूरा तथा स्मृति ने तीसरा पुरस्कार



जीता, जबकि पोस्टर मेकिंग में नवनीत कौर ने पहला, जपजी कौर ने दूसरा तथा अमरजीत कौर ने तीसरा पुरस्कार जीता।
कॉलेज के प्राचार्य डा. गुरिंद्र सिंह ने सभी विजेताओं को सम्मानित किया।
प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों की प्रतिभा में निखार आता है। प्रो. शशि मदान तथा प्रो. प्रीति ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रो. अमरजीत कौर, डा. मीनाक्षी मक्कड, तथा प्रो. श्रुति गर्ग उपस्थित रहे। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने प्राचार्य, स्टाफ एवं विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दी।

# प्लेस ऑफ सेफ्टी का औचक निरीक्षण किया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**पंजाब** एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में सीजेएम सुश्री जसबीर और प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट, जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड सुश्री अलका ने शुक्रवार को प्लेस ऑफ सेफ्टी का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रसोई घर का निरीक्षण कर खाने की गुणवत्ता की जांच की। प्लेस ऑफ सेफ्टी में रहने वाले बच्चों की कुल संख्या 178 है। सीजेएम ने बंदी संवासियों के साथ बातचीत की और उन्हें कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत उनके अधिकारों के बारे में भी



जागरूक किया। उन्होंने अधीक्षक को बैरकों और पुस्तकालय में बच्चों के कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी स्थापित/प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया, ताकि बच्चों को कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत बनाए गए नियम और कानून निर्धारित उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान कुछ बच्चों ने विभिन्न न्यायालयों में लंबित अपने मामलों की शीघ्र सुनवाई के लिए अनुरोध किया।

# 13.6 ग्राम स्मैक सहित आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**पुलिस** चौकी निलोखेडी की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरोपी शीतल सिंह उर्फ सन्नी पुत्र जगदीश वासी गांव शामगढ़ जिला करनाल को डेरा भडभाग सिंह जाने वाली सडक पर नाकाबंदी के दौरान काबू किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक पोलोथीन में से 13.6 ग्राम स्मैक बरामद हुई व आरोपी की एक्टिवा को भी कब्जा पुलिस में लिया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना बुटाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी से की गई पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी पिछले कुछ समय से नशीला पदार्थ स्मैक की खरीद-फरोख्त का धंधा करता है।

# अरबाज ने सडक सुरक्षा संकेतावली और चिन्ह पुस्तिका का किया विमोचन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**ट्रैफिक** रूल्स एंड रोड सेफ्टी फेडरेशन द्वारा प्रकाशित सडक सुरक्षा संकेतावली और चिन्ह पुस्तिका का एक समारोह में फिल्म अभिनेता अरबाज खान द्वारा विमोचन किया गया। इस विशेष अवसर पर अरबाज खान के साथ ट्रैफिक रूल्स एंड रोड सेफ्टी फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र अरोड़ा, प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा प्रवीण गर्ग एवम स्टेट ट्रेनिंग कमिश्नर हरियाणा प्रीती शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर अरबाज खान ने कहा कि ट्रैफिक रूल्स एंड रोड सेफ्टी फेडरेशन द्वारा प्रकाशित सडक सुरक्षा संकेतावली और चिन्ह पुस्तिका द्वारा लोगों में ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर जागरूकता आएगी। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश के अधिकांश लोग सडक हादसों में अपने प्राण गंवा देते हैं। इसलिए लोगो में सडक सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए यातयात के नियम बनाए गए हैं, जो हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करते है।
उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा सडक दुर्घटनाओं को रोकने तथा कम करने के लिए यातायात नियम बनाएं हैं। इन ट्रेफिक रूल्स का पालन करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व हैं। देश के नागरिक होने के नाते हमारा कर्तव्य बनता हैं कि हम सडक के यातायात नियमों का पालन करें। सडक के किनारे अथवा नो पार्किंग जॉन में अपनी गाड़ी को खड़ी न करें, दुपहियां वाहन चलाते समय ध्यान रखे कि हेलमेट पहना हो।
गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य पहनें, इंडिकेटर का उपयोग करे तथा सडक पर पुलिया, जेब्रा क्रोसिंग, नो पार्किंग, यू टर्न, विद्यालय आदि के संकेतों का पालन कर निदेर्शानुसार ही ड्राइविंग करें।

# चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाला आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला पुलिस** की डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा चोरी की विभिन्न वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपी विजय कुमार पुत्र जगदीश वासी गांव नेवल जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर नेवल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से मोटरों की 300 फ्लैंच बरामद किए गए हैं। आरोपी से की गई पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर थाना सेक्टर 32-33 व थाना कुंजपुरा के एरिया से चोरी की चार वारदातों को अंजाम दिया



गया है। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपियों द्वारा इन वारदातों को किसी फैक्ट्री या गोदाम में से अंजाम दिया गया है। आरोपी पहले इन फैक्ट्री या गोदाम में कुछ दिन काम करते थे और कुछ दिन काम करने व उसके बारे में सारी जानकारी जुटाने के बाद वहां से काम छोड़ देते थे और मौका पाकर रात के समय उस फैक्ट्री या गोदाम में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम कर फरार हो जाते थे। आरोपी ने बताया कि आरोपी नशा करने के आदी हैं और नशा पूर्ति व मौज मस्ती करने के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं।
एक वारदात के संबंध में शिकायतकर्ता सतीश कुमार वासी पालम कलोनी करनाल द्वारा थाना सेक्टर 32-33 में एक शिकायत दर्ज करवाई गई, जिसमें उसने बताया कि 1 मार्च को रात के समय पालम कालोनी में स्थित उसकी फैक्ट्री से कोई अज्ञात आरोपी मोटरों की फ्लैंच चोरी करके ले गया। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में मामला दर्ज किया गया। इसी मामले में आरोपी के कब्जे से सामान बरामद किया गया है।
जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपियों द्वारा थाना कुंजपुरा के एरिया से भी ऐसी ही चोरी की तीन अन्य वारदातों को अंजाम दिया गया है।

### खुले शराब के ठेके से परेशान समिति चेयरमैन प्रतिनिधि को मांग पत्र दिया

**पानीपत:** महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती गांव झांमबा में कच्ची पडी गलियां, बिजली, पानी ना होने से परेशान बस्तीवासियों ने अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन जिला सचिव राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में ब्लॉक समिति के चेयरमैन दीपा रानी के पति सुनील फौर को मांग पत्र दिया है। अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन जिला सचिव राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में महात्मा ग्रा?धी ग्रामीण बस्तीवासी सतपाल, राजेश, रविन्द्र, महाबीर, राजपाल, सुरेश व महिलाएं संतोष, बिमला, नीलम, सुमन, चंदा, रेखा, बबली, पिंकी आदि ने ब्लॉक समिति चेयरमैन दीपा रानी के पति सुनील फौर को बताया कि महात्मा ग्राधी ग्रामीण बस्ती में प्रशासन व सरकार की ओर से कोई भी मुलभूत सुविधाएं उन्हें नही मिल रही है।

# केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन ने 3000 रूट किमी के ब्रॉडगेज रेल मार्ग का विद्युतीकरपू र्ण किया

**मिशन** शतप्रतिशत विद्युतीकरण को मिशन मोड में बढ़ाते हुए कोर लगातार नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। इस क्रम में कोर ने दिनांक 09/03/2023 को 3000 रूट किलोमीटर विद्युतीकरण कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया जो पिछले वित्तीय वर्ष के समान अवधि की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है। यह शानदार उपलब्धि कोर के अहमदाबाद परियोजना ने पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल के अंतर्गत कपड़वंज-मोडासा (59.67 रूट किलोमीटर) रेल खंड के सफल निरीक्षण के साथ हासिल किया। इसके साथ ही कोर की अहमदाबाद परियोजना ने इस वित्तीय वर्ष में कुल 418 रूट किलोमीटर के विद्युतीकरण कार्य को पूर्ण कर लिया है। कोर के महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार के कुशल नेतृत्व में कोर शतप्रतिशत विद्युतीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने और स्वच्छ एवं हरित रेल परिवहन नेटवर्क को निरंतर आगे ले जाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है । वित्तीय वर्ष 2022-23 में लक्षित शेष ब्रॉडगेज नेटवर्क के विद्युतीकरण का कार्य जोर-शोर से चल रहा है और इसका पुरजोर प्रयास किया जा रहा है की कुल रेल खण्डों का विद्युतीकरण मार्च के अंत तक 5000 रूट किलोमीटर को छू ले। वित्तीय वर्ष के शेष बचे हुए दिनों में अनेक महत्वपूर्ण रेल खण्डों का विद्युतीकरण होना है और इसके लिए क्षेत्रीय रेलवे और प्रदेश एजेंसियों के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए कार्यों की हर स्तर पर गहन निगरानी की जा रही है । कोर के महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार ने अहमदाबाद परियोजना को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी है।



विद्युतीकरण मार्च के अंत तक 5000 रूट किलोमीटर को छू ले। वित्तीय वर्ष के शेष बचे हुए दिनों में अनेक महत्वपूर्ण रेल खण्डों का विद्युतीकरण होना है

# यूपी: पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिशों को मंजूरी

## नगर निकाय चुनाव: आयोग की सिफारिशों को दो दिन के अंदर सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत करेगी योगी सरकार

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
**नगर** निकाय चुनाव को लेकर गठित पिछड़ा वर्ग आयोग की सिफारिशों को योगी सरकार ने मंजूरी प्रदान कर दी है। मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद सरकार ने ये निर्णय लिया है। प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने लोकभवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि निकाय चुनाव को लेकर पांच दिसम्बर को अधिसूचना जारी हुई थी। इसके बाद कुछ याचिकाएं उच्च न्यायालय में दाखिल की गयीं, जिस पर न्यायालय ने आरक्षण की प्रक्रिया को समर्पित आयोग बनाकर जांचने के आदेश दिये थे। एके शर्मा ने बताया कि 27 दिसम्बर को उच्च न्यायालय का आदेश आया था, जिसके अगले ही दिन 28 दिसम्बर को प्रदेश सरकार ने सेवानिवृत न्यायमूर्ति रामअवतार सिंह की





अध्यक्षता में पांच सदस्यीय "उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग" का गठन किया। आयोग को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए छह माह का समय दिया गया था। आयोग ने आधे से भी कम समय में अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंप दी है। इस रिपोर्ट को मंत्रिपरिषद की ओर से स्वीकार कर लिया गया है। शर्मा ने बताया चूंकि राज्य सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट भी गई थी। मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में है और इसपर अगली सुनवाई आगामी 11 अप्रैल को होनी है। ऐसे में आयोग की रिपोर्ट को सरकार की ओर से अगले दो दिन के अंदर सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के निदेशों के अनुसार ही हम इसमें आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निकाय चुनाव में ओबीसी वर्ग को सम्पूर्ण रिजर्वेशन देने के लिए पहले भी प्रतिबद्ध थी और आगे भी इसमें कोई दिक्कत होती नहीं दिख रही है।

**अयोध्या: वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के प्रस्ताव को मंजूरी:** अयोध्या में भगवान राम का भव्य और दिव्य मंदिर बनकर तैयार हो रहा है। अगले साल के प्रथम माह में इसका लोकार्पण प्रस्तावित है। निश्चत तौर पर मंदिर के आम लोगों के लिए खुल जाने पर यहां पर्यटकों का आगमन बढ़ना तय है। प्रदेश सरकार का अनुमान है कि मंदिर खुलने के साथ ही न सिर्फ प्रदेश से बल्कि पूरे देश और दुनिया से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होगा।

ऐसे में योगी सरकार की मंत्रिपरिषद ने अयोध्या में वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

### उत्तर प्रदेश खेल नीति 2023 को मिली मंजूरी

**जयवीर** सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश खेल नीति 2023 को मंत्रिपरिषद की मंजूरी मिली है। इस नीति के तहत कॉलेजों को जोड़ने का कार्य किया जाएगा। सभी जरूरी बातों को ध्यान रखकर यह नीति तैयार की गयी है। युवाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि खेलो इंडिया का आयोजन उत्तर प्रदेश में करने के लिए समितियों के गठन का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के बच्चों की खेल क्षेत्र में प्रतिभा निखारने के लिए ग्रामीण स्टेडियम और जिम निर्माण के लिए एक नीति बनाई जाएगी। रामनगरी अयोध्या के धार्मिक स्थलों को विकसित किये जाने संबंधी आए प्रस्तावों को भी कैबिनेट से मंजूरी मिली है। श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखा गया है। इसके साथ ही 15 साल से पुराने वाहनों को समाप्त करने के लिए उप्र सरकार नई स्क्रैप पालिसी लेकर आएगी।

## न्यूज फ्लैश

### तृणमूल कांग्रेस नेता अणुब्रत मंडल की ईडी हिरासत 11 दिन बढ़ी

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने करोड़ों रुपये की पशु तस्करी मामले के आरोपित और तृणमूल कांग्रेस नेता अणुब्रत मंडल की 11 दिनों की ईडी हिरासत बढ़ा दी है। आज मंडल की ईडी हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था। पेशी के दौरान ईडी ने मंडल की 11 दिनों की हिरासत की मांग की। ईडी ने कहा कि जांच में देरी किए जाने की पूरी कोशिश की गई। इसके लिए कई तरह की याचिकाएं भी दाखिल की गईं, ताकि जांच में देरी हो। सुनवाई के दौरान मंडल की ओर से वकील मुदित जैन ने ईडी की हिरासत बढ़ाए जाने का विरोध करते हुए कहा कि सभी पूछताछ पूरी हो चुकी है। अब आगे हिरासत की कोई जरूरत नहीं है। ईडी ने दो दिन की हिरासत में सिर्फ दो ही घंटे पूछताछ की फिर किस आधार पर वो हिरासत मांग रहा है। मुदित जैन ने कहा कि अबतक की पूछताछ का रिकॉर्ड कोर्ट के सामने क्यों नहीं पेश किया जा रहा है। उसे रिकॉर्ड पर क्यों नहीं लाया जा रहा है। जैन ने कहा कि ईडी की मंशा पूछताछ करने की नहीं, बल्कि हिरासत में रखने की है। उन्होंने ईडी पर आरोप लगाया कि वह केवल अपनी बात आरोपित से जबरन कहलवाना चाहती है। मंडल की तरफ से उसकी हिरासत का विरोध करते हुए कहा गया कि दिल्ली हाई कोर्ट के नियम कहते हैं कि ईडी को हिरासत की जरूरत क्यों है, उन्हें इसकी वजह दिखानी होगी। ईडी ने दो दिन की हिरासत का ब्यौरा देते हुए कहा कि कोलकाता से लाकर आरएमएल अस्पताल में मेडिकल चेकअप चेकअप कराया गया। अणुब्रत तो केवल बांग्ला ही जानते हैं। उनको हिन्दी, अंग्रेजी नहीं आती है, इसलिए उन्हें बांग्ला अनुवादक की जरूरत थी, जिसकी व्यवस्था की गई तब उनसे पूछताछ शुरू हुई। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने 8 मार्च को मंडल को आज तक की ईडी हिरासत में भेजा था। ईडी 7 मार्च की रात को मंडल को कोलकाता से लेकर दिल्ली आई थी। 19 दिसंबर, 2022 को अणुब्रत मंडल को पश्चिम बंगाल से पूछताछ के लिए दिल्ली लेकर आने के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी किया गया था। मंडल को इस मामले में सीबीआई ने 11 जुलाई, 2022 को गिरफ्तार किया था। ईडी ने मंडल को 17 नवंबर, 2022 को आसनसोल जेल से गिरफ्तार किया था। ईडी ने मंडल से आसनसोल जेल में पूछताछ की थी।

### जवानों ने खाई से सात लोगों को निकाला

**मसूरी/नई दिल्ली।** उत्तराखंड के मसूरी में एक खाई से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने सात लोगों को बचाया। शुक्रवार सुबह करीब 11:50 बजे भट्टा गांव के पास मसूरी झील के आगे सड़क के मोड़ से एक कार के गिरने की सूचना मिली। आईटीबीपी के प्रवक्ता विवेक पांडेय ने बताया कि बचाए गए लोगों में चार पुरुष के साथ दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। कार नियंत्रण खोने और कई बार पलटने के बाद 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। मसूरी में आईटीबीपी अकादमी से टीम दुर्घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय पुलिस और ग्रामीणों की मदद से बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायल यात्रियों को टीम ने खाई से बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार दिया। इन सभी को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। बचाए गए लोगों में से तीन की चिकित्सीय स्थिति गंभीर है। आईटीबीपी अपने सभी रैंकों में प्रशिक्षित पर्वतारोहियों के साथ पर्वतीय बचाव कार्यों में विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध है और आपदा की स्थिति में राहत और बचाव कार्यों को पूरा करने के लिए हिमालयी क्षेत्र में इसके 8 क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र (आरआरसीएस) हैं।

## 'नए भारत में कृषि वैज्ञानिकों की भूमिका महत्वपूर्ण'




**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) दुनिया का सबसे बड़ा व व्यापक अनुसंधान संस्थान है। संस्थान की अब तक की प्रगति प्रशंसनीय है। चाहे उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करना हो, उत्पादकता बढ़ानी हो या जलवायु अनुकूल फसलें उत्पन्न करने की चुनौती हो, हर क्षेत्र में हमारे कृषि वैज्ञानिकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तोमर ने शुक्रवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद सोसाइटी की 94वीं आम बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्राचीन काल में परंपरागत खेती के बाद कृषि के क्षेत्र की प्रगति में किसानों के परिश्रम के साथ ही वैज्ञानिकों का अनुसंधान मील का पत्थर साबित हुआ है। अब तक यह यात्रा संतोषजनक रही है, लेकिन देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने के लिए वर्ष 2047 तक अमृत काल की चुनौतियों का समाधान, उन पर विजय प्राप्त करना हमारा लक्ष्य है। तोमर ने कहा कि वर्ष 2047 तक नए भारत को गढ़ने का लक्ष्य है। नए भारत के लिए नया विज्ञान, अनुसंधान, नया कौशल और नया इनोवेशन चाहिए क्योंकि आने वाला कल नए भारत का है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि उत्पादों का 04 लाख करोड़ रु. से अधिक का निर्यात हुआ है, जो अब तक का सबसे अधिक है। आने वाले समय में प्राकृतिक खेती व जैविक खेती के हमारे उत्पाद दुनिया में और भी ज्यादा लोकप्रिय होने वाले हैं। भविष्य में हमारा निर्यात और बढ़ेगा, ऐसा विश्वास लेकर काम करने की जरूरत है।



ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी एल्बनीज और पीएम नरेंद्र मोदी दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता में हिस्सा लेते हुए।

## 'भ्रष्टाचार में लिप्त है पूरी आप'

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**कांग्रेस ने** कहा है कि आम आदमी पार्टी (आप) पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त है। यह पार्टी सिर्फ नाम की ईमानदार पार्टी रह गई है। कांग्रेस प्रवक्ता अलका लांबा ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि आप भ्रष्टाचार के विरोध में उपजी पार्टी है, लेकिन पंजाब से लेकर दिल्ली तक आप के कई नेता भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए हैं। अलका ने कहा कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन, गीता रावत, संदीप रावत सहित दिल्ली और पंजाब के कई नेता भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए हैं, लेकिन मुख्यमंत्री अरविंद

**कांग्रेस हमलावर**

**▪ मनीष सिसोदिया ही अरविंद केजरीवाल के राजदार हैं, जो ज्यादा वक्त तक चुप नहीं रह पाएंगे**

केजरीवाल खुद को कट्टर ईमानदार कहते हैं।

आगे अलका ने कहा कि गिरफ्तार हुए मनीष सिसोदिया ही अरविंद केजरीवाल के राजदार हैं, जो ज्यादा वक्त तक चुप नहीं रह पाएंगे। जिस दिन उनकी चुप्पी टूटेगी, वह अरविंद केजरीवाल की कुर्सी तक पहुंचेगी, क्योंकि शराब नीति से जुड़े फैसले मुख्यमंत्री की जानकारी में हो रहे थे।

## बीएसएफ में पूर्व अग्निवीरों को मिलेगा 10 फीसदी आरक्षण

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने आज अग्निवीरों को लेकर एक और बड़ी घोषणा की है। सरकार ने बीएसएफ के भीतर रिक्तियों में पूर्व-अग्निवीरों के लिए 10 फीसद आरक्षण की घोषणा की है। इसी के साथ ही ऊपरी आयु-सीमा मानदंडों में भी छूट की घोषणा की गई है। गृह मंत्रालय (एमएचए) ने सीमा सुरक्षा बल अधिनियम, 1968 (1968 का 47) की धारा 141 की उप-धारा (2) के खंड (बी) और (सी) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गुरुवार को जारी एक अधिसूचना के माध्यम से यह घोषणा की।

## डिजिटल इंडिया एक्ट से हटेगा 'सेफ हार्बर' नियम!

**बेंगलुरू/टीम एक्शन इंडिया**
**केंद्र** सरकार ने डिजिटल इंडिया एक्ट 2023 की औपचारिक रूपरेखा पेश कर दी है। सरकार इंटरनेट मध्यस्थ के तौर पर काम करने वाले किसी भी थर्ड पार्टी को उनकी वेबसाइट पर की गई पोस्ट के लिए उत्तरदायी बनाने पर काम कर रही है। सरकार जल्द ही 'सेफ हार्बर' नियम को हटाने पर विचार कर रही है। इसके लिए सरकार डिजिटल इंडिया बिल लाकर कानूनों को बदलने जा रही है।



**सेफ हार्बर की अब जरूरत नहीं:** इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सेफ हार्बर के पीछे तर्क यह था कि इंटरनेट प्लेटफॉर्म के पास कोई अन्य उपभोक्ता द्वारा बनाई गई सामग्री पर कोई शक्ति या नियंत्रण नहीं है। इसलिए उसे इस नियम के तहत सुरक्षा प्रदान की गई थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है।




**पूर्ण बजट पेश**

**स्कूलों का काम मैनेजर देखेंगे, टीचर सिर्फ पढ़ाएंगे, 2.5 लाख जॉब मिलेंगी**

## पंजाब बजट में न नया टैक्स, न कोई छूट

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
**पंजाब** में मुख्यमंत्री भगवंत मान की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने शुक्रवार को विधानसभा में अपना पहला पूर्ण बजट पेश किया। इसमें न तो कोई नया टैक्स लगाया गया और न ही किसी तरह की छूट दी गई। राज्य के वित्तमंत्री हरपाल सिंह चीमा ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पंजाब का कुल 1 लाख 96 हजार 462 करोड़ रुपए का बजट पेश किया जो पिछले साल से 26% ज्यादा रहा। 2022-23 में पंजाब का कुल बजट एक लाख 55 हजार 860 करोड़ रुपए



का था। सरकार का सबसे ज्यादा फोकस एजुकेशन और हेल्थ सेक्टर पर रहा। स्कूलों में पहली बार एस्टेट मैनेजर लगाने का ऐलान किया गया जो वहां का रूटीन कामकाज देखेंगे। वित्तमंत्री ने कहा कि एस्टेट मैनेजर लगने के बाद टीचर्स सिर्फ पढ़ाने पर फोकस करेंगे जिससे एजुकेशन का लेवल सुधरेगा। बजट में पंजाब की बॉर्डर बेल्ट के लिए पहली बार 40 करोड़ रुपए देने का दावा किया गया। वित्तमंत्री ने इंडस्ट्री के लिए 5 नई स्कीम के साथ-साथ 147 नए मोहल्ला क्लीनिक और होशियारपुर-कपूरथला में नए मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की। उन्होंने ढाई लाख नौकरियां देने की बात भी कही। आप सरकार के इस पहले पूर्ण बजट में राज्य की 18 साल से अधिक उम्र की हर महिला को हर महीने एक हजार रुपए देने की केजरीवाल की गारंटी को लेकर कोई जिक्र नहीं किया गया।